

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर प



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 मैं एमएस धोनी से बात नही करता, 10 साल हो गए है....

बीआरआई पर चीन ने नेपाल के प्रस्ताव को किया खारिज... 12



वर्ष : 12 | अंक : 231 | पटना, गुरूवार, 05 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## विस में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के विधायक दल के नेता चुने गये

# फडणवीस बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ

प्रात: किरण

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति के नेता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र फड़नवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। श्री फड़नवीस को आज यहां विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के विधायक दल का नेता चुना गया। महायुति में शामिल शिवसेना के नेता एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने पहले ही भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ एकजुटता से काम करने की घोषणा की है। भाजपा के पर्यवेक्षक के रूप में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौजूदगी में भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगंटीवार ने पार्टी के 132 विधायकों के सामने श्री फड़नवीस के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका पंकजा मुंडे एवं कई अन्य विधायकों ने पूरे उत्साह से अनुमोदन किया। श्री रूपाणी ने विधायकों से पूछा कि यदि उनके मन में किसी और के नाम का प्रस्ताव है तो वे रखें लेकिन सभी विधायकों ने एकस्वर से फड़नवीस के नाम पर सहमति जतायी। इसके बाद फड़नवीस को नेता चुने जाने की घोषणा की गयी। नेता चुने जाने के बाद सीतारमण, रूपाणी, चंद्रकांत पाटिल, मुनगंटीवार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े आदि नेताओं ने फड़नवीस का अभिनंदन किया और उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री होने की बधाई दी। श्री फड़नवीस ने भी विनम्रता पूर्वक सबका आभार ज्ञापन किया। सूत्रों के अनुसार महायुति सरकार का शपथग्रहण समारोह गुरुवार को आजाद मैदान में होने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ शिवसेना एवं राकांपा से दो उप मुख्यमंत्री भी शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 सीटों में से महायुति को 230 सीटें प्राप्त हुईं हैं जिनमें से भाजपा ने 132 सीटें जीती है, तो श्री एकनाथ की अगुवाई वाली शिवसेना को 57 और अजीत पवार की राकांपा को 41 सीटें मिली हैं। इस तरह भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और इस बार मुख्यमंत्री पद भाजपा को स्वाभाविक रूप से मिलना तय हुआ है।



### लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना चुनौतीपूर्ण होगा: फडणवीस

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी नेता देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस ने बुधवार को नई सरकार के समक्ष चुनौतियों को रेखांकित किया और कहा कि लोगों की उम्मीदों को पूरा करना असली चुनौती होगी। बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण समारोह से पहले राज्य भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हमें और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। लोगों ने हमसे जो उम्मीदें की हैं उसे पूरा करना चुनौतीपूर्ण होगा। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हमें अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए फडणवीस ने कहा कि उन्होंने मुझ जैसे व्यक्ति को जिसने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम किया है, उसे तीसरी बार इस भूमिका में सेवा करने के लिए चुना। एक हैं तो सेफ हैं और मोदी हैं तो मुमकिन है।

### महायुति में कोई छोटा और बड़ा नहीं : शिंदे

शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज हमने राज्यपाल को मिलकर सरकार बनाने की अनुमति मांगी है। राज्यपाल महोदय ने अनुमति दे दी है। बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह होगा। देवेंद्र मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। हमने उनको समर्थन दिया है। उनको शुभकामनाएं। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को मैंने फैसला बता दिया था। मैंने पूर्ण समर्थन की घोषणा पहले ही कर दी थी। इतिहास में इतना भारी बहुमत किसी को नहीं मिला है। महाराष्ट्र की बहनों ने हमारा साथ दिया। हमने ढाई साल जनता के लिए काम किया। एमवीए ने जो काम रोके उसे हम आगे ले गए। हमने कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। डबल इंजन की सरकार से जनता को फायदा हुआ। महायुति में कोई छोटा और बड़ा नहीं है। हम एक टीम के तौर पर काम करेंगे। नई सरकार को अधिक काम करना होगा। एनसीपी नेता अजित पवार ने कहा कि हम सर्वोत्तम राज्य बनाने का प्रयास करेंगे। दिल्ली मैं किसी निजी काम से गया था। हम अच्छी सरकार देंगे। मैं तो शपथ लेने वाला हूं।

### राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा किया पेश

पटना। महायुति के नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा ठोका। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। उनके साथ पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और विजय रूपानी भी मौजूद थे। राज्यपाल ने महायुति को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। महाराष्ट्र के भावी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, हमने राज्यपाल से मुलाकात की है और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा है। फडणवीस ने बताया, हमारे गठबंधन सहयोगी शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि मुझे महायुति के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाए। राज्यपाल ने सभी अनुरोध स्वीकार कर लिए हैं और हमें कल शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है।

### मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री लेंगे शपथ

मुंबई। शिवसेना नेता उदय सामंत ने बुधवार को कहा कि पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में केवल मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री ही शपथ लेंगे। सामंत ने कहा कि मंत्रिमंडल और विभागों के संबंध में निर्णय बाद में लिया जाएगा। सामंत ने कहा कि शिवसेना कार्यकताओं, विधायकों और सांसदों की इच्छा है कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। उन्होंने संकेत दिए कि शिंदे शायद इस पद के लिए उत्सुक नहीं हैं। शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। सामंत ने संवाददाताओं से कहा, मेरे पास अब जो जानकारी है उसके अनुसार मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री शपथ लेंगे।

# सुखबीर सिंह बादल पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

## पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम पर हमला करने वाला गिरफ्तार

### स्वर्ण मंदिर के बाहर सेवा देने के दौरान हुआ हमला

प्रात: किरण

अमृतसर। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर बुधवार को एक पूर्व आतंकवादी ने उस समय गोली चलाने का प्रयास किया जब वह स्वर्ण मंदिर के बाहर सेवादार के रूप में सेवाएं दे रहे थे। इस दौरान सादा वर्दी में मौजूद एक पुलिसकर्मी द्वारा आरोपी को काबू में किए जाने से उसका निशाना चूक गया और बादल बाल-बाल बच गए। पंजाब में शिअद सरकार द्वारा 2007 से 2017 तक की गई गलतियों के लिए स्वर्ण मंदिर में सेवादार के रूप में बादल की सजा का यह दूसरा दिन था, जिसे कवर करने पहुंचे मीडियाकर्मियों के कैमरे में हमले का पूरा दृश्य रिकॉर्ड हो गया। टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित दृश्यों में बादल एक पैर में फ्रैक्चर के चलते व्हीलचेयर पर बैठकर सेवा करते दिखते हैं। हमलावर धीरे-धीरे उनकी ओर बढ़ता दिखता है और अपनी जेब से हथियार निकालता है। इस बीच, बादल के पास सादा कपड़ों में खड़े एक पुलिस अधिकारी ने तुरंत हमलावर के हाथ पकड़ लिए। इस दौरान चली एक गोली बादल के पीछे की दीवार पर लगी। घटना में वह बाल-बाल बच गए। इसके बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्य बल के सदस्य भी बचाव करने लगे। बादल को जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। पुलिस ने हमलावर की पहचान डेरा बाबा नानक निवासी और पूर्व आतंकवादी नारायण सिंह चौरा के रूप में की तथा हमले के बाद सुरक्षा अधिकारी उसे वहां से ले गए। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पुलिस की सतर्कता से यह हमला विफल हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस के एक अधिकारी ने चौरा के आगे बढ़ते समय इस ओर ध्यान दिया कि वह एक पूर्व आतंकवादी है और उसका आपराधिक इतिहास रहा है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने जब हथियार निकाला तो पुलिस अधिकारी ने उसके हाथ पकड़ लिए जिससे निशाना चूक गया। भुल्लर ने कहा, नारायण सिंह चौरा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हमले में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जाएगी। भुल्लर ने कहा कि चौरा स्वर्ण मंदिर में अकेले ही आया था और उससे पूछताछ के बाद हमले के मकसद का पता लगाया जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि स्वर्ण मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त है लेकिन धार्मिक भावनाओं से जुड़े होने के कारण पुलिस तलाशी नहीं ले सकती।

### गरीबों के लिए सौर ऊर्जा की कई योजनाएं उपलब्ध: सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने कहा है कि गरीबों और आदिवासी क्षेत्रों के अत्यधिक गरीब लोगों को सौर ऊर्जा जैसी कई योजनाएं उपलब्ध हैं और ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य मुफ्त बिजली जैसी योजना का लाभ लेना चाहिए। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने गरीब से गरीब व्यक्ति को बिजली उपलब्ध कराने के लिए पीएम सौर ऊर्जा योजना बनाई हैं और इनका निशुल्क लाभ देश के आदिवासी तथा दूसरे क्षेत्र के सभी गरीबों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को पक्के घर दिए जा रहे हैं और उसके तहत हर घर के ऊपर एक किलोवाट अक्षय ऊर्जा पैदा कराने की सुविधा भी दी जा रही हैं। इस योजना से गरीब बिजली पैदा कर सकता है और उसमें जो बिजली बचे, उस ऊर्जा को वह सरकार को बेच कर लाभ कमा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में ग्राम उत्कर्ष अभियोजना चलाई जा रही है। इसके साथ ही सबको बिजली देने की और भी कई योजनाएं हैं जिसका लाभ आदिवासी क्षेत्र के गरीबों को लेना चाहिए। इसके अलावा पीएम सूर्य बिजली मुक्ति योजना भी है, जिसका लाभ आदिवासियों को लेना चाहिए। इस योजना का उपयोग कर गरीब को फ्री में बिजली उपलब्ध हो सकेगी।




देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# फेसबुक पर हथियार व गोली का लाइव वीडियो अपलोड करना पड़ा महंगा

## बारात में उद्दंडता व हर्ष फायरिंग कर और डराकर करता था छिनतई

■ दो देसी कट्टा, 10 गोली व चार मोबाइल किया गया जब्त

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । शादी विवाह के मौके पर उदंडता करना, हर्ष फायरिंग कर छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करना दो युवकों को खासा महंगा पड़ गया। पुलिस ने आईडी का पता करते हुए पहले दो लोगों को गिरफ्तार किया। फिर उन दोनों की निशानदेही पर दो अन्य लोगों को भी यानी कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सबों के पास से दो देसी कट्टा, 10 गोली और चार एंड्राएड मोबाइल जब्त किया गया है।गिरफ्तार राजेश कुमार उर्फ जस्सो गोप और उपेला माहुरी उर्फ रूपेंद्र कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।यह जानकारी आरक्षी उपाधीक्षक-2 डॉ गौरव कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी। उन्होंने बताया कि डीआईजी सह एसएसपी के निर्देशन में सिटी एसपी ईस्ट की निगरानी में शादी-विवाह के अवसर पर होने वाले उद्दंडता, हर्ष फायरिंग तथा सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाने वाले अपराधी कृत की जांच-पड़ताल लगातार की जा रही थी।इसी दौरान तीन दिसंबर को सोशल मीडिया फेसबुक पर गोलू कुमार नामक व्यक्ति के द्वारा अपने आईडी से हथियार और गोली का लाइव वीडियो वायरल किया गया। यह डीएसपी-2 के संज्ञान में आया। इसके बाद उनके द्वारा सोशल मीडिया पटना सेल से संपर्क कर पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मालसलामी राजकुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। वायरल वीडियो का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।इसके बाद सोशल मीडिया सेल पटना से तालमेल स्थापित करते हुए थानाध्यक्ष और



उनकी टीम के द्वारा गाड़ीवान टोला में वीडियो अपलोड करने वाले गोलू कुमार एवं उपेला माहुरी उर्फ रूपेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। उन दोनों के पास से एक देसी कट्टा और आठ गोली बरामद किया गया। दोनों से पूछताछ की गई, तो दोनों के द्वारा बताया गया कि राजेश कुमार उर्फ जस्सो गोप एवं सूरज कुमार से वे सब उक्त हथियार खरीद किए हैं। वह सब निकलने वाले बारात में शामिल बारातियों को डराने, धमकाने और उसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए थे। पकड़ा गया गोलू कुमार एवं उपेला माहुरी उर्फ रूपेंद्र कुमार की निशानदेही पर पहले नुरुद्दीनगंज घाट से सूरज कुमार पिता योगेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया गया।इसके बाद उसके साथी राजेश कुमार उर्फ जस्सो गोप के घर छापेमारी की गई। उसके घर से एक देसी कट्टा और दो गोली के साथ राजेश को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार चारों के द्वारा बताया गया कि हथियार का भय दिखाकर वह सब राहगीरों से छिनतोरी की घटना को अंजाम देने का काम करते हैं। इस संबंध में मालसलामी में थाना में कांड संख्या 558/24 दर्ज किया गया है।

राजेश कुमार उर्फ जस्सो गोप, जो बुंदेल टोली, नवाबगंज का रहने वाला है, पर मालसलामी थाना में छह कांड दर्ज है। इसमें हत्या की साजिश करना, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में 6 मई, 20 को कांड 132, 17 सितंबर, 21 को कांड 449, 26 दिसंबर, 21 को कांड 614, सात दिसंबर, 22 को कांड 696, एक जुलाई, 22 को कांड 351 और 15 जुलाई, 22 को कांड 514 दर्ज है। इसी तरह से नगला गाड़ीवान टोला का रहने वाला उपेला माहुरी उर्फ रूपेंद्र पर मालसलामी थाना में पांच मामला दर्ज है। इसमें हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, उत्पाद अधिनियम आदि शामिल है। इसमें 26 दिसंबर 21 को कांड 614, 16 नवंबर 20 को कांड 278, छह मई 20 को कांड 132, 12 अप्रैल 22 को कांड 203 और 15 सितंबर 22 को कांड 514 दर्ज है।

गाड़ीवान टोला के गोलू कुमार पर मालसलामी थाना में 12 अप्रैल 22 को कांड 203 उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज है, तो सूरज कुमार पर इसी थाना में 25 फरवरी 21 को कांड 88 उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज है। डीएसपी तो डॉ गौरव कुमार की निगरानी में गठित छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजकुमार सिंह, परि एसआई अमित कुमार, गुड़िया कुमारी, एएसआई संजय कुमार, सिपाही मनोर कुमार, संतोष कुमार संतोष कुमार यादव संजीत कुमार और दीपक कुमार शामिल थे।

# कैट के तत्वाधान में व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन 22 को : अशोक

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बिहार का वाट्स अप से व्यापार का महासम्मेलन सासाराम रोहतास के सत्यम पैलेस में 22 दिसंबर रविवार को आयोजन होगा जिसमें कैट के राष्ट्रीय सचिन सह सांसद माननीय प्रवीण खंडेलवाल, एआईजेजीएफ राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय पंकज अरोड़ा व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा सहित कई पदाधिकारी शामिल होंगे इसकी जानकारी देते हुए कैट के रोहतास जिला प्रभारी पुनीत अग्रवाल ने बताया कि 22 दिसंबर को सत्यम पैलेस में व्यवसाय संगठन कैट के तत्वावधान में व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों की संख्या में व्यापारी शामिल होंगे इस महासम्मेलन में व्यवसाईयों को व्यवसाय करने की नई तकनीकी और तरीके बताए जाएंगे व्हाट्स एप के माध्यम से अपना व्यवसाय को कैसे बढ़ाए बताया जाएगा इसके अलावा व्यापारियों को कई तरीके बताए जाएंगे जिससे वह अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ा सके साथ ही उनके व्यापार पर विस्तृत चर्चा भी होगी।इस सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी गई है । साथ ही टेक्सटाइल महाकुंभ का भी आयोजन होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध 130 टेक्सटाइल कंपनियां अपने उत्पाद के साथ भाग लेंगी जहां एक ही जगह इन कंपनियों के साड़ी सूट लहंगा रेडीमेड कपड़े कटपीस कपड़े सहित अन्य कपड़े की प्रदर्शनी भी लगेगी जहां व्यवसायी कपड़ा पसंद कर यहीं से ऑर्डर देकर कपड़ा मंगा सकते हैं इससे उनको एक ही छत के नीचे 130 कंपनियों के उत्पाद को देखने का और आर्डर का लाभ मिलेगा इससे उन्हें बाहर खरीदारी के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए अभी से ही तैयारी जोर-जोर से शुरू कर दी गई है।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बिहार के सभी जिलों के सम्मानित कैट के जिलाध्यक्षों, प्रमंडलीय अध्यक्ष रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल में शिक्षक की बिगड़ी तबियत, मौत

प्रातः किरण संवाददाता

मसौढ़ी।प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नागस्थान के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय कुमार मिश्र की मौत बुधवार को अचानक हो गई।जिससे परिजन समेत शिक्षा जगत शोकाकुल हो गया।जानकारी के मुताबिक विनय कुमार मिश्र अपने पैतृक गांव पितमास से विद्यालय आ रहे थे, जैसे ही उन्होंने विद्यालय के पास पहुंचे तो अचानक गिर गए और बेहोश हो गए,विद्यालय के और शिक्षकों के द्वारा इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उनकी मौत हो गई।इस घटना के बाद परिवार पर गम का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई है।मसौढ़ी शिक्षक संघ ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

### दबंगों ने महिला दुकानदार से किया मारपीट और छीने पैसे

फतुहा। बुधवार को थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी कविता देवी ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है कि मैं चाय नास्ता का दूकान बाल नाथ मंदिर इंडस्ट्रियल एरिया रायपुरा के पास चलाती हूँ। बुधवार की सुबह तीन-चार दबंगों ने मेरे दूकान पर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज करने लगा जब मैंने विरोध किया तो मेरे साथ मारपुट करना शुरू कर दिया और दूकान का सारा समान फेंकने लगा और गर्म दूध चुल्हा पर था उसे भी फेंक दिया और जबरन दूकान के गल्ले में रखे पांच हजार रुपया और चांदी का दो लॉकेट सोने की कान की बाली जबरन छीन लिया और दूकान बंद करने और जान मारने की धमकी देने लगा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चाइल्ड हेल्थ केयर को लक्ष्य के अनुरूप अपग्रेड किया जाएगा

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के महिला प्रसूति विभाग में मैट्नल चाइल्ड हेल्थ केयर अपग्रेड के तहत तीन दिनों का प्रशिक्षण का समापन हो गया। कार्यक्रम की नोडल पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी सिन्हा के संचालन में चले प्रशिक्षण में राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के डॉ सरिता सिम्बा, यूएनएफपीए के राज्य प्रमुख ख्वाजा सादात नूर, पीसीआई के राज्य प्रमुख डॉ राकेश झा और डॉ समति सरकार सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ दीप्ति राय ने की। तीन दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सक, नर्स व पारा मेडिकल कर्मी व ओटी सहायक को प्रशिक्षण देने के लिए हैदराबाद से आयी डॉ भावना गुलाटी व डॉ पूनम शामिल हुई थीं। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मैट्नल चाइल्ड हेल्थ केयर (एमसीएच ) को लक्ष्य के तहत अपग्रेड किया जाएगा। इसी को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ, जिसका समापन बुधवार को हो गया।

### पूर्व डिप्टी सीएम प्रकाश बादल पर गोली चलाने की निंदा

पटना सिटी (प्राकि)। श्री अकाल तख्त साहेब के मुख्य द्वार पर अकाली दल सुप्रीमो व पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल पर गोली चलाई गई, उसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। श्री बादल, जो कि पंज सिंह साहेबानो द्वारा दी हुई अपनी सजा पूरा रहे थे। उसी दौरान नरैन सिंह चौड़ा द्वारा उन पर हमला करना व गोली चलाना बहुत ही निंदनीय घटना है। तक्ष श्री हरि मंदिर की पटना साहिब के सेवादार कल्याण समिति के संरक्षक बलराम सिंह अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह बंटी वह ग्रंथी अजायब सिंह ने पंजाब और केंद्र की सरकार से आग्रह किया कि इस घटना की जांच कराई जाए।

# खिड़की के ग्रील काटकर हजार रुपए नगद समेत लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनीविगहा गांव समीप बीते रात बेखौफ चोरों ने महर्षि मेही नगर में रहने वाले रेल कर्मी चरित्र सिंह के घर के खिड़की का ग्रील काटकर लगभग 53 हजार नगद समेत 58 लाख लगभग के कीमती जेवरात चोरी कर के फरार हो गया इस संबंध में चरित्र सिंह ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध लिखित शिकायत की है

पीड़ित ने बताया कि विगत 2 दिसम्बर की दोपहर अपने मकान को बंद कर अपनी भतीजी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूरे



परिवार के साथ दुल्हिन बाजार के डुमरी गांव में गये थे।3 दिसम्बर को शादी थी। बुधवार की सुबह अपने परिवार के साथ मकान पर लौटे। मकान का ताला खोलकर अंदर गये तो कमरे के हालत देख भौचक रह गये। नीचे के तल एवं पहली व दूसरी मंजिल पर मौजूद सभी कमरे का ताला टूटा हुआ था। सभी 6 कमरे में रखे 7 आलमिरा का लॉक टूटा हुआ था और सारा सामान फर्स पर बिखरा पड़ा था। सभी आलमिरा में रखे चार बहुओं एवं पत्नी के लगभग 58 लाख के सोने चांदी के जेवर व 53 हजार रुपए नगद चोरों ने चोरी कर लिये है। उन्होने बताया कि शादी समारोह में उनके सभी चार पुत्र, दो बैंक कर्मी, एक रेल कर्मी व एक बीएचयू में कार्यरत है वे

अपने परिवार के साथ आये हुए है।पीड़ित चरित्र सिंह के पुत्र संजीव कुमार ने बताया कि चोर मकान के पीछे वाले रास्ते में मौजूद खिड़की का ग्रील तोड़कर अंदर प्रवेश कर गये और बड़े आराम से सभी कमरे को खंगाल जेवरात की चोरी कर डाली। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि चोरी की वारदात हुई है। मामले की छानबीन किया जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रही है

# विवाह पंचमी पर श्री राम-जानकी विवाह महोत्सव की तैयारी पूरी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। श्री राम जानकी विवाह महोत्सव समिति द्वारा मैया सीता एवं श्री राम का भव्य विवाह की व्यवस्था की गई है। प्रेस वार्ता के दौरान संयोजक डॉ अजय प्रकाश, अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा, संस्थापक महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार एवं स्वागताध्यक्ष नारायण प्रकाश साह ने बुधवार को संयुक्त रूप से बताया कि मच्छरहट्टा स्थित प्राचीन श्री काले हनुमान मंदिर में विवाह की रस्म शुरू हो गई है।तिलक एवं हल्दी कुटाई के बाद पांच दिसंबर को मड़वा एवं मटकोर के रस्म में सैकड़ों महिलाएं शामिल होंगी। छह दिसंबर को रथ पर बैठ कर श्री राम की आकर्षक झांकी एवं बैंड बाजे के साथ हजारों बाराती महिलाएं, पुरुष श्रद्धालुगण निकलेंगे। यह बारात गुरु गोविंद सिंह पथ सिटी स्टेशन रोड, मोर्चा रोड, हाजीगंज, झाऊगंज, शहीद भगत सिंह चौक, मच्छरहट्टा, खाजेकलां, गुरहट्टा के राय जय कृष्णा रोड से होते हुए बक्शी मोहल्ला स्थित श्री जानकी मंदिर पहुंचेगा। यहां समधी मिलन का अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने बारात के स्वागत की तैयारी की है। सीता मंदिर में शिव धनुष को तोड़कर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जयमाला मिथिलानंदनी सीता मैया के साथ होगा। इसे देखने को लोग उमड़ते हैं। झांकी के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया जाएगा। रात्रि में भव्य शुभ विवाह प्रकांड पंडितों के द्वारा कराया जाएगा। डॉ अजय प्रकाश एवं अरुण मिश्रा ने बताया कि आठ दिसंबर को सीता मंदिर से माता का विदाई कार्यक्रम दिन में होगा तथा संध्या में मैया सीता एवं भगवान श्री राम के विवाहोपरांत मच्छरहट्टा स्थित श्री काले हनुमान मंदिर में भव्य वर-वधू स्वागत समारोह कर भंडारा किया जाएगा। कांफ्रेंस में राजेश कुमार मिश्रा, भगवती मोदी, संजय कुमार दुबे, आकाश रजक, उषा सिंह, अपर्णा बाला, सीमा पांडेय, मोहित कुमार, शुभम कुमार, सत्यम कुमार आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं के प्रति हिंसा बंद कर उन्हें समान अधिकार देने कि संकल्प



प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जागरुकता का आयोजन मारवाड़ी मध्य विद्यालय में किया गया। सवेरा नशा ग्रस्त पुनर्वास केंद्र, ने नई चेतना अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम किया। यह कार्यक्रम मारवाड़ी मिडिल स्कूल के प्रांगण में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य चितरंजन कुमार ने की। पुनर्वास केंद्र की टीम में प्रसून सिन्हा, श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती वंदना कुमारी, श्री फूल कुमार झा (पीयर एजुकेटर) और श्री पवन कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरुकता फैलाना और समाज को इस दिशा में सशक्त बनाना है। श्री चितरंजन ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। श्री सिन्हा ने घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव और कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के बारे में बताया। श्रीमती रेखा ने महिलाओं के कानूनी अधिकार और उनके संरक्षण के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी।

श्रीमती वंदना ने हिंसा के शिकार लोगों को मानसिक और सामाजिक सहयोग देने पर बल दिया। श्री झा ने बताया की नशे की लत घर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देती है, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण होता है।इस दौरान छात्र-छात्राओं और उपस्थित अभिभावकों के साथ खुला संवाद सत्र हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने महिलाओं के प्रति हिंसा को समाप्त करने और उन्हें समान अधिकार देने के लिए संकल्प लिया।

# स्वास्थ्य जागरूकता के लिए सामुदायिक रेडियो की भूमिका महत्वपूर्ण

## सामुदायिक रेडियोकर्मियों का स्वास्थ्य विषय पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू



■ स्वैच्छिक संस्था स्मार्ट ने बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से किया है आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जनजागरूकता के लिए बुधवार को यहाँ राज्य के नौ सामुदायिक रेडियोकर्मियों का दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू हुआ. स्वैच्छिक संस्था सीकिंग मॉडर्न अप्लीकेशंस फॉर रियल ट्रांसफार्मेशन (स्मार्ट) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में रेडियो मयूर (छपरा), रेडियो गूँज (हाजीपुर), रेडियो मयूर (छपरा), रेडियो स्नेही (सीवान), रेडियो रिमझिम व रेडियो वर्षा (दोनों गोपालगंज) तथा रेडियो एक्टिव व रेडियो ग्रीन (दोनों भागलपुर) आदि के संचारकर्मी भाग ले रहे हैं. कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए स्मार्ट की संस्थापक निदेशक अर्चना कपूर ने कहा कि सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता के लिए और सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन का पहुंचाने में सामुदायिक रेडियो की बड़ी जिम्मेवारी है. कालाजार रोग और इसके उन्मूलन के बारे में राज्य के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (वेक्टर बोर्न डिजीज) डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि राज्य से कालाजार का उन्मूलन तकनीकी रूप से जरूर हो गया है. लेकिन इसका खतरा टला नहीं है. इसलिए सावधानी और सतर्कता अभी भी जरूरी है. इसलिए इसे लेकर समुदाय में निरन्तर संचार जरूरी है. सामुदायिक रेडियो की इसमें भूमिका बड़ी हो जाती है. उन्होंने साफ-सफाई रखने और जीवन-शैली में सुधार के लिए ह्लक्या करे और क्या न करेंह्व बताने का आग्रह किया.

टीबी रोग और इसके उन्मूलन के बारे में राज्य के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (वेक्टर बोर्न डिजीज) डॉ. बी. के. मिश्रा ने बताया कि टीबी कभी भी और किसी को भी हो सकता है. इसलिए किसी भी सर्दी-खाँसी को हल्के में लेकर टाले नहीं. टीबी का सम्बन्ध आपके खानपान से भी है. यदि पौष्टिक आहार नहीं है तो यह ज्यादा परेशान कर सकता है. इसलिए लोगों को उनको उनके व्यवहार परिवर्तन के बारे में भी समझाने की जरूरत है. उन्होंने बताया कि इसके उन्मूलन के लिए देशव्यापी प्रयास हो रहे हैं और कई योजनाएँ चल रही हैं. आम लोगों तक इसकी जानकारी पहुँचाना जरूरी है.

बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की कंट्री हेड (हेल्थ एण्ड जेंडर कम्युनिकेशन) पूजा सहगल ने बताया कि किसी भी नई योजना और कार्यक्रम को बनाने और उसे लागू करने में आरम्भ में परेशानी होती है. आम लोगों को इसके बारे में समझाने और उनको सहमत करने में शुरूआती दिक्कत आती है. ऐसे में सामुदायिक रेडियो अपने-अपने इलाके में जनमत निर्माण और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकते हैं. उन्होंने अपील की कि सही तथ्यों के साथ [illegible] प्रयोग करते हुए आम जनमानस और अपने श्रोताओं को सही जानकारी दें और प्रचार-प्रसार में सहयोग करें.

कार्यशाला में पिरामल के प्रशान्त कुमार सहित राकेश कुमार, स्वाति, संतोष कुमार, प्रवीण तिवारी आदि ने भी अलग-अलग विषयों पर विचार व्यक्त किये. कार्यशाला का संचालन स्मार्ट की संस्थापक निदेशक अर्चना कपूर ने किया.

# गुरुता गद्दी पर सजा दीवान, शहीदी पर्व पर कीर्तन हुआ समागम



प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी । दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन तख्तश्री पटना साहिब में किया गया। इस दौरान पिछले दो दिनों से चल रहे अखंड पाठ की समाप्ति हुई।इसके बाद विशेष दीवान दरबार साहिब में सजा।कथावाचक ज्ञानी दलजीत सिंह ने कथा कही।रागी जत्था भाई बिक्रम सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई जोगिंदर सिंह, भाई कविंदर सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई नविंदर सिह व अखंड कीर्तनी जत्थों की ओर से शबद कीर्तन किया गया। तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास किया। अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने संगतों को शस्त्र दर्शन कराया।वहीं सिख पंथ के नौवें गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 349वां शहीदी पर्व अखंड कीर्तनी जत्थों ने कीर्तन समागम किया।इस दौरान तख्त साहिब व गुरुद्वारा बाललीला में कीर्तन समागम हुआ।पंजाब के अमृतसर से बीबी सिमरन कौर, भाई रविंद्र सिंह, भाई अमृतपाल सिंह और गुरमीत सिह के नेतृत्व में तख्त साहिब में कीर्तन समागम हुआ। जत्था गुरुवार को गुरुद्वारा सिंघ सभा, गोविंद नगर चितकोहरा में और शाम को बाललीला गुरुद्वारा में कीर्तन करेगा। शहीदी पर्व के दिन तख्त साहिब में कीर्तन समागम होगा। सात को सुबह में कंगन घाट गुरुद्वारा में जत्थों की ओर से अखंड कीर्तन व रात को बाललीला में रैन सवाई कीर्तन (रात्रि जागरण) होगा। शहादत पर्व के दिन छह दिसंबर को कीर्तन बिलावल चौकी तख्त साहिब में आयोजित होगा। इसी दिन शहीदी पर्व पर विशेष दीवान सजेगा। इसे लेकर बुधवार को तख्त साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में रखा गया।

# फाइलेरिया उन्मूलन व जागरूकता के लिए रोगी हितधारक मंच का हुआ गठन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मसौढ़ी से फाइलेरिया बीमारी के उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। इस मुहिम को सफल और सशक्त बनाने के लिए सोमवार को मसौढ़ी के बलियारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सह रोगी हितधारक मंच (पीएसपी) का गठन किया गया। पीएसपी का गठन खरांट पंचायत के मुखिया लक्ष्मी देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। संचालन सामुदायिक हेल्थ अधिकारी (सीएचओ) अनामिका कुमारी ने किया। इस दौरान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पीएसपी के सदस्यों को फाइलेरिया के अलावे कालाजार, मलेरिया और टीवी जैसी बीमारी से बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी गयी। बता दें कि अब राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन के अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अहम होगी। जिसमें मुखिया,पंच,सरपंच, वार्ड सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हैं। वे स्थानीय स्तर पर आमजनों को फाइलेरिया के अलावे



अन्य कम्युनिकेबल बीमारी के बारे में बता कर जागरूक करेंगे। साथ ही फाइलेरिया मरीजों के अधिकारों तथा बचाव के उपायों के बारे में लोगों को जानकारी देंगे। इस मुहिम में सीफार संस्था के द्वारा टेक्निकल सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है। बैठक में मुखिया लक्ष्मी देवी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने पंचायत के गांवों में फाइलेरिया से ग्रसित हाइड्रोसिल के मरीजों की पहचान कर उन्हें आपरेशन के लिए प्रेरित करेंगे।

### रोगी हितधारक मंच में सीएचओ की भूमिका होगी अहम

मसौढ़ी के बलियारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर गठित पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफॉर्म में सामुदायिक हेल्थ अधिकारी (सीएचओ) के साथ-साथ मुखिया, पंच, वार्ड सदस्य और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका काफी अहम होगी। इस मुहिम में सीफार संस्था के द्वारा टेक्निकल सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है।

बैठक में फाइलेरिया के मरीज वैद्यनाथ शर्मा,शांति देवी, विद्यापति सिंह,अनिता देवी, सुलेखा कुमारी, मुखिया लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य विनय कुमार,वार्ड सदस्य गोपाल जी,जीविका के सीएम रिंकी देवी,सेविका सुनीता देवी,पंच मालती देवी, सीएचओ प्रीति कुमारी,आशा कमला देवी, शांति देवी, रूबिना देवी,उपसरपंच ललिता देवी, जीविका सोनी कुमारी और सीफार के प्रोजेक्ट एसोसिएट विकास चौहान मौजूद थे।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा की गयी वाणिज्य विभाग की उपलब्धियों की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागीय समीक्षा बैठक के क्रम में वाणिज्य विभाग की उपलब्धियों एवं निर्धारित लक्ष्य पर एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी । समीक्षा बैठक में अप्रैल से अक्टूबर, 2024 तक वाणिज्य विभाग द्वारा प्राप्त उपलब्धियों एवं निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की गयी । आज की इस समीक्षा बैठक में यात्री सेवा, माल लदान में वृद्धि, गुड्स शेड, क्षमता वृद्धि के तहत गति शक्ति कार्गो टर्मिनल सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी । अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शिव कुमार प्रसाद सहित वाणिज्य विभाग के अन्य अधिकारीगण बैठक में उपस्थत थे ।

पूर्व मध्य रेल द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 33 हजार 624 करोड़



रूपए प्रारंभिक राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है । इस लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में कार्य करते हुए चालू वित्त वर्ष के अक्टूबर माह तक पैसेंजर, गुड्स सहित विभिन्न श्रोतों से कुल 18 हजार 439 करोड़ रूपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष के अक्टूबर माह तक प्राप्त राजस्व की तुलना में 5.25 प्रतिशत अधिक है । पूर्व मध्य रेल द्वारा चालू वित्त वर्ष के अक्टूबर माह तक यात्री यातायात से 2767 करोड. रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 15.10 प्रतिशत अधिक है । इसी तरह पिछले वित्त वर्ष के अक्टूबर माह तक की तुलना में 3.41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ चालू वर्ष के अक्टूबर तक माल ढुलाई से 15,304 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ ।

यात्रियों की सुविधा के लिए पटना मे यात्री आरक्षण प्रणाली डाटाबेस केंद्र (पीआरएस डाटाबेस केंद्र) 21 नवंबर, 2024 से कार्यरत है । इस डटाबेस से अब तक 216 ट्रेनों की नियत समय पर फायरिंग की जा रही है । यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) से संबंधित सभी ऑनलाइन गतिविधियाँ, जो अब तक कोलकाता स्थित डाटाबेस में की जाती थीं, उन्हें अब पटना में किया जा रहा है।

इसके प्रारंभ हो जाने से नियत समय पर ट्रेनों की चार्टिंग, ट्रेनों के कोचों में किसी तरह के बदलाव, गाड़ियों का निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन सहित रेल परिचालन से जुड़ी समस्त जानकारी अब अद्यतन रूप से उपलब्ध हो रही है । चालू वर्ष के दौरान अब तक 40 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की कमीशनिंग की गयी है । इस प्रकार अब तक पूर्व मध्य रेल के 57 स्टेशनों पर कुल 167 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) की कमीशनिंग की जा चुकी है जिससे यात्री काफी लाभान्वित हो रहे हैं । बैठक के दौरान इसके अलावा और भी कई महत्वपूर्ण सेवाओं आदि की महाप्रबंधक ने समीक्षा की ।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 वर्षीय व्यक्ति की हत्या की आशंका

मधुबनी जिला के अंतर्गत बिस्फी थाना क्षेत्र के हाई स्कूल के सामने निजी नर्सिंग होम में फांसी लगा हुआ 25 वर्षीय युवक को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल मृतक व्यक्ति का नाम अमरजीत यादव के रूप में हुआ है जो मोहनपुर गांव के रहने वाला है बिस्फी पुलिस के द्वारा गुत्थी सुलझाने में लगी हुई है की घटना में हत्या हुआ है या आत्महत्या फिलहाल पुलिस जांच में जुटे दिखे हैं।

### पदाधिकारीयों ने पंचायतभवन में लेबर व आयुष्मान कार्ड मेगा कैम्प लगाने का जायजा लिया

अलीनगर(दरभंगा)।प्रखंड क्षेत्र के नरमा नवानगर पंचायत के नरमा स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में गुरुवार को लेबर कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप की जानकारी देते हुए मुखिया अनुराधा सिंह ने कहा कि स्थानीय पंचायत के अलावा प्रखंड के अन्य पंचायतों के लोगों को भी इस कैंप का लाभ उठाने के लिए अधिकाधिक संख्या में पहुंचना चाहिए। इसके लिए करीब आधा दर्जन स्टॉल लगाकर अलग अलग कंप्यूटर कर्मी कार्य को ससमय अंजाम देंगे। जिसमें अलीनगर, बेनीपुर, घनश्यामपुर और बिरौल के भी लेबर अधिकारी भाग लेंगे।वहीं पंचायत में लगनेवाली मेगा कैंप स्थल का जायजा लेने के लिए बुधवार को श्रम अधीक्षक किशोर कुमार झा, श्रम अधीक्षक योजना के दिनेश कुमार, प्रभारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी बमबम कुमार पहुंचे। जहां उन्होंने मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता पप्पू सिंह के साथ मेगा कैंप को सफल बनाने एवं अधिकाधिक लोगों की उपस्थिति के लिए विमर्श किया।

### रेलवे यात्री टिकटों पर 46% सब्सिडी करता है वहन

पटना। भारतीय रेलवे समाज के सभी वर्गों को सस्ती सेवाएं प्रदान करने का प्रयास करता है और 2022-23 में यात्री टिकटों पर 56,993 करोड़ की सब्सिडी दी। यह रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 46% की रियायत देता है। दूसरे शब्दों में आसानी से समझने के लिए, यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 है, तो टिकट की कीमत केवल 54 है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों के लिए जारी है। इसके अलावा, इस सब्सिडी राशि से परे रियायतें कई श्रेणियों जैसे विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजनों) की 4 श्रेणियों, रोगियों की 11 श्रेणियों और छात्रों की 8 श्रेणियों के लिए जारी हैं। यह उत्तर रेल मंत्री ने लोकसभा मे खिलाड़ियों के लिए रेलवे रियायत के संबंध में

### प्रमंडलीय स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी 2024 -25 का आयोजन इंदौर स्टेडियम मुंगेर में किया गया

मुंगेर । 03 से 05 दिसंबर 2024 तक मुंगेर प्रमंडल के उद्यानिक फसलों से संबंधित कृषकों में आपसी प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने तथा उत्कृष्ठ उत्पादक कृषकों को पुरस्कृत करने के उद्देश्य से प्रमंडल स्तरीय उद्यान प्रदर्शनी 2024-25 का आयोजन इनडोर स्टेडियम, मुंगेर में किया गया। इस उद्यान प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर के मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह आयुक्त मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदर्श प्रदर्शनी का उद्घाटन अवनीश कुमार सिंह, जिला पदाधिकारी, मुंगेर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी, मुंगेर, सहायक निर्देशक उद्यान, मुंगेर, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षक, मुंगेर, सहायक निदेशक भूमि संरक्षण, मुंगेर, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सदर मुंगेर, उप निदेशक आत्मा, मुंगेर एवं अन्य कृषि विभाग के प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी और प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहें। फल, फूल, सब्जी, शहद, पान एवं मशरूम इत्यादि के कुल 14 वर्ग के 47 शाखा अन्तर्गत मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई, बेगूसराय एवं खगड़िया जिले के गुल 192 कृषकों से 290 प्रदर्श प्राप्त किया हुए। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के नामित वैज्ञानिकों के निर्णायक दल के द्वारा प्रथम 45 द्वितीय 44 तृतीय 45 पुरस्कार हेतु प्रदशों का चयन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता को क्रमशः तीन हजार, दो हजार एवं एक हजार पाँच सौ रुपए मात्र सी एफ एम एस की माध्यम से संबंधित कृषकों के बैंक खाता में राशि हस्तानांतरित तथा पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत कृषकों को प्रमाण-पत्र दी जायेगी, साथ ही सर्वाधिक पुरस्कार विजेता को श्रेष्ठ बादाम घोषित कर पीच हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप दिया जायेगा। इस अवसर पर तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन कर कृषकों को नवीनतम तकनीकी तथा योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई साथ ही स्टॉल के माध्यम से प्रमंडल अन्तर्गत उत्कृष्ठ उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

# वाणिज्य का क्षेत्र अत्यंत रोचक एवं रोजगारपरक : प्रो मुश्ताक अहमद

प्रात: किरण, संवाददाता




दरभंगा। शिक्षक के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण क्षण यही होता है कि उसके छात्र लगातार सफलता का परचम लहराते रहें। आशना जिया ने अपनी सफलता से कॉलेज एवं समाज का नाम रोशन किया है। यह मुस्लिम बच्चियों के साथ ही अन्य सभी के लिए उदाहरण बन गई है। जब छात्र नशा एवं अपराधिक आदि कार्यों में समय बर्बाद करते हैं तो वह सिर्फ अपना ही नहीं, बल्कि पूरे समाज एवं राष्ट्र की क्षति करते हैं। यदि माता-पिता ने अपने बच्चों को ठीक ढंग से संभाल लिया तो उनके बच्चे सफलता की किसी भी ऊंचाई पर जा सकते हैं। उक्त बातें सी एम कॉलेज, दरभंगा के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने कॉलेज के वाणिज्य विभाग एवं पूर्ववर्ती छात्र संघ के द्वारा सेमीनार हॉल में आशना जिया के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वाणिज्य का क्षेत्र अत्यंत रोचक एवं रोजगार परक है। ज्ञातव्य है कि वाणिज्य की छात्रा आशना जिया को 69वीं बीपीएससी की परीक्षा में 29वां रैंक प्राप्त कर वित्तीय प्रशासनिक पदाधिकारी हेतु चयनित हुई है। मंच का संचालन करते हुए वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ दिव्या शर्मा ने किया। इस अवसर पर आशना के साथ ही उसकी माता नसराना अजीमी को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने लोगों की कई आलोचनाओं को सहते हुए भी अपनी पुत्री की इस सफलता के माध्यम से एक आदर्श मां होने का परिचय दिया है। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो विश्वनाथ झा,पीजी संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ आर एन चौरसिया, वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अजीत कुमार, डॉ सुजीत कुमार शर्मा, डॉ बसंत कुमार मंडल, डॉ शाकिर आलम, रवि कुमार, स्नेहा कुमारी, संतोष कुमार, रमण कुमार एवं कॉलेज के अनेक शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं 80 से अधिक छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शीबा शब्बीर ने किया।

## संरक्षा आयुक्त ने अनपरा रोड रेलखंड का किया निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा धनबाद मंडल के 32 किमी लंबे करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 4.8 किमी लंबे नव-दोहरीकृत अनपरा-अनपरा रोड रेलखंड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान अनपरा-अनपरा रोड रेलखंड के बीच नव दोहरीकृत लाइन का मोटर ट्रॉली निरीक्षण एवं सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा तथा निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे । 32 किलोमीटर लंबे करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के तहत लगभग 27 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका था । 4.8 किमी लंबे अनपरा-अनपरा रोड रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के साथ ही यह परियोजना पूर्ण गया है।

## माँ श्यामा के दर्शन को पुनः दरभंगा आऊंगा : राज्यपाल



दरभंगा। माँ श्यामा के दर्शन को पुनः दरभंगा आऊंगा।माँ श्यामा संदेश स्मारिका पठनीय व संग्रहणीय।उक्त बातें बिहार के महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो.जयशंकर झा द्वारा माँ श्यामा का तैल चित्र व माँ श्यामा संदेश स्मारिका भेंट किए जाने के उपरांत कहीं।आगे महामहिम ने प्रो.झा के ही आमंत्रण पर श्यामा मन्दिर जाकर दर्शन,पूजन की स्मृतियां साझा कीं।इस अवसर पर नवाह के संयोजक प्रो.झा ने सूबे के अभिवावक महामहिम को हाल ही में संपन्न हुए माँ श्यामा नामधुन महायज्ञ के सभी प्रकल्पों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। यह महज संयोग की बात है कि दिव्यांगों के लिए हर तरह से समर्पित प्रो.झा की विश्व दिव्यांग दिवस पर ही महामहिम से भेंट हुई।मौके पर पद्मश्री विमल जैन,प्रख्यात ओथोर्पेडिक सर्जन डॉ.एस.एस. झा,देशबंधु गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बरियारपुर प्रखंड पैक्स चुनाव परिणाम ने चौंकाया

प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुगेर)। बरियारपुर प्रखंड के छः पैक्स चुनाव में से पांच की मतगणना प्रखंड मुख्यालय के अंम्बेकर भवन सभागार में सम्पन्न हो गई। इसके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। करहरिया दक्षिणी पंचायत के निर्वतमान पैक्स अध्यक्ष दिवाकर साह को 198 मतों से पराजित कर राजेश कुमार सिंह ने अपना परचम लहराया। वहीं करहरिया पुर्वी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार उर्फ पप्पु ने अपनी अध्यक्ष पद को बचाने में कामयाबी हासिल की। इन्होंने 40 मतों के अन्तर से जीत दर्ज की। कल्याणटोला पंचायत के पैक्स अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा अपने निकंटतम प्रतिद्वंद्वी सहिन्द्र कुमार शर्मा को 440 मतों से पराजित कर तीसरी बार विजय श्री हासिल की। वहीं बरियारपुर दक्षिणी पंचायत में मुकेश कुमार मंडल ने अपने निकंटम प्रतिद्वंदी सौदागर साह को 40 मतों से पराजित कर अपना दवदबा कायम रखा।

## मारपीट की घटना में तीन लोग जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के दो विभिन्न गांव में मंगलवार की शाम दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में तीन लोग जख्मी हो गए। परिजन की की मदद से जख्मी लोगों को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जख्मी लोगों में कल्याणपुर के दिल चंद्र राय के पुत्र विकास कुमार, लदौरा के राजेंद्र सहनी के पुत्र विकास कुमार एवं पत्नी प्रमिला देवी शामिल हैं। सभी जख्मी लोगों के प्राथमिक उपचार के बाद उसके स्थिति में सुधार होने की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीके ठाकुर ने बताई। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# वनस्पति विज्ञान विभाग में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार संपन्न



प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो प्रेम मोहन मिश्रा की अध्यक्षता में हुआ।बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित जुबली हॉल में ह्यरिसेंट एडवान्सेंस इन लाइफ साइंस औपरचुनिटीस एंड चैलेंजेसह्ल विषय पर केंद्रित संगोष्ठी में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ख्याति के प्रोफेसर एवं वैज्ञानिकों ने अपने व्याख्यान दिए। संगोष्ठी से संबद्ध जानकारी साझा करते हुए विभागाध्यक्षा प्रो सविता वर्मा ने बताया कि दो तकनीकी सत्रों में से पहले सत्र में होस्टन ,अमेरिका से आमंत्रित वक्ता डॉ चंद्रेश्वर शर्मा एस आरएनए के संबंध में मशीन लर्निंग के उपयोग संबंधित विचार रखे। अमेरिका, वॉशिंगटन के विद्वान डॉ विपेंद्र कुमार सिंह ने मेटाबोलिक एनालिसिस अनकवर्स मेटाबोलिक अल्ट्रेशन इंडीयूज बाई बीपीए इन प्रोस्टेट कैंसर के बारे में अपना वक्तव्य दिया। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति प्रो. नन्द किशोर शाह ने मैनेजमेंट ऑफ किंग जीन पी 53 फॉर कैंसर थेरेपी पर व्याख्यान दिया। इसी क्रम में डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, श्री सोमेन्द्र कुमार, डॉ. अमित अस्थाना, डॉ. शैलजा धीमन, डॉ. अभिषेक राय, डॉ. पारुल बनर्जी, डॉ. प्राची मरवाहा, डॉ. आकांक्षा उपाध्याय, डॉ. एकता वर्मा और डॉ. विकास कुमार सोनू ने अपने शोध-व्याख्यान प्रस्तुत किए। अंतिम सत्र में दो दिनों की संक्षिप्त विवरणी रिपोर्ट डॉ. ख्वाजा सलाउद्दीन ने प्रस्तुत की। संगोष्ठी में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण- पत्र से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय सीसीडीसी सह- विभागीय प्रोफेसर डॉ गजेंद्र प्रसाद ने सभी आमंत्रित वक्ताओं, शिक्षकों, शोधार्थियों और छात्र-छात्राओं एवं आयोजन समिति सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन की डोर विभाग के विद्यार्थियों ने बखूबी संभाली।

## बरनवाल समाज सोनो के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया



सोनो जमुई संवाददाता

बरनवाल युवा संघ सोनो के द्वारा मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सोनो स्थित एक हॉल में किया गया । जहाँ पर 69 वीं बिहार लोक सेवा आयोग की परिक्षा में 41 वां रैंक लाने में सफल सोनो बाजार निवासी कुंदन कुमार एवं 179 वां रैंक प्राप्त किये तिलवरिया गाँव निवासी सह एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक दिनदयाल बरनवाल की सुपुत्री दीपिका भारती को फुलों का हार एवं चादर देकर सम्मानित किया गया । मौके पर उपस्थित दोनों के माता पिता को भी फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया है । रेवेन्यू ऑफिसर बनी दीपिका भारती तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार में उप निदेशक पद के लिए कुंदन कुमार को चयनित किये जाने से उनके माता पिता सहित जमुई जिले वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई हे । आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व प्रधानाचार्य अरुणदेव राय , पंकज आजाद , रितेश बरनवाल , विवेक बरनवाल , रंजित सिंह तथा अवधेश बरनवाल सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

## मध्याह्न भोजन में अनियमितता को लेकर बीईओ से ग्रामीणों ने की शिकायत

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामपुरा हरिजन के प्रधानाध्यापक द्वारा की जा रही घोर अनियमित को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि जब से यह प्रधानाध्यापक के पद पर इस विद्यालय में बने हैं। कोई भी ऐसा दिन नहीं है जिस दिन झगड़ा झंझट नहीं हुआ हो। प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार के ऊपर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मध्यान भोजन की राशि सचिव का जाली हस्ताक्षर कर निकाल लिए हैं। कभी भी छात्र छात्रों को मीनू के अनुसार भोजन नहीं देते सभी पैसा हड़प लेते हैं। इनका अविलंब यहां से स्थानांतरण होना चाहिए अन्यथा ग्रामीण सड़क पर उतरकर हंगामा करेंगे। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में ग्रामीण सैयद जफिर अहमद, मोती पासवान, दिलीप पासवान, राजू कुमार, पिंकी देवी, सरिता देवी, इंदु देवी, दिनेश पासवान सहित दर्जनों ग्रामीण का हस्ताक्षर है। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार यादव ने कहा कि जानकारी मिली है जाच उपरांत आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

## पैक्सो द्वारा धान अधिप्राप्ति कार्य का जायजा लेने को लेकर जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



मधुबनी

जिले के किसानो से धान अधिप्राप्ति पूरी सहजता एवं पारदर्शिता के साथ करने एवं पैक्सो द्वारा धान अधिप्राप्ति कार्य का जायजा लेने को लेकर जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में 60 वरीय अधिकारियों ने जिले के 168 पैक्सों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने भंडारण की व्यवस्था ,नमी मापक यंत्र ,मैप-तौल यंत्र, बैनर, बायोमेट्रिक मशीन,क्रय सह भुगतान पंजी, स्टॉक पंजी आदि पंजीयों का निरीक्षण किया । निर्देश दिया कि सभी पैक्स अनिवार्य रूप से दृष्टिगोचर स्थान पर बड़ा बैनर लगाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी पंजियो का संधारण करेगे । उन्होंने कहा कि सभी पैक्स नमी मापक यंत्र एवं वजन मशीन आदि को आदि को दुरुस्त रखेगे।उन्होने ससमय निर्धारित मात्रा में बोरा का क्रय कर लेने का निर्देश दिया। सभी पैक्स जीपीएस युक्त वाहन का ही प्रयोग करेंगे। उन्होंने धान अधिप्राप्ति को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक जिले के किसान को पंजीकृत किया जा सके। किसानों का धान पूरी पारदर्शिता के साथ क्रय किया जाए और ससमय उसका भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए।

# हवेली खड़गपुर बरियारपुर मार्ग पर अभी तक दो दर्जन लोगों की जान दुर्घटना में गई

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर - बरियारपुर मार्ग पर इन दिनों दुर्घटना का शिकार आम नागरिक हो रहे हैं । वर्ष 2024 के प्रथम सप्ताह में दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक लोगों की जान चली गई है अनियंत्रित ट्रक और जो प्रतिदिन जमुई से बालू लाद कर खगड़िया बेगूसराय आदि शहरों में जाते हैं लापरवाह चालक अधिकतर शराब के नशे में गाड़ी चलाते हैं फल स्वरुप ट्रक चालकों को शराब के नशे में सड़क पर आदमी नहीं दिखाई पड़ता है सत्ता और नौकरशाहों को दुर्घटना या नागरिकों की जान से कोई लेना-देना नहीं होता है शासकीय अधिकारियों की आंखें तब खुलता है जब नागरिकों द्वारा सड़क जाम किया जाता है यह अधिकारी नागरिकों को समझा बूझकर मृतक के परिवार को 2 लाख से 4 लाख तक का चेक देकर अपना पाल्ला झाड़ लेते हैं और थाने में दुर्घटना का केस वर्षों तक अनुसंधान में चलता रहता है मृतक को न्याय नहीं मिल पाता और कभी-कभी तो न्याय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है और मामला रफा दफा कर दिया जाता है कहते हैं कि न्याय दिलाने में पुलिस की भूमिका अहम होती है जो पैसों पर बिक जाते हैं और न्याय चीखती चिल्लाती रहती है खड़गपुर थाना क्षेत्र के कोडासी गांव की रेखा देवी की मौत ट्रक और टोटो के टक्कर में हो गई बताया जाता है कि सोमवार को करीब 7:00 बजे शाम को रेखा देवी टोटो पर सवार होकर अपने घर कोरासी गांव जा रही थी तभी बरियारपुर के तरफ से आ रही एक ट्रक ने जमकर टक्कर मार दी जिससे रेखा देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई गत मंगलवार को ग्रामीणों ने कड़सी के समीप घंटे सड़क जाम किया तब कहीं अधिकारियों की नींद खुली और कार्रवाई का आश्वासन देकर मृतक के परिवार को 20000 का चेक देखकर सड़क जाम हटवाया गया वहीं मंगलवार को शामपुर थाना क्षेत्र के डबरी मोर से आगे जोगनी अस्थान के पास माल वाहक पिकअप ने ऑटो पर बैठे 24 वर्षी कादरगंज निवासी विकास कुमार की मौत ऑटो में धक्का मारने से हो गई अंचल अधिकारी खड़कपुर संतोष कुमार सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी हवेली खड़कपुर प्रियंका कुमारी ने पारिवारिक लाभ के तहत मृतक की मां को 20000 का चेक प्रदान किया नागरिकों ने जिला प्रशासन से और राज्य सरकार से गाड़ी की गति सीमा को नियंत्रित कर चलाने के लिए कोई ठोस कदम उठाने की मांग सरकार से की है तथा चालक और वाहन मालिकों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है।

## रेल कर्मी के घर नगदी सहित 3 लाख की संपत्ति की हुई चोरी

### घटना सफियासराय थाना क्षेत्र के हलिम पुर गांव का , चोरी के बाद बिखरा घर का सामान

प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर / मुंगेर। सफियासराय थाना क्षेत्र के हलीम पुर गांव निवासी रेल कर्मी मंटू मंडल के घर बीते रात्रि चोरों ने बक्सा अलमारी का ताला तोड़कर नगदी सहित तीन लाख संपत्ति चोरी कर चलते बने। रेल कर्मी के घर हुई चोरी के घटना के बारे में रेल कर्मी के भाई दीपक कुमार ने बताया कि बीते रात्री 12:00 बजे के करीब गांव में बारात आया था जिसमें जोर से डीजे बज रहा था। डीजे के तेज आवाज में ही घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि घर में सारे लोग मौजूद थे छोटा बच्चा घर में होने के कारण लोग जल्दी सो गए थे। चोर मुख दरवाजे के ऊपर घर में प्रवेश किया और दो बक्सा एक गोदरेज का ताला तोड़कर 15 हजार नगद, कीमती कपड़े, सोने चांदी का आभूषण सहित इंडेक्शन चूल्हा चुरा ले गए। चोरी की घटना में लगभग 3 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इधर चोरी की घटना के बारे में रेलकर्मी द्वारा सफियासराय थाना पुलिस को जानकारी दी गई तो 112 नंबर की गाड़ी घटनास्थल पर जांच करने पहुंची। इधर गांव के बीच हुई चोरी की घटना से ग्रामीण आश्चर्यचकित है। ग्रामीणों ने बताया कि चोर कहीं का नहीं है आसपास मनचले लड़के हैं जो बाहर के लड़के को गांव में बुलाकर घूमते फिर आते हैं। इधर थानाध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना मिली है लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद निश्चित रूप से कार्रवाई करते हुए मामले का उद्वेदन किया जाएगा।

# बेनीपुर विधायक के पहल पर अब बीएमए कॉलेज बहेड़ी में वाणिज्य की पढ़ाई प्रारम्भ होगी

### बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में विज्ञान एवं वाणिज्य में 12 नए शिक्षकों के पदों को स्वीकृत

प्रात: किरण, संवाददाता




बेनीपुर (दरभंगा)।चौवन (54 ) वर्षों के बाद बी एम ए कॉलेज बहेडी मै वाणिज्य की पढ़ाई प्रारंभ होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे कल सम्पन्न मंत्रिमंडल की बैठक में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में 12 नए शिक्षकों के पदों को स्वीकृत किया।सृजन के साथ शिक्षाविद स्थानीय विधायक प्रो विनय कुमार चौधरीने यह साबित कर दिया है की न केवल वे आम लोगों की सेवा में समर्पित है बल्कि विकास और शिक्षा उनके कार्य योजना में प्रमुख रूप से शामिल है। ज्ञात हो कि बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय बहेरी की स्थापना वर्ष 1970 में हुई थी।जिसकी स्वीकृति 80 के दशक में प्राप्त हुई थी।लेकिन आज तक उक्त महाविद्यालय में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय मे ग्रेचुएशन की पढ़ाई नहीं हो रही थी।यदि अंतरस्नातक स्तरीय पढ़ाई चल भी रही थी तो उसमे फिजिक्स और गणित के शिक्षक नहीं थे।जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता की कैसी शिक्षा व्यवस्था थी।जिसे वर्तमान स्थानीय विधायक प्रोफेसर विनय कुमार चौधरी के अथक प्रयास से 3 दिसंबर को संपन्न हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश मंत्रिमंडल के फैसले में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में 12 नए पदों का सृजन किया गया है।जिसमें भौतिकी, गणित, जंतु विज्ञान,वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान में दो दो शिक्षक जिसमें सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक शामिल है एवं वाणिज्य संकाय में सह प्राध्यापक की पद की स्वीकृति दी गई है।जिससे कि बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भी उच्च शिक्षा का मानक स्तरीय होने का प्रबल संभावना बन गई है।इससे पूर्व विधायक श्री चौधरी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्षों पूर्व बने बेनीपुर प्रखंड के लक्ष्मणपुर घोंघेया गांव अवस्थित अनुमंडल डिग्री महाविद्यालय,एएनएम एवं जी एन एम महाविद्यालय,औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जैसे शिक्षण संस्थानों में वर्ग कक्षा का संचालन प्रारंभ करवाकर विधानसभा क्षेत्र में उच्च मानक स्तरीय शिक्षा का अलख जगाने का प्रयास किया था।इस संबंध में विधायक श्री चौधरी बताते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में हर क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है।जिसमें शिक्षा के विकास के लिए उन्होंने बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए जो संकल्प सिद्ध किया है वह वास्तव में हम लोगों को गौरवान्वित कर रही है।

विधायक श्री चौधरी के शिक्षा के प्रति इस समर्पण और क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास के लिए बधाई देते हुए युवा जदयू केजिला अध्यक्ष रामशंकर सिंह ,बेनीपुर के प्रखंड अध्यक्ष कृति मोहन झा ,नगर अध्यक्ष मस्कुर आलम, भाजपा के रजनीश सुन्दरम , प्रवीण कुमार झा सहित एन डी ए कार्यकताओं ने उन्हें बधाई और साधुवाद दिया है।

# कारखाना को नेस्तनाबूत करने पर तुला है भ्रष्ट पदाधिकारी का सिंडिकेट : पप्पू

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जमालपुर कारखाना में बढती चोरी एवं दुर्घटना को लेकर सपा जिला अध्यक्ष सह जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने आरपीएफ के डीजी एवं पूर्व रेलवे के जीएम को पत्र लिख कर भ्रष्ट पदाधिकारियों के सिंडिकेट द्वारा कारखाना को नेस्तनाबूत करने का आरोप लगाया है सपा अध्यक्ष सह मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने अपने लिखे पत्र में कहा की कारखाना में पदस्थापित आरपीएफ इंस्पेक्टर सहित अन्य कर्मियों द्वारा जमालपुर कारखाना को एक साजिश के तहत बदनाम करने का षड्यंत्र किया जा रहा है कारखाने में आए दिन हो रही दुर्घटना और चोरी इस बात का प्रमाण है श्री यादव ने आरपीएफ व अन्य पदाधिकारियों के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा की लगातार कारखाना में

**● कारखाना में बढ़ती चोरी और दुर्घटना को लेकर सपा अध्यक्ष ने लिखा जीएम व डी जी को पत्र**

कई घटना घटने व यूनियनों सहित राजनीति समाजिक कार्यकर्ता के हो हल्ला करने के वाबजूद वरिय अधिकारी की कान पर जूं तक नहीं रेंगने से ऐसा प्रतीत होता है कि कारखाना में भ्रष्टाचार की जड़ें काफी गहरी है श्री यादव ने वरिय अनुभाग अभियंता डबल्यूआरएस - 111 जमालपुर कारखाना के पत्रांक - एफ./ डबल्यू आर एस - 111/ कार्या/ 07, दिनांक 13 /11/.2024 पत्र का हवाला देते हुए कहा की दिनांक - 12/ 11./2024 को लगभग 18:00 बजे ट/र टङ्गीश्ल्ल ल्ठ ३ूँ ढ१ङ्कश्र्३ ढ५३ छ३ का साईट अभियंता ऋतुराज, विवेक कुमार एवं उनके कर्मचारियों द्वारा 75 .75 .10 टट छील्लॅइँ - 1.5 का टर अल्लॅी (12 ठङ्क२) 1.5 चोरी की घटना को अंजाम दिया गया और जब इसकी शिकायत करते हुए आरपीएफ को आवेदन दिया गया तो आरपीएफ ने इसे लेने से इनकार कर दिया (पत्र की छाया प्रति संलग्न है) जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरपीएफ के मिलीभगत से कारखाना में बड़े पैमाने पर धांधली और चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है और अधिकारी की खामोशी समझ से पडे हैं । और आरपीएफ अपनी कमियाँ छुपाने के लिए गरीब असहाय रेहड़ी लगा कर घर परिवार चलाने वाले पर डंडा चला रही है राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता जब इसके कुकृत्य का विरोध करती है तो अपने गुर्गे अपने पाले गुंडो से उन्हें धमकाया जाता है, श्री यादव ने कहा कि अभिलंब इस प्रकरण की जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी पर नकेल डालने के लिए पार्टी निर्णायक आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेगी जिसकी जिम्मेदारी यहां के अकर्मण्य पदाधिकारी की होगी।

# भारतीय नौसेना देश की ढाल और समुद्र के प्रहरी : प्रो. गौरी शंकर







जमुईः-भारतीय नौसेना दिवस के अवसर पर युद्ध में नौसेना का महत्व विषय पर एक पर परिचर्चा केकेएम कॉलेज में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ.(प्रो.) गौरी शंकर पासवान ने की. प्रो.पासवान ने अपने अध्यक्षीय प्रबोधन ने कहा कि किसी देश की संगठित समुद्री सेना को नौसेना कहते हैं। इसका उद्देश्य समुद्री मार्ग का निरीक्षण समुद्री सीमाओं की रक्षा और नियंत्रण करना है। भारतीय नौसेना देश की ढाल और समुद्र के प्रहरी हैं. कहते हैं कि समुद्र की लहरों संग जो खेले, दुश्मन के जहाजों को ध्वस्त कर दे, वे वीर भारतीय नौसेना के जवान राष्ट्र के रक्षक शूरवीर महान। उन्होंने कहा कि भारत की नौसेना भारत की समुद्री ताकत है। उन्होंने कहा कि आज की तिथि में भारतीय नौसेना अपने को अत्याधुनिक एवं तकनीक से खुद को लैस कर दिया है। नौसेना ने मेक इन इंडिया के तहत कई युद्धपोत और पनडुब्बिया विकसित कर चुकी हैं। आज करीब 70000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। युद्ध में नौसेना की भूमिका को नजर अंदाज नहीं कर सकते। यह दिवस 1971 के युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना द्वारा किए गए ऑपरेशन ट्राईडेंट की सफलता की याद में मनाया जाता है। इस ऑपरेशन में भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर हमला करके पाकिस्तानी नौसेना को भारी नुकसान पहुंचा था। इसी युद्ध उपज है बांग्लादेश। आज बांग्लादेश भूल गया कि भारत की औकात क्या है ? बांग्लादेश के कट्टर पंथी भारतीय हिंदू अल्पसंख्यको अत्याचार कर रहा है और वहां की युनुस सरकार कान में रुई डालकर चुपचाप तमाशा देख रही है। भारत द्वारा संयम का परिचय देने का मतलब कमजोरी नहीं है।

प्रो.निरंजन कुमार दुबे ने कहा कि भारतीय नौ सैनिक निर्भीक और बलवान हैं। कहते हैं कि निडर निर्भीक और बलवान, भारत की नौसेना महान। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाना नौसेना द्वारा अपनी शक्ति को प्रदर्शित करना है। इसी दिन 1971 को भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के साथ लड़ाई में उसे मात देकर विजय श्री प्राप्त की थी। बांग्लादेश का जन्म इसी भारत पाक-युद्ध की देन है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लडा जाने वाला सबसे बड़ा युद्ध 1971 का भारत- पाक युद्ध था। इस युद्ध में पाकिस्तान पूरी तरह से परास्त हुआ और उसे भारत के समक्ष सरेंडर करने को मजबूर होना पड़ा।

हिंदी के विभागाध्यक्ष सह एयर फोर्स अधिकारी प्रो.कैलाश पंडित, डॉ देवेंद्र कुमार गोयल, प्रो सरदार राम, डॉ अजीत कुमार भारती, डॉ सत्यार्थ प्रकाश ने एक स्वर में कहा कि किसी भी युद्ध में नौसेना का विशेष महत्व होता है। इसे युद्ध में नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। युद्ध में तीनों सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तीनों सेना के बगैर युद्ध जीतना बहुत ही दुष्कर है।

मौके पर मनोज कुमार सिंह, रवीश कुमार सिंह, कृष्णागिरी, बटेश्वर यादव, रामचरित्र मानस अधिक कर्मचारी उपस्थित थे।

# विवाह पंचमी महोत्सव को लेकर नेपाली ट्रेन का परिचालन भीड़ बढ़ने पर होगा अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन

मधुबनी



जयनगर पड़ोसी देश नेपाल के जनकपुर में विवाह पंचमी महोत्सव में शामिल होने को लेकर श्रधालु यात्रियो के बढ़ रहे भीड़ के मद्देनजर नेपाली ट्रेन का परिचालन अनुमंडल मुख्यालय स्थित नेपाली स्टेशन से 5 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक तीन दिनों के लिए भीड़ बढ़ने पर अतिरिक्त ट्रेनो का परिचालन होगा। विवाह पंचमी महोत्सव को लेकर श्रद्धालु दर्शनार्थियों यात्रियों के लिए जयनगर से जनकपुर जाने के लिए और जनकपुर में विवाह पंचमी महोत्सव में हो रहे धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में भाग लेने और दर्शन कर पूजा पाठ एवं मेला के आनंद लेने को लेकर जयनगर से जनकपुर कुर्था तक तिन दिनों के लिए ट्रेन का परिचालन आवगमन को ले अतिरिक्त ट्रेनो के परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। जनकपुर में विवाह पंचमी में भारत देश के विभिन्न स्थानों से जनकपुर में विवाह पंचमी महोत्सव में शामिल होने श्रद्धालु जाते हैं। विभिन्न प्रदेश से जयनगर में ट्रेन से जनकपुर जाने को लेकर श्रधालु समेत यात्रियों की काफी भीड़ उमड़ पड़ती है। जयनगर से जनकपुर जाने के लिए जयनगर समेत आसपास के क्षेत्र के लोगो यात्रियो की भी काफी भीड़ रहती हैं। इसी के मद्देनजर नेपाल रेलवे ने श्रद्धालुओं यात्रियो की भीड़ बढ़ने और जयनगर से जनकपुर जाने के लिए नेपाल रेलवे ने यात्रियो की सुविधा को लेकर तीन दिनों के लिए ट्रेन परिचालन अनियमित करने का विशेष व्यवस्था की है। पड़ोसी देश नेपाल स्थित जनकपुर में होने वाले विवाह पंचमी धार्मिक कार्यक्रम को लेकर नेपाल रेलवे कम्पनी लिमिटेड प्रबंधन संचालक निरंजन झा द्वारा जारी सूचना के अनुसार जयनगर से जनकपुर और जनकपुर से जयनगर रेल खण्ड तक चलने वाली ट्रेन का परिचालन 5 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक जयनगर से जनकपुर रेल खण्ड पर अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन होगा।श्रद्धालुओ यात्रियों के सुविधाओ के मद्देनजर अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

# उच्चैठ कालीदास महोत्सव 2024 के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियों को दिया जा रहा है अंतिम रूप

मधुबनी

पर्यटन विभाग बिहार सरकार और जिला प्रशासन, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में जिले के बेनीपट्टी उच्चैठ स्थित कालीदास विद्यापति साइंस कॉलेज में 07और 08 दिसंबर2024 को उच्चैठ कालीदास महोत्सव 2024 के भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।समारोह की संयोजिका और बेनीपट्टी अनुमंडल की अनुमंडल पदाधिकारी मनीषा ने जानकारी दी है कि कालीदास जी के नाम पर आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के दिशा निर्देश में समारोह की तैयारिया काफी तेजी के साथ की जा रही है ।दो दिनो तक चलने वाले इस महोत्सव के पहले दिन 07 दिसंबर को अपराह्न 4 बजे उद्घाटन सत्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। उद्घाटन के साथ ही लोक शैली और भारतीय संस्कृति की चासनी से सराबोर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें कई नामी-गिरामी कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव के दूसरे दिन 08 दिसंबर को भी कई नामी-गिरामी कलाकारो द्वारा हास्य विनोद गायन एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां होगी। बताते चलें कि समारोह के दूसरे दिन 08 दिसंबर को सेमिनार का भी आयोजन होगा। इसी दिन अपराह्न 04 बजे से 06 बजे तक कवि गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी ने अपील की है कि जिले के सभी कला और साहित्य अनुरागी इस मौके पर पहुंच कर महोत्सव का आनंद लें और कालीदास के कृतित्व व व्यक्तित्व को समर्पित इस आयोजन को सफल बनाएं।

# आईपीएस के आकस्मिक मौत पर शोक सभा आयोजित



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नव युवक संघ झाझा संगठन की ओर से बस स्टैंड स्थिथ नव युवक संघ के कार्यालय के समीप नवयुवक संघ के संयोजक सह समाजसेवी गौरव सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक शोकसभा आयोजित कर 2023 बेच के आईपीएस हर्षवर्द्धन की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मौत पर शोकसभा कर श्रद्धांजलि दी गयी व 2 मिनट का मौन रखा गया। संयोजक ने बताया की हर्षवर्द्धन असाधरण व्यक्ति थे। उनके पिता वर्तमान में मध्य प्रदेश में एसडीएम हैं। हर्षवर्द्धन ने हाल ही में मैसूरू में कर्नाटक पुलिस अकेडमी (केपीए) में अपना चार सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा किया था और सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी पहली पोस्टिंग लेने के लिए मार्ग पर थे। इसी क्रम में कर्नाटक के हसान के पास अचानक उनके वाहन के टायर फट गया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर से टकरा गया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

# अस्पताल में लेबर रूम बन रहे स्तनपान कक्ष का स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण



जमुई। झाझा बुधवार को स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुधवार को स्वास्थ्य विभाग जमुई से स्वास्थ्य विभाग की टीम रेफरल अस्पताल झाझा का निरीक्षण किया। टीम में डीपीसी रश्मि भारती, डिसिक्यूए डॉक्टर ताबिस की टीम ने सबसे पहले अस्पताल भवन का निरीक्षण किया और उसके बाद टीम ने लेबर रूम का निरीक्षण करते हुए प्रसव करवाने वाली महिलाओं को सभी तरह की सुविधा प्राप्त होता है कि नही इसकी जानकारी मौके पर मौजूद अस्पताल प्रबन्धक नवनीत कुमार एवं स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र से लिया। लेबररूम में संसाधन का भी जायजा लिया। लेबर रूम का निरीक्षण करने के बाद टीम ने अस्पताल में बन रहे स्तनपान कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां पर अबतक क्या संसाधन उपलब्ध हुआ है उसकी जानकारी लेते हुए अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड अस्पताल सहित क्षेत्र में सही रूप से बन रहा है कि नही इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार से लिया और आयुष्मान कार्ड कार्य मे तेजी लाने की बात टीम के द्वारा की गई। अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद टीम के द्वारा कई बिंदुओ की जानकारी लेने के बाद दादपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण के लिए अस्पताल से रवाना हुए।

# प्राथमिक विद्यालय रतनपुर में तिथि भोजन, बच्चों में दिखा उत्साह



प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रतनपुर में बुधवार को शिक्षा विभाग की बिहार राज्य पीएम पोषण योजना समिति ने मध्याह्न भोजन योजना के तहत तिथि भोजन का आयोजन किया। एमडीएम प्रभारी अमीर दास की देख रेख में आयोजित इस तिथि भोजन कार्यक्रम में सरपंच नीलू वर्मा, बीआरपी केदार प्रसाद सिंह,रीना कुमारी शामिल हुए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनीषा कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। तिथि भोजन कार्यक्रम के तहत रसोई घर में खीर, पूरी, सब्जी व बुंदिया बनाया गया था। बच्चों के साथ आगत अतिथि, पदाधिकारी व गणमान्य ने भी भोजन किया। मौके पर मध्याह्न भोजन योजना के पदाधिकारी ने बच्चों को बताया कि समय-समय पर ऐसे तिथि भोजन योजना का आयोजन कर आपलोगों को पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक किया जाता है। स्कूल में आपके लिए ऐसे ही पौष्टिक खाने की व्यवस्था की जाती है। बच्चों ने बड़े चाव से भोजन किया और भोजन की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर शिक्षिका रिंकू कुमारी,स्वाति कुमारी,काजल कुमारी,सचिव छोटी देवी,भीमराज, प्रमोद साह सहित विद्यालय के बच्चे मौजूद थे।

# जमुई की बेटी करांटे क्वीन जुही को मिलेगी नारी शक्ति वंदन सम्मान

सोनो जमुई संवाददाता

11 वर्षीय करांटे क्वीन नन्ही जुही कुमारी को नारी शक्ति वंदन से सम्मानित किया जायेगा । वोमेन पावर सोसायटी फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से गुलाबी नगरी जयपुर में आगामी 29 दिसंबर 2024 को एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा । जहाँ पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले को नारी शक्ति वंदन सम्मान से उन्हें सम्मानित कर होंसला अफजाई किया जायेगा । आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान सरकार में शामिल मंत्रियों के साथ साथ कई उधोगपति एवं प्रतिष्ठित कलाकार शामिल रहेंगे ।ज्ञात हो कि अंतर्राष्ट्रीय करांटे क्वीन जुही कुमारी जमुई जिले के सिमुलतल्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरंडा गाँव निवासी गृहणी के रुप मे कार्य रही माता श्रीमती रिंकी देवी एवं राजस्थान के जयपुर शहर में रहकर मजदूरी कर रहे मंटु कुमार प्रजापति की पुत्री हैं। जुही कुमारी वर्तमान में जयपुर शहर स्थित दा पैलेस स्कूल सिटी पैलेस जयपुर में वर्ग छह मे शिक्षा ग्रहण कर

# युवक को पीटकर किया घायल, बाइक छिना

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार की देर शाम हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के भामसी पुल से बकरा की ओर जाने वाली सड़क के बीच फेसिया बाबा स्थान के समीप साइबर कैफे बंद कर घर वापस लौट रहे ब्रोकरा गांव निवासी सर्वेश कुमार चौधरी उर्फ सनी कुमार के साथ तीन-चार अज्ञात लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया और उसकी बाइक लेकर फरार हो गए इस घटना के संबंध में पोखरा गांव के निवासी सर्वेश कुमार चौधरी ने खड़गपुर थाने में आवेदन देकर कहा है कि खड़गपुर बरियारपुर मार्ग स्थित भामसी पुल के समीप अपनी साइबर कैफे की दुकान को बंद कर अपने घर वापस लौट रहा था इसी दौरान रास्ते में फेसिया बाबा स्थान के समीप तीन चार अज्ञात हमलावरों ने मेरी बाइक को रोका तथा लाठी डांटे से मार कर मुझे जख्मी कर दिया और मेरी बाइक लेकर फरार हो गया अज्ञात हमलावरों के पहचान के संबंध में चौधरी ने पुलिस को बताया है कि हमलावर काले रंग की पल्सर बाइक 3ी 462129 जो मेरे मित्र जमुई जिला के कल्याणपुर निवासी महेंद्र तांती की थी जिसे लेकर मैं अपने घर जा रहा था वहीं उपयुक्त बातों की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सर्वेश कुमार चौधरी के आवेदन प्रज्ञा पर प्राथमिक की दर्ज कर अपराधियों की खोज दिन की जा रही है

# मुंगेर जिला स्थापना दिवस का आगाज बुधवार को समाहरणालय के समीप बने मानव श्रृंखला: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। मुंगेर जिला स्थापना दिवस का आगाज बुधवार को समाहरणालय के समीप बने मानव श्रृंखला का जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा उदघाटन के साथ हो गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, देहजमुक्त बिहार, बाल विवाह मुक्त बिहार, जल-जीवन-हरियाली अभियान, फिट मुंगेर हिट मुंगेर, रन फॉर मुंगेर की थीम पर आधारित मानव श्रृंखला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं, स्कॉट एंड गाइड के कैडेटों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली सहित अन्य उपस्थित थे। पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष में जहां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, वहीं समाहरणालय में जिलाधिकारी द्वारा वृक्ष रोपण भी किया गया। इसके अलावा अन्य कार्यालयों में भी वृक्ष रोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में केक भी काटा गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक, जिला अल्प संख्यक पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार दीपक सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा मुंगेर मैराथन के लिए चिन्हित मुख्य कार्यक्रम स्थल हेरू दियारा शहीद स्मारक का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुंगेर जिला स्थापना दिवस को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन तैयार है। मुंगेर मैराथन के लिए मुंगेर जिला विभिन्न राज्यों से आए एथलीटों / धावकों के स्वागत के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बाहर से आने वाले धावकों के लिए संग्रहालय में जहां महिला एथलीटों तथा इंडोर स्टेडियम में पुरुष धावकों के ठहरने की व्यस्था की गई है। साथ ही उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाने के लिए वहां की भी व्यवस्था की गई है। एथलीटों के उत्साह वर्धन के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री सह फिटनेस एक्सपर्ट मंदिरा बेदी भी बुधवार देर शाम तक मुंगेर पहुंच जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिलेवासी भी आमंत्रित हैं और इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की भी अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अब तक का पहला मौका है जो स्थापना दिवस पर 42.195 किलोमीटर के मुंगेर मैरॉथन का आयोजन किया जा रहा है। हेरू दियारा स्थित शहीद स्मारक से फिट मुंगेर-हिट मुंगेर, रन फॉर मुंगेर थीम पर मुंगेर मैरॉथन का आयोजन किया जा रहा है। लगभग 1500 से अधिक धावकों द्वारा इसमें हिस्सा लिया जाएगा। जो लोग निबंधन नहीं करा पाए हैं वो गुरुवार की सुबह 5 बजे रिपोर्टिंग स्थल पर भी अपना निबंधन करा सकते हैं। बुधवार की मध्यरात्रि से बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक तथा छोटे वाहनों को रूट परिवर्तित कर चलाने का निर्देश दिया गया है। धावकों के लिए रिपोर्टिंग टाइम प्रातः 5 बजे निर्धारित किया गया है तथा दौड़ का शुभारंभ प्रातः 6 बजे संभावित है। 10.5 किलोमीटर के आधार पर चार राउंड निर्धारित किए गए हैं, जो प्रारंभ बिंदु हेरू दियारा से प्रारंभ होकर हेमजापुर तक पुनः वहां से वापस हेरू दियारा पर चौथे राउंड में संपन्न होगा। प्रत्येक राउंड में सभी धावकों को एक बैंड तथा एक कूपन दिया जाएगा, जिससे यह प्रमाणित हो सके कि उन्होंने पूर्ण दौड़ में हिस्सा लिया है। फ्लैग आंफ के पश्चात सभी धावक अपने अपने रूट में एकत्रित हो जाएंगे तथा फायर के बाद ही ड्रॉप गेट खोल कर धावकों को रन फॉर मुंगेर के लिए छोड़ा जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावक को जहां एक लाख का पुरस्कार निर्धारित किया गया है, वहीं द्वितीय 50 हजार तथा पांच धावकों को तृतीय पुरस्कार के रूप में 10-10 हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र तथा मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम स्थल पर शिक्षा विभाग द्वारा कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से इस आयोजन को सफल बनाने हेतु अपना पूर्ण सहयोग देने तथा इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाने की अपील की है।

# जिला सम्मेलन संगठनात्मक मजबूती एवं जनसंपर्क अभियान के लिए मील का पत्थर साबित होगा : राजु वर्णवाल

गया। प्रदेश से निर्देशित कार्यक्रम, बिहार के सभी 38 जिलों मैं जदयू का सांगठनिक कार्यकर्ता जिला सम्मेलन है उक्त सम्मेलन में सभी कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाने की वैकल्पिक व्यवस्था का प्रारूप बनाने के लिए जदयू महानगर का सांगठनिक बैठक जीबी रोड स्थित जदयू कार्यालय में सम्मानित जदयू के कार्यकर्ता गण वरिष्ठ नेता गणों के साथ एक बैठक आहुत गई है इस बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष महानगर गया राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल ने किया है। पार्टी के समर्पित सभी लोगों से श्री बरनवाल जी ने कहा कि इस बिहार की धरती पर नीतीश कुमार जी की पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो कहती है वही करती भी है और आज बिहार में विकास की गंगा बह रही है, अंतिम पायदान में रहने वाले हिंदू मुस्लिम सिख इसाई जैन पारसी बौद्ध सभी धर्मों के समागम बिहार में विकास की किरण सभी घरों तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाई जा रही है और उन सभी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए व विस्तार से लोगों के समक्ष अपनी बातें रखी है ।मुख्य रूप से बैठक में आगामी 7 दिसंबर 2024 को होने वाले गया जिला जदयू सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई है ।इस जिला सम्मेलन में मंत्री बिहार सरकार अशोक चौधरी , भगवान सिंह कुशवाहा, रीना देवी, मंत्री सुमित सिंह, विधान पार्षद संजय सिंह, पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह जी के नेतृत्व में भूसंडा ग्राउंड मानपुर में होना तय हुआ है। इस सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर जदयू महानगर के नेतृत्वकताओं ने अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कहा कि पार्टी के विचारधाराओं के साथ चलकर नीतीश कुमार के बढ़ते बिहार में चार चांद लगाने हेतु एकत्रित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इसके साथ ही सभी बूथों पर बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव और समर्पित कार्यकताओं को सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को जनता तक पहुंचने पर भी जोर दिया गया है। बरनवाल ने कहा कि जिला सम्मेलन संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा,जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले के कोने कोने से पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे।

# बरियारपुर प्रखंड के छः पैक्सों के चुनाव के नतीजे मिलने लगे हैं

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड के छः पैक्सों चुनाव के नतीजे मिलने लगे हैं। जहां बिन्दादियारा हरिण मार पंचायत के कौरम पुरा नही होने के कारण चुनाव स्थगित करनी पड़ी ।वही पांच पंचायत पैक्स चुनाव मे मतदान शान्ति पुर्ण वातावरण में सम्पन्न होने के बाद प्रखंड मुख्यालय के अंम्बेदकर भवन के सभागार मे भारी सुरक्षा व्यवस्था के मतगणना सम्पन्न कराया गया है। जहां करहरिया दक्षिणी पंचायत के निर्वतमान पैक्स अध्यक्ष दिवाकर साह को 198 मतों से पराजित राजेश कुमार सिंह ने अपनी परचम लहराने का काम किया। वही करहरिया पुर्वी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार उर्फ पप्पु ने अपनी अध्यक्ष पद को 40 मतो से बढ़त बनाकर अपना दबदबा बरकरार रखने मे सफल साबित हुआ। कल्याण टोला पंचायत के पैक्स अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शहिन्द्र कुमार शर्मा को 440 मतों से परास्त कर तीसरी बार विजय श्री हासिल करने मे कामियाब रहें। वही बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के पैक्स चुनाव मे मुकेश कुमार मंडल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सौदागर साह को 40 मतों से पराजित कर अपना दबदबा कायम रखे।

# गिद्धौर में पैक्स चुनाव का परिणाम शांति पूर्ण माहौल में कड़ी प्रशासनिक निगरानी के बीच सम्पन्न

- पतसंडा एवं मौरा सीट पर पुराने का कब्जा, रतनपुर एवं गंगरा सीट पर नये उम्मीदवार की जीत

## चार सीटों पर हुआ पैक्स का चुनाव



गिद्धौर।गिद्धौर प्रखंड में पैक्स चुनाव मतगणना के साथ निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार की देखरेख में विधिवत सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर मतगणना में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिये थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी मतगणना को शांति पूर्ण माहौल में निपटाने को ले चौकस रहे। प्रखंड में चार पैक्स चुनाव के दौरान रतनपुर पैक्स सीट पर मतगणना उपरांत रतनपुर से पैक्स अध्यक्ष सीट पर रावल यशवंत सिंह उर्फ विकास सिंह प्रत्याशी को 435 एवं निकटतम प्रतिद्वंदी प्रत्याशी विजयेंद्र कुमार सिंह को 420 मत प्राप्त हुए। अत रतनपुर पैक्स सीट पर 15 मतों से रावल यशवंत सिंह उर्फ विकास सिंह अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित घोषित किये गये ।इधर पतसंडा पैक्स सीट पर मतगणना के परिणाम स्वरूप पैक्स अध्यक्ष सीट पर राजीव कुमार साव उर्फ पिंकू प्रत्याशी को 505 एवं उनके निकटतम प्रत्याशी रतन कुमार को 355 मत प्राप्त हुए। अत रतनपुर पैक्स सीट पर 150 मतों से राजीव कुमार साव निर्वाचित घोषित किए गये। वहीं मौरा पैक्स सीट के अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी किष्टो रावत को 319 मत प्राप्त हुआ वहीं निकटतम प्रत्याशी राजेन्द्र यादव को 238 मत प्राप्त हुए। अतः मौरा पैक्स सीट पर 81 मतों से किष्टो रावत निर्वाचित घोषित किये गए। गंगरा पैक्स सीट पर प्रत्याशी वशिष्ट कुमार उर्फ छोटे सिंह को 505 मत प्राप्त हुए तो निकटतम प्रत्याशी गणेश सिंह को 231 मत प्राप्त। अतः गंगरा पैक्स सीट पर वशिष्ठ कुमार उर्फ छोटे सिंह 274 मतों से निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव परिणाम के बाद सभी विजयी प्रत्याशियों को पैक्स चुनाव में जीत हासिल करने पर निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमत द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर सीओ आरती भूषण, थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार के अलावे कई पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मी मौके पर मौजूद थे।

# भारती शिक्षा समिति सह शिशु शिक्षा प्रबंध समिति मुंगेर के जिला निरीक्षक के द्वारा स्कूल का किया गया निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

## दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश



भारती शिक्षा समिति सह शिशु शिक्षा प्रबंध समिति मुंगेर के जिला निरीक्षक के द्वारा स्कूल का किया गया निरीक्षण जमुई/ई०अलीगंज :- भारती शिक्षा समिति सह शिशु शिक्षा प्रबंध समिति मुंगेर के जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह बुधवार को ई०अलीगंज प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर महतपूर स्कूल का किया निरीक्षण, दिये कई आवश्यक दिशानिर्देश। वहीं सर्व प्रथम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के बन्दना स्थल पे माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पअर्पण कर प्रार्थना किये। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य दयानंद सिंह के द्वारा निरीक्षक सतीश कुमार सिंह को बुकें एवं अंग वस्त्र देकर उनको सम्मानित किया गया, वहीं सभी उपस्थित बच्चों को जिला निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बच्चों से संवाद करते हुए नैतिकता एवं संस्कार की बातें बताई। दैनिक कार्यों एवं उनकी पढ़ाई, अनुशासन और स्कूल के माहौल के बारे में विस्तृत चर्चा की । वह बच्चों से प्रश्न भी पूछे वहीं बच्चों ने प्रश्न के उत्तर भी दिये , उनकी पाठ्यपुस्तकें और कॉपियां को भी देखे, और उनके प्रदर्शन का आकलन किये । निरीक्षण के दौरान, शिक्षकों की शिक्षण पद्धतियों और बच्चों की सहभागिता पर और बेहतर ध्यान दिया देने को कहा,उन्होंने सभी बच्चों को विद्या भारती समिति के कार्यों पर चर्चा किये और विस्तृत जानकारी दिये,वहीं उन्होंने विद्यालय के साफ सफाई एवं स्कूल मे समुचित व्यवस्था पे ध्यान आकर्षित कराया,एवं पठन पाठान के विषय मे चर्चा किये, और कई सुझाव दिये, मौके पर शिक्षक दिवाकर कुमार, श्रीनिवास पांडे, उमेश सिंह दीपशंकर कुमार,राकेश कुमार,मुस्कान कुमारी रूपा कुमारी, खुशबू कुमारी सहित स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

भारतीय संस्थानों से एसटीईएम स्नातकों के एक बड़े प्रतिशत में आवश्यक कौशल का अभाव है, जो उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है, लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल एक चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता बन गया है।

प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दशार्ते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करना और शिक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों के विकास में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक समर्पित शिक्षण ट्रैक शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है।

# आधुनिक विकास और गंगा के अस्तित्व पर मंडराता संकट

कुमार कृष्णन

भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी गंगा जो भारत और बांग्लादेश में कुल मिलाकर 2510 किमी की दूरी तय करती हुई उत्तराखंड में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी के सुंदरवन तक विशाल भू भाग को सींचती है, देश की प्राकृतिक संपदा ही नहीं, जन जन की भावनात्मक आस्था का आधार भी है। 2071 कि.मी तक भारत तथा उसके बाद बांग्लादेश में अपनी लंबी यात्रा करते हुए यह सहायक नदियों के साथ दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदान की रचना करती है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण गंगा का यह मैदान अपनी घनी जनसंख्या के कारण भी जाना जाता है। 100 फीट (31 मीटर) की अधिकतम गहराई वाली यह नदी भारत में पवित्र मानी जाती है तथा इसकी उपासना माँ और देवी के रूप में की जाती है। भारतीय पुराण और साहित्य में अपने सौंदर्य और महत्व के कारण बार-बार आदर के साथ वंदित गंगा नदी के प्रति विदेशी साहित्य में भी प्रशंसा और भावुकतापूर्ण वर्णन किए गए हैं।

वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है। आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रुप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा। गंगा बेसिन का लगभग 79 फीसदी क्षेत्र भारत में है। बेसिन में 11 राज्य शामिल हैं, जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली। गंगा बेसिन से जुड़े सवालों को लेकर गंगा मुक्ति आंदोलन की ओर से बिहार के मुजफ्फरपुर के चंद्रशेखर भवन, मिठनपुरा में ह्लगंगा बेसिन : समस्याएं एवं समाधानह्व विषयक राष्ट्रीय विमर्श में जुटे देश के आठ राज्यों और नेपाल के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर गंगा के सवाल पर देशव्यापी अभियान चलाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में नदियों का गाद से पेट भरना, प्रदूषण (औद्योगिक और नगरीय कचरा) पानी की कमी, बालू उठाव और खनन, नदी की जैव विविधता, ग्लेशियर का पिघलना, जलवायु संकट, कार्बन उत्सर्जन, पारिस्थितिकी असंतुलन, औद्योगिक क्रांति से पनपे विकास की विनाशकारी अवधारणा और जल जंगल जमीन पर जीने वाले समुदाय का अधिकार रहे। कार्यक्रम में ऑन लाइन जुड़कर आईआईटी कानपुर के प्रो. डॉ.राजीव सिन्हा, बीबीसी के चर्चित पत्रकार रहे राम दत्त त्रिपाठी, पूर्व सांसद एवं चौथी दुनिया के संपादक संतोष भारतीय, बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव रहे व्यास जी एवं विजय प्रकाश, उत्तराखंड के नदी कर्मी सुरेश भाई सहित तमाम लोगों की चिंता इस बात को लेकर रही कि आखिर विनाश का खेल कब तक जारी रहेगा। उत्तराखंड के सुरेश भाई का कहना था कि मध्य हिमालय में स्थित गौमुख ग्लेशियर में हो रहे बदलाव को समझना बहुत जरूरी है। समय रहते यदि इसके चारों ओर के पर्यावरण संरक्षण और संयमित विकास पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उत्तराखंड में गंगा के उद्गम आपदा और जलवायु परिवर्तन के चलते बुरी तरह प्रभावित हैं। इस भयानक स्थिति के बाद भी गंगा की एक महत्वपूर्ण धारा भागीरथी के उद्गम से ही गंगा की निर्मलता को लेकर एनजीटी ने बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरी बात है कि भागीरथी के उद्गम में लाखों देवदार के पेड़ों पर संकट की तलवार लटक रही है। यहां चौड़ी सड़क बनाने के लिए घने देवदार के जंगल को काटने की तैयारी चल रही है। इस विषय को तो राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया जाना ही चाहिए और एक बार फिर देशवासी उद्गम से लेकर देश में जहां-जहां से गंगा बह रही है उन तमाम राज्यों से हो रहे प्रदूषण, अतिक्रमण, शोषण के खिलाफ एक बार फिर से नदी बचाओ अभियान की तर्ज पर एकत्रित होकर आवाज बुलंद करना चाहिए।

# झारखण्ड में क्यों धराशाई हो गए नफरत फैलाने के विशेषज्ञ?

**महाराष्ट्र की जीत को हिंदुत्व की जीत प्रचारित किया गया। भाजपा द्वारा बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं जैसे विवादित व वैमनस्य पूर्ण नारों का सहारा लिया गया। इसतरह वही भाजपा जिसने कभी बाल ठाकरे की शिवसेना की बैसाखी के सहारे महाराष्ट्र में अपने पैर रखने के प्रयास किये थे। उसी भाजपा ने शिवसेना को खंडित कर शिंदे गुट को अपने साथ मिलाकर पहले तो उद्धव ठाकरे की निर्वाचित सरकार गिराई। साथ ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में फूट डलवाकर अजित पवार व उनके साथी विधायकों को अपने साथ जोड़ा।**





**-निर्मल रानी-**

**(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

गत दिनों महाराष्ट्र व झारखण्ड के विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित हुये। दोनों ही राज्यों ने सत्तारूढ़ दलों को ही पुनः सत्ता सौंपने का जनादेश दिया। परन्तु भोंपू मीडिया ने महाराष्ट्र में भाजपा व शिवसेना (शिंदे) की जीत को कुछ इस तरह पेश किया गोया उसने आगामी 2029 के लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल जीत लिया हो। महाराष्ट्र की जीत को हिंदुत्व की जीत प्रचारित किया गया। भाजपा द्वारा बंटेंगे तो कटेंगे और ह्यएक हैं तो सेफ हैं जैसे विवादित व वैमनस्य पूर्ण नारों का सहारा लिया गया। इसतरह वही भाजपा जिसने कभी बाल ठाकरे की शिवसेना की बैसाखी के सहारे महाराष्ट्र में अपने पैर रखने के प्रयास किये थे।

उसी भाजपा ने शिवसेना को खंडित कर शिंदे गुट को अपने साथ मिलाकर पहले तो उद्धव ठाकरे की निर्वाचित सरकार गिराई। साथ ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में फूट डलवाकर अजित पवार व उनके साथी विधायकों को अपने साथ जोड़ा। और अब ताजा तरीन चुनावों में शिव सेना शिंदे गुट को भी पीछे छोड़ भाजपा ने अपने दम पर सबसे अधिक सीटें जीत कर महायुति गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों पर हुये चुनाव में बीजेपी ने 125 सीटें, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने 57 सीटें और अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसतरह महायुति गठबंधन ने 234 सीटें हासिल कर राज्य में जोरदार जीत हासिल की।

भाजपा द्वारा तोड़ फोड़, वैमनस्य और सत्ता बल के दुरूपयोग के अलावा नफरत फैलाने साम्प्रदायिकता भड़काने का खेल झारखण्ड में भी खेला गया। वहां भी इन्हीं बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारों का सहारा तो लिया ही गया साथ ही जानबूझकर बंग्लादेशी घुसपैठिये के नाम पर अल्पसंख्यक विरोध की जमकर राजनीति भी की गयी। निर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सत्ता का दुरूपयोग कर जेल भेजा गया। चंपई सोरेन जिन्हें हेमंत सोरेन ने जेल जाते समय अपना उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री बनाया था उस चंपई को भी भाजपा ने एकनाथ शिंदे की ही तर्ज पर अपने साथ मिला लिया और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को कमजोर करने की कोशिश की गयी। भाजपा ने राज्य के चुनावों में नफरती जहर घोलने के लिये केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा जैसे दो नेताओं को स्थाई रूप से झारखण्ड चुनावों में तैनात किया। इन नेताओं ने ही यहाँ बड़ी ही प्रमुखता से बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा का नाम इसलिये भी उल्लेखनीय है क्योंकि इनके कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हीं को कांग्रेस पार्टी का सबसे भ्रष्ट नेता बताती थी। और इन्हीं को बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाने के लिये झारखण्ड भेजा गया? इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा की पूरी सेना राज्य में मतों के ध्रुवीकरण के प्रयास में लगी रही परन्तु इन सबके बावजूद चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं आ सके और झामुमो गठबंधन पुनः अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बना पाने में सफल रहा।

गौरतलब है कि भाजपा अपने मिशन के अनुसार लंबे समय से इस शांतप्रिय आदिवासी बाहुल्य राज्य को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का असफल प्रयास करती रही है। याद कीजिये जब जुलाई 2018 में केंद्र सरकार में तत्कालीन मंत्री और झारखंड के हजारीबाग से भाजपा सांसद जयंत सिन्हा मॉब-लिंचिंग के आरोपियों को जमानत मिलने पर फूल-माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करते व उन हत्यारों को मिठाई खिलाते नजर आये थे। 2017 में इन आठ साम्प्रदायिक हत्यारों ने एक मुस्लिम मांस व्यापारी की रामगढ़ में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जमानत मिलने के बाद यह हत्यारे केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के हजारीबाग स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे जहाँ मंत्री जयंत सिन्हा ने इन सभी का सम्मान किया। उसके बाद भी इस राज्य में मॉब लॉन्चिंग व साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने की अनेक घटनायें हुईं। परन्तु इन सब के बावजूद झारखण्ड के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को बचा पाने में झामुमो कांग्रेस व राजद जैसे सहयोगियों का गठबंधन पूरी तरय सफल रहा। हाँ इस चुनाव में राज्य को झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्न ी कल्पना सोरेन के रूप में एक नई युवा महिला नेता जरूर मिल गयी। साथ ही चंपई सोरेन को भी राज्य के मतदाताओं ने पटखनी देकर यह बता दिया कि राज्य की जनता विभीषणों के साथ हरगिज नहीं है। न ही राज्य के लोगों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर मुस्लिम विरोध की भाजपाई साजिश को स्वीकार किया।

ठीक इसके विपरीत राज्य के बहुसंख्य आदिवासियों ने पूरी एकता के साथ व आदिवासी अस्मिता की रक्षा की खातिर झारखण्ड के स्थाई निवासियों को घुसपैठिया बताने वालों को ही घुसपैठिया चुनाव प्रचारक बताकर 5 वर्षों के लिये चुनावी परिदृश्य से बाहर धकेल दिया। निश्चित रूप से राज्य के मतदाताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी को भी आदिवासी अस्मिता पर हमले के तौर पर देखा। अन्यथा केंद्रीय सत्ता, भारी धनशक्ति, मीडिया, शासन तंत्र, लालच, भय, झूठ व अफवाह का आडम्बर, नफरती विष बेल क्या नहीं था भाजपा के पास, परन्तु कुछ भी झारखण्ड में काम न आया? निश्चित रूप से राज्य के लोगों ने एक हैं तो सेफ हैं जैसे भाजपाई नारों का अनुसरण करते हुए पूरी एकता का प्रदर्शन करते हुये उन बाहरी लोगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया जो अन्य प्रदेशों से आकर राज्य के संयुक्त समाज व सभ्यता यहाँ की सांझी तहजीब आदि को समाप्त करना चाह रहे थे।

सही मायने में झारखण्ड के लोगों ने पूरे देश के मतदाताओं को यही सन्देश दिया है कि केंद्रीय सत्ता, धनशक्ति, मीडिया, भय, झूठ व अफवाह तथा नफरती भाषणों के बावजूद ऐसी शक्तियों को पराजित किया जा सकता है जोकि मात्र सत्ता हासिल करने की गरज से अन्य राज्यों से आकर स्थानीय लोगों के बीच फूट डलवाने व उन्हें आपस में लड़वाने का काम करती हैं। झारखण्डवासियों की इसी एकता के चलते नफरत फैलाने के विशेषज्ञ राज्य चुनावों में बुरी तरह धराशाई हो गए?

# संस्कृति और इतिहास बचाने के लिए डैमोग्राफी को बचाना क्यों जरूरी?

**भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है। वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है।**





**अशोक मधुप**

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या बढ़ोतरी की दर में गिरावट (प्रजनन दर में गिरावट) पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि जब किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे गिर जाती है, तो वह समाज धीरे-धीरे नष्ट हो जाता है। भागवत ने यह बयान एक कार्यक्रम के दौरान दिया, जिसमें उन्होंने जनसंख्या नीति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है। वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, इस तरह उन्होंने तीन बच्चों की जरूरत पर जोर दिया। जनसंख्या विज्ञान भी यही कहता है कि यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने देश को उस कड़वे सत्य से परिचित कराने का प्रयास किया है जिसका हिन्दू समाज अपनी उदासीनता के कारण सामना नहीं करना चाहता। मोहन भागवत ने 2021 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट को सम्मुख रख अपनी चिंता प्रकट की है। लेकिन धरातल का सत्य है कि 1901 से 2001 के जनसंख्या आंकड़ों पर ध्यान दें तो बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। इतिहास में जाए तो अफगानिस्तान तक भारत था और यहां हिन्दू राजाओं का ही राज था। 1947 में जनसंख्या में आए बदलाव के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था।

विश्व पर नजर दौड़ाएं तो आपको संघ प्रमुख भागवत की चेतावनी व चिंता का कारण समझ आ जाएगा। विश्व के जिस क्षेत्र में ईसाई या मुस्लिम जनसंख्या बहुमत में आई है वहां की संस्कृति ही बदल गई वहां की मूल संस्कृति और इतिहास सब कुछ लुप्त हो गया।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस समस्या को लेकर चिंता प्रकट की है अतीत में उसी को पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने विभिन्न ढंग से कहा है मुसलमान भारत परराजनीतिक श्रेष्ठता स्थापित करने के विचार को लेकर चलते हैं। अतः यह न धार्मिक समस्या है और न सामाजिक, यह तो सीधी राजनीतिक समस्या है।

भारत में इस्लाम मौलवी या फकीरों के प्रचार के द्वारा नहीं आया, अपितु यह आक्रमणकारियों के द्वारा आया। सूफी फकीरों ने एक सोची समझी साजिश के तहत धर्मभीरू अंधविश्वासी आमजन को कनवर्जन के लिए नरम रुख दिखाया ताकि जोर-जबरदस्ती के साथ ही लचीला रुख दर्शा कर भी हिन्दू समाज को इस्लाम में कन्वर्ट किया जा सके। हिन्दुस्तान में ये आक्रान्ता लोग अपने आपको देश का मालिक समझने लगे। जो व्यक्ति हिन्दुस्तान में कनवर्जन कर मुसलमान बना, वह भी अपने आपको आक्रान्ताओं से जोड़कर देखने लगा और यहां की प्रत्येक विरासत से घृणा करने लगा। बाबर भारत में आक्रान्ता बतौर आया। यहां का एक बड़ा वर्ग खुद को देश की मूल सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत से अलग कर उससे नफरत करने लगा इसका परिणाम मुसलमान के अन्तः करण में आज तक है। इस कारण यदि हम उसे कहें कि इस भूमि को भारत माता कह तो वह मानता नहीं। इसे माता न मानने के कारण ही पाकिस्तान बना। हमने कहा राम और कृष्ण अपने पूर्वज हैं, परन्तु वह इन्हें अपना पूर्वज न मानकर अलग से दूसरे पूर्वजों को मानता है। इसलिए यह कहना पड़ता है कि यहां का मुसलमान राष्ट्रीय नहीं। हिन्दुस्तान विरोधी जो-जो चीजें होंगी, वह उनको ही अपनाता है। हमने भारत को मां कहा, परन्तु वह इसे दारूल हरब कहता है। हम गाय की पूजा करते हैं, परन्तु वह उसको काटता है। भारत में वह बकरीद कहकर त्यौहार मानता है। बकर का अर्थ अरबी में गाय होता है अर्थात जो गाय हमारे लिए पूजनीय है, वह इस त्यौहार पर बलि दी जाती है। यह हमारी श्रद्धा के विरुद्ध है।

देश में लगातार बहुसंख्यक वर्ग की जनसंख्या दर में गिरावट और एक खास अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी बढ़ोतरी हो रही है। यह भारत की डैमोग्राफी के लिए खतरनाक हो सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1% से नीचे नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंहने ये बात भी कह दी कि इसके लिए जरूरी है कि 2 की बजाय 3 बच्चे पैदा करें। यह संख्या इसलिए जरूरी है, ताकि समाज जिंदा रहे। मोहन भागवत ने नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में एक सभा में बोलते हुए कहा, कुटुंब समाज का हिस्सा है और हर परिवार एक इकाई है। हालांकि जनसंख्याक वृद्धि को देखते हुए सालों से ह्यबच्चे 2 ही अच्छेह्व का नारा सरकार की तरफ से लगाया जाता रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर एक ह्यआदर्श हंिदू परिवारह्व को कतिने बच्चे पैदा करने चाहिए? जानिए सनातन धर्म में इसके बारे में क्याआ कहा गया है।

मोहन भागवत से पहले प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने जबलपुर में एक कथा के दौरान कहा था कि ह्यहंदिुओं को 5-5 बच्चे पैदा करने चाहिए ह्व वहीं कुछ धर्म गुरु महलिाओं को कम से कम 4-4 बच्चेह पैदा करने की बात कह चुके हैं। ज्योतिर्मठ शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस सवाल के जवाब में कहा, ह्यहमारे यहां ह्यबहु पुत्रवति भवह्व ये आशीर्वाद हमेशा से दयिा जाता है। ह्यबहुह्व का मतलब होता है बहुवचन। हंदिी में एक वचन और बहुवचन होते हैं, यानी दो भी हो तो वो बहुवचन हो जाता है लेकिन संस्कृबत में एक वचन, द्विवचन और बहुचन होते हैं। यानी तीन होने पर ही उसे बहुवचन कहा जाता है। इसका अर्थ है कि तीन तो होने ही चाहिए।

# पर्यावरण की चिंता बनता बढ़ता औद्योगिक कचरा

विवेक रंजन श्रीवास्तव

विकास का सूचक और अर्थव्यवस्था का आधार बनता बढ़ता मशीनीकरण आज आधुनिक जीवन के हर क्षेत्र को संचालित कर रहा है। आधुनिक जीवन मशीनों पर इस कदर निर्भर है कि इसके बिना कई काम रूक जाते हैं। इंटरनेट और मोबाइल दूरी व समय की सीमाओं को लांघ कर सारी दुनिया को अपने में समेटने का दावा करते हैं। इस यंत्र युग में सारी दुनिया में हिंसा, शोषण, विषमता और बेरोजगारी भी बढ़ रही है। स्वास्थ्य समस्याएँ और पर्यावरण विनाश भी अपने चरम पर हैं। दौड़ती-भागती जिंदगी में समय का अभाव प्रायः आम शिकायत रहती है। रिश्तों में कृत्रिमता और दूरियाँ बढ़ रही हैं। लोग स्वयं को बेहद अकेला महसूस करने लगे हैं। बढ़ती मशीनों ने मनुष्य की शारीरिक श्रम की आदत को कम करके स्वास्थ्य समस्याओं का आधार तैयार किया है। दूरदर्शी गांधीजी ने चेताया था कि-अगर मशीनीकरण की यह सनक जारी रही, तो काफी संभावना है कि एक समय ऐसा आएगा जब हम इतने असमर्थ और लाचार हो जाएगे कि अपने को ही यह कोसने लगेंगे कि हम भगवान द्वारा दी गई शरीर रूपी मशीन का इस्तेमाल करना क्यों भूल गए। बढ़ता मशीनीकरण उपभोक्तावाद को बढ़ावा देकर समाज में विषमता की नींव को पुख्ता करता आया है। एक औद्योगिककृत अर्थव्यवस्था में अंधाधुंध बढ़ता मशीनीकरण वस्तुतः स्थानीय जरूरतों व सीमाओ को लांघकर व्यापक स्तर पर वस्तुओं के उत्पादन, बिक्री या खपत को बढ़ाने की महत्वाकांक्षाओ से प्रेरित होता है। औद्योगिक कचरे को बढ़ाता है। ग्लोबल वार्मिंग को जन्म देता है। पर्यावरण प्रदूषण की ऐसी आग को जन्म देता है जिसे बुझाने वाला सचमुच कोई नहीं है. भोपाल गैस त्रासदी को वर्षो हो गए हैं। वहां पर पड़ा जहरीला अपशिष्ट प्रत्येक मानसून में जमीन में रिस कर प्रति वर्ष क्षेत्र को और अधिक जहरीला बना रहा है। कंपनी को इस बात के लिए मजबूर किया जाना चाहिये कि वह इसे अमेरिका ले जाकर इसका निपटान वहां के अत्याधुनिक संयंत्रों में करे परन्तु इसके बजाय सरकारें अब भोपाल ही नहीं बल्कि गुजरात में अंकलेश्वर व म.प्र. के पीथमपुर के भस्मकों में इसे जला कर इस औद्योगिक अति हानिकारक कचरे को नष्ट करना चाहती हैं।

आधुनिकीकरण के चलते गैस त्रासदी भुगत चुकी दुनिया इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अनुपयोगी हो जाने से इकट्ठा हो रहे कचरे का निपटान भी सही ढंग से नहीं हो कर पा रही है। इस कारण पर्यावरण के खतरे भी अंधाधुंध बढ़ रहे है। एक अध्ययन के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष डेढ़ लाख टन ई-वेस्ट या इलेक्ट्रॉनिक कचरा बढ़ रहा है। इसमें देश में बाहर से आने वाले कबाड़ को जोड़ दिया जाए तो न केवल कबाड़ की मात्रा दुगुनी हो जाएगी, वरन् पर्यावरण के खतरों और संभावित दुष्परिणामों का सही अनुमान भी नहीं लगाया जा सकेगा। प्रतिवर्ष भारत में बीस लाख कम्प्यूटर अनुपयोगी हो जाते हैं। इनके अलावा हजारों की तादाद में प्रिंटर, फोन, मोबाइल, मॉनीटर, टीवी, रेडियो, ओवन, रेफ्रिजरेटर, टोस्टर, वेक्यूम क्लीनर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, पंखे, कूलर, सीडी व डीवीडी प्लेयर, वीडियो गेम, सीडी, कैसेट, खिलौने, फ्लोरेसेंट ट्यूब, बल्ब, ड्रिलिंग मशीन, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, थमार्मीटर और मशीनें आदि भी बेकार हो जाती हैं। जब उनका उपयोग नहीं हो सकता तो ऐसा औद्योगिक कचरा खाली भूमि पर इकट्ठा होता रहता है, इसका अधिकांश हिस्सा जहरीला और प्राणीमात्र के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है। कुछ दिनों पहले इस तरह के कचरे में खतरनाक हथियार व विस्फोटक सामग्री भी पाई गई थी। इनमें धातुओं व रासायनिक सामग्री की भी काफी मात्रा होती है जो संपर्क में आने वाले लोगों की सेहत के लिए खतरनाक होती है। लेड, केडमियम, मरक्यूरी, एक्बेस्टस, क्रोमियम, बेरियम, बेटीलियम, बैटरी आदि यकृत, फेफड़े, दिल व त्वचा की अनेक बीमारियों का कारण बनते हैं। अनुमान है कि यह कचरा एक करोड़ से अधिक लोगों को बीमार करता है। इनमें से ज्यादातर गरीब, महिलाएँ व बच्चे होते हैं। इस दिशा में गंभीरता से कार्रवाई होना जरूरी है मगर देश के लोगों की मानसिकता अभी कबाड़ संभालने व कचरे से आजीविका कमाने की बनी हुई है। ऊर्जा उत्पादन हेतु ताप विद्युत संयंत्र, बड़े बाँध, प्रत्यक्ष और परोक्ष में बहुत अधिक मात्रा में औद्योगिक कचरा फैला रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 29 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण / निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 03.12.2024 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 29 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-06, शराब सेवन 12, वारंट में-04, हत्या में-02, हत्या का प्रयास में 01. एससी/एसटी एक्ट में-01, अपहरण में-01 एवं एनडीपीएस एक्ट में-02 अभियुक्त शामिल हैं।

जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 66 वाहनों से 1,87,000 रू० जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-286 ली०, मोटरसाइकिल-02, अपहृता-03, गांजा-92 ग्रा०, स्मैक 1.92 ग्रा0 एवं नगद राशि-47,450 रु बरामद किया गया है।

### बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य पथ चमेनिया मोड़ पर गन्ना लदी ट्रॉली पलटी

बगहा। बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग चमेनिया मोड़ पर गन्ना लदी ट्रेक्टर ट्रॉली गत को पलट गई।गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत की खबर नहीं मिली है।बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली में गन्ना ओवर लोड था जिस कारण ट्रॉली अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई है। इन दिनों गन्ना का सीजन चल रहा है।किसान और काश्तकार ट्रॉली में ज्यादा से ज्यादा लोडिंग कर कांटा करवाने के चक्कर मे हादसे का शिकार हो रहे है।गनीमत रही कि रात्रि पहर होने की वजह से सड़कों पर ट्रैफिक नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। आए दिन ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने और उसके चपेटे में आने वाली घटनाएं खबरों की सुर्खियां बन रही हैं।

### युवती के साथ दुष्कर्म ,प्राथमिकी दर्ज युवती को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया

बगहा। बगहा पुलिस जिला स्थित वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के कोतराहा निवासी एक 18 वर्षीय युवती ने रमपुरवा निवासी अमर राम पर थाना में आवेदन दे कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।उसने अपने आवेदन में लिखा है कि मंगलवार की दोपहर लगभग 2 बजे अपने घर के पास जंगल में बेर तोड़ रही थी तभी अमर राम रमपुरवा हरिजन टोला निवासी आया और पीछे से मुझे पकड़ कर पटक दिया और मेरे साथ जोर जबरदस्ती करने लगा।जब मैं हल्ला की तब मेरा मुंह दबा कर मेरे साथ गलत काम कर भाग गया।ये सब घटना अपने मां को बताई।मेरी मां मुझे ले कर उसके घर उलाहना देने गई।तब उसका भाई लक्ष्मण राम और उसकी बहन गाली गलौज कर भगा दिया।साथ ही धमकी देते हुए कहा कि अगर थाना में शिकायत की तो तुम्हारे दोनों भाई को जान से मार दूंगा।इससे पूर्व भी मेरे साथ अमर राम तीन बार इस तरह का काम कर चुका है।इस बाबत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 110/24 दर्ज करते हुए युवती को मेडिकल जांच के लिए भेजा जा रहा है।तथा नामजद अभियुक्त के गिरफ्तारी के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

### सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो आरोपी दोषी करार, सजा की बिंदु पर फैसला 6 को

छपरा। एडीजे प्रथम नीरज कुमार की अदालत ने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है ' सजा की बिंदु पर 6 दिसंबर को फैसला सुनाया जाएगा ' विदित हो की 5 सितंबर 2022 को दरियापुर थाना क्षेत्र के पूजा कुमारी काल्पनिक नाम के साथ शौच करने के दौरान खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था ।

जिसमे बृजेश राय एवं खुशल कुमार को अदालत ने दोषी करार दिया है ' बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह एवं सतीश चंद्र राय ने कहा कि अभियुक्तों की उम्र काफी कम है ऐसे में उन्होंने अदालत से कम से कम सजा देने की मांग रखी ' वहीं अभियोजन से अपर लोक अभियोजन विदित कुमार एवं रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि लड़की अभी अविवाहित हैं,ऐसे में पीड़िता के साथ घृणित कार्य किया गया है ।

अभियुक्तों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उन्होंने न्यायालय से की ' वहीं दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद एडीजे प्रथम नीरज कुमार ने फैसला सुरक्षित रख लिया ।

# डीएम ने भारतीय कॉर्प के मत्स्य बीज को घाघरा नदी में प्रवाहित कर कार्य का किया शुभारंभ



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।बुधवार को सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड में घाघरा नदी पर अवस्थित नाथ मंदिर पर गंगा नदी तंत्र में नदी पुनर्स्थापना कार्यक्रम (रिवर रैचिंग) के तहत जिला पदाधिकारी, अमन समीर के द्वारा अंगुलिका साइज का भारतीय कॉर्प का मत्स्य बीज को घाघरा नदी में प्रवाहित करने का शुभारंभ किया गया। उपस्थित मछुआरों के बीच यह संदेश दिया गया कि बिहार में कालांतर में नदियों के प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र पर मानव गतिविधियों और अविवेकपूर्ण मत्स्य दोहन एवं पर्यावरण प्रदूषण हावी होने के फल स्वरुप नदियों के मत्स्यकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इससे न केवल मत्स्य उत्पादन प्रभावित हुआ है बल्कि मूल मत्स्य प्रजातियों की विविधता अवांछनीय मछलियों की प्रजातियों में अभिवृद्धि तथा मत्स्य उत्पादन में अविश्वसनीय क्षति हुई है जिसका सीधा प्रभाव मछुआरों के आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति एवं नदियों के जल के गुणवत्ता पर पड़ा है।

बढ़ती आबादी के साथ गुणवत्ता युक्त मत्स्य प्रोटीन की मांग में अभिवृद्धि, नदी मत्स्य संसाधन के सतत उपयोग, संरक्षण तथा मछुआरों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को दृष्टिपथ में रखते हुए रिवर रैचिंग कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके आलोक में भारतीय कार्प के अंगुलिका साइज मत्स्य बीज का घाघरा नदी में 3.50 लाख मत्स्य बीज का प्रवाह का शुभारंभ किया गया। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य इससे मछली उत्पादन बढ़ता है, इससे नदी की जैव विविधता बनी रहती है, इससे मछुआरों की आजीविका में सुधार होता है, इससे नदी प्रणाली में स्वस्थ वातावरण बनता है, इससे मत्स्य संसाधनों का सतत उपयोग और संरक्षण होता है, इससे पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होता है, इससे सामाजिक-आर्थिक लाभ में वृद्धि होती है।

सभी से अपील है कि अंगुलिका साइज मछलियों का नदियों से शिकार ना किया जाए, इसे बढ़ने-फलने फूलने दिया जाए। इस कार्यक्रम में जयमित्रा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष, सुमन कुमार, उप मत्स्य निदेशक सारण परिक्षेत्र, छपरा, उमेश रंजन, उप मत्स्य निदेशक (सा० एवं वि०) मत्स्य निदेशालय पटना, जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार के अलावा, राम विचार मांझी, अंकित श्रीवास्तव, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी, नरेंद्र कुमार, मो० अख्तर हुसैन, अमृता रंजन, आस्था मिश्रा, मत्स्य विकास पदाधिकारी कनीय अभियंता श्रवण पंडित, मत्स्य बीज हैचरी मालिक सुखराम, सुदीश कुमार जलालपुर, मांझी, रिविलगंज, मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सदस्य एवं मंत्री उपस्थित थे।

# यौन शोषण के आरोपी को मुख्य अतिथि बनाए जाने पर आइसा ने किया विरोध

**जयप्रकाश विश्वविद्यालय में यौन शोषण करने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित करने के लिए जेपीयू के कुलपति शर्म करो : आइसा**



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। बुधवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में आयोजित इतिहास संकलन समिति के कार्यक्रम में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रजनीश कुमार शुक्ला को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया । इसका विरोध छात्र संगठन आईसा के द्वारा जबरदस्त तरीके के जे पी यू के मुख्य द्वार पर किया। संगठन के नेताओं ने कहा कि यह अत्यंत खेदजनक और निंदनीय है कि एक ऐसे व्यक्ति को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया है, जिन पर यौन शोषण के गंभीर आरोप हैं। इन्हीं आरोपों के कारण उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। ऐसे विवादित और दागी व्यक्तित्व को विश्वविद्यालय परिसर में आमंत्रित करना यहां के स्वस्थ शैक्षणिक और सामाजिक वातावरण को दूषित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमारा छात्र संगठन इस कदम की कड़ी निंदा करता है और इसे विश्वविद्यालय की गरिमा और मूल्यों के विरुद्ध मानता है।

ऐसे महिला विरोधी व्यक्ति के आगमन के विरोध में आइसा के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में प्रो. रजनीश कुमार शुक्ला का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट कर किया गया।

आइसा नेता मांग कर रहे थे कि ऐसे व्यक्तियों को विश्वविद्यालय परिसर में आमंत्रित करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

छात्रों की आवाज और उनके संघर्षों का सम्मान करना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। हम मांग करते हैं कि विश्वविद्यालय प्रशासन तुरंत कार्रवाई करे और प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ला को कैंपस से बाहर जाने का निर्देश दे और गिरफ्तार किया जाए।

## महाराजगंज सांसद ने की लोकसभा में वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा सदर। बुधवार को महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने लोकसभा में महाराजगंज संसदीय क्षेत्र की जनता सहित सारण प्रमंडल की जनता को रेल सुविधा प्रदान करने के लिए ह्लवंदे भारत/अमृत भारतह्व ट्रेन चलाये जाने की मांग नियम-377 के अधीन की। उन्होंने लोकसभा के पटल पर अपनी बातो को रखते हुए कहा कि मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा,बिहार उत्तरी बिहार के सारण प्रमंडल के सिवान एवं सारण (छपरा) जिला में विस्तारित है ' इन जिलों का उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग के कई जनपदों का सीमावर्ती लगाव है ' ऐसे में उत्तर प्रदेश और बिहार के आम जनता का रेल से आवागमन हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जं,एकमा रेलवे स्टेशन,एकमा एवं सिवान जं.का आमतौर पर उपयोग किया जाता है ' आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में तेज गति से कम समय में देश के अंदर रेल से आवागमन हेतु ह्लवंदे भारत/अमृत भारतह्व ट्रेन चलाया जा रहा है ' इसलिए जनहित में मेरा भी मांग है कि छपरा जं. से एकमा रेलवे स्टेशन पर ठहराव करते हुए दिल्ली तक,सिवान जं.से एकमा स्टेशन पर ठहराव करते हुए कोलकता तक और छपरा जं. से मांझी रेलवे स्टेशन पर ठहराव करते हुए वाराणसी के लिए एक-एक जोड़ी वंदे भारत/अमृत भारत ट्रेन चलाया जाये । उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से रेल मंत्री से आग्रह किया कि छपरा जं.और सिवान जं.से उपर्युक्त स्थानों के लिए वंदे भारत/अमृत भारत ट्रेन का संचालन जल्द हो।

# बिहार में उद्यमिता और स्टार्टअप क्रांति लाने की है जरूरत : विकास वैभव

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । बिहार में उद्यमिता की एक ऐसी क्रांति लाने की जरूरत है, युवा वर्ग आर वर्कस्टार्टअप, उद्योग और व्यवसाय की और बढ़ सके, इसके लिए आगामी 8 दिसंबर को नमस्ते बिहार कार्यक्रम के तहत स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम के मैदान में वृहद जनसंवाद कार्यक्रम आयोजन हो रहा है, इस अभियान में बिहारवासी अधिक से अधिक संख्या में जुटे और बिहार को विकसित प्रदेश बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें ' उक्त बातें पुलिस सेवा के तेज तर्रार आईपीएस विकास वैभव ने परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही ' बता दें कि नमस्ते बिहार कार्यक्रम को लेकर आईपीएस विकास वैभव आज छपरा पहुंचे थे ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए आईपीएस विकास वैभव ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम करने का उद्देश्य बिहार के उज्जवल भविष्य के लिए जाति समुदाय से ऊपर उठकर बिहार वासियों को एकजुट करना है ' जिससे शिक्षा का प्रचार- प्रसार के साथ -साथ समता मूलक समाज का निर्माण हो सके ।

उन्होंने संबोधित करते हुए यह भी कहा कि विकसित राज्य बनाने को लेकर यह जरूरी है कि बिहार में उद्यमिता की एक ऐसी क्रांति लाया जाए, जिससे युवा वर्ग स्टार्टअप, उद्योग और व्यवसाय की ओर बढ़ सके ' सूबे में एक ऐसा इकोसिस्टम बन सके, जिससे युवाओं को सहयोग और मार्गदर्शन मिल सके ' आईपीएस ने विकास वैभव ने पत्रकारों से यह भी कहा कि नमस्ते बिहार अभियान के तहत यह संदेश राजनीतिक नहीं है और नहीं चुनाव जीतना है, बल्कि विकसित बिहार बनाने को लेकर के प्रतिभा के धनी युवाओं के ऊर्जा को उपयोग करना है ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार से पलायन को रोकना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना है, जिससे बिहार वासियों को दूसरे राज्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर जाने की जरूरत ना पड़े ' मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने यह भी कहा कि सारण की ऐतिहासिक धरती पर यह चौथा कार्यक्रम है।

## पड़ोसी पर माँ ने चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया, आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा।बाघ के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के कमार्बारी निवासी एक मां ने अपने चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए अपने पड़ोसी के विरुद्ध थाने में आवेदन दे कर प्राथमिकी दर्ज कराई है।उसने अपने आवेदन में लिखा है कि मंगलवार की शाम तकरीबन पांच बजे अपने घर में कपड़ा धो रही थी तभी उसकी बच्ची की रोने की आवाज सुनी।रोने की आवाज सुन कर अपने बच्ची के पास पहुंची तब देखी कि उसका पड़ोसी राजन कुमार उसकी बच्ची को बिस्तर पर लेटा रखा है,और बच्ची रो रही थी।जब मैं अपनी बच्ची को गोद में उठाया तो देखा कि उसका फ्रॉक भीगा हुआ था।उससे पूछताछ कि तुम मेरी बच्ची के साथ क्या कर रहा था,तब मेरे साथ गाली गलौज करते हुए अपने दरवाजे से भगा दिया।जिस पर मैं आपात सेवा 112 को बुलाई।इस बाबत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 111/24 दर्ज करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।साथ ही बताया कि इस मामले में फॉरेंसिक के टीम को बुलाया गया है जो टेक्निकल रूप से जांच कर रही है।जांच रिपोर्ट के अनुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।जब तक गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### योगी बाबा क्विज क्लब के प्रमंडलीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का सम्मान समारोह 8 को

प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुर। योगी बाबा क्विज क्लब देवरिया के प्रमंडलीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा के सफल प्रतिभागियों के लिए. सम्मान समारोह का आयोजन 8 दिसंबर 2024 रविवार को किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए क्विज संचालक अखिलेश्वर पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कोपा चट्टी स्थित एन आर एल पंप के पास गणेश पैलेस में किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल हैं। उन्होने बताया कि इस कार्यक्रम में150 चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं सारण प्रमंडल के पांच शिक्षकों को सारण गौरव सम्मान,18 शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान आदि को दिया गया।

# बगहा में पूर्वा सांस्कृतिक मंच बैनर तले देशरत्न जयंती समारोह का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता




बगहा। बगहा में पूर्वा सांस्कृतिक मंच के बैनर तले देशरत्न की जयंती समारोह का आयोजन किया गया।दरअसल देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140 वीं जयंती पूर्वा सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में नगर के महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया। दो दिवसीय समारोह के प्रथम सत्र में उपस्थित मुख्य अतिथि समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने डा. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी से जुड़े तमाम किस्से कहानियों पर प्रकाश डाला । जबकि दुसरे सत्र में कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन किया गया । इस दौरान कवियों ने अपने काव्य पाठ के द्वारा दर्शकों से खुब तालियां बटोरी। मंच का कुशल संचालन देहरादून से आये जानेमाने पत्रकार, लेखक सह पूर्वा सांस्कृतिक मंच के संस्थापक महासचिव सुभाष झा ने किया।बताया जा रहा है की वरिष्ठ साहित्यकार अखिलेश्वर नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली से हिमाचल कैडर के वरिष्ठ आईएफएस (रिटायर्ड) अजय लाल मुख्य अतिथि के रूप में जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुर्व जिला जज सगीर आलम व अनुमंडलीय अस्पताल बगहा के प्रभारी उपाधीक्षक एके तिवारी पहुंचे हुए थे। इस दौरान वक्ताओं ने देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के विलक्षण व्यक्तित्व व जीवन संघर्षों, स्वाधीनता आंदोलन में उनके योगदान समेत आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी उपलब्धियों को सविस्तार रेखांकित किया ।दुसरे सत्र के कवि सम्मेलन व मुशायरा के दौरान पुर्व जिला जज सगीर आलम ने जिस जगह बैठकर पी लें वहीं मयखाना बनें, जब पढी तो लोग हंसते हुए दाद देते नजर आये । वहीं कवि डा. ज्ञानेश्वर गुंजन ने, प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है और भोजपुरी रचना दुनिया के सब धन-दौलत से महतारी के बोली नीमन सुनाकर खुब तालियां बटोरी।

## जिला अध्यक्ष ने रामजयपाल कॉलेज परिसर छपरा में आयोजित कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।जदयू द्वारा आगामी 8 दिसंबर को राम जयपाल कॉलेज में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है।जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी,शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ,भवन निर्माण मंत्री जयंत राज शामिल होगे । उक्त बातें जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कही आलम ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला से लगमभग 5 से 6 हजार कार्यकर्ता शामिल होगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के वर्तमान विधायक ,विधान पार्षद जिला कार्यकारिणी वरीय नेता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रखण्ड अध्यक्ष बूथ स्तर के कार्यकर्ता साथी ग्रामीण स्तर पर जन संपर्क कर कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण दे रहे है बताते चले कि प्रदेश से नियुक्त सभी 10 विधानसभा प्रभारी अपने अपने प्रभार वाले विधानसभा में कैंप किए हुए है निरीक्षण के क्रम में महेश सिंह ,मनोज पटेल, ईङ्क प्रभाष शंकर,कुसुम देवी,रमेश किशन कुशवाहा इत्यादि सम्मिलित थे।

## सीबीआई ने 117 करोड़ रुपए के वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में दिल्ली एवं आसपास के 10 स्थानों पर ली तलाशी

प्रातः किरण, संवाददाता

पटना। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़े पैमाने पर वित्तीय घोटाले से जुड़े अन्तर्राष्ट्रीय साइबर सक्षम धोखाधड़ी मामले की जारी जांच के सम्बन्ध में आज दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों में 10 स्थानों पर तलाशी ली।

सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 403, 420 एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66डी के तहत उक्त मामला दर्ज किया, जो भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त एक लिखित शिकायत पर आधारित था। शिकायत में यह आरोप है कि अज्ञात संगठित साइबर अपराधी व संदिग्ध विदेशी कर्ता, पूरे भारत में व्यवस्थित वित्तीय धोखाधड़ी में संलिप्त हैं।

अब तक की जांच से पता चला है कि विदेशों से संचालित धोखाधड़ी करने वाले, भारत में पीड़ितों को निशाना बनाने हेतु वेबसाइट, व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। वे अंशकालिक नौकरी घोटाले, कार्य-आधारित धोखाधड़ी व शुरूआती निवेश पर उच्च रिटर्न के वादों के माध्यम से व्यक्तियों को लुभाते हैं। पीड़ितों द्वारा जमा किए गए धन को ह्लम्यूल एकाउंट्स के नेटवर्क के माध्यम से शीघ्रता से स्थानांतरित कर दिया जाता है, जो उनके मूल पहचान को छुपाने के लिए परतों का प्रयोग करते हैं। इन धनराशियों को अंततः एटीएम के माध्यम से विदेशों में निकाल लिया जाता है या पीवाईवाईपीएल जैसे फिनटेक प्लेटफॉर्म पर वॉलेट टॉप-अप के लिए उपयोग किया जाता है, जिसे अक्सर पीओएस लेनदेन के रूप में छुपे हुए अंतर्राष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क द्वारा सुगम बनाया जाता है। 1 जनवरी, 2023 से 17 अक्टूबर, 2023 के मध्य, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज 3,903 शिकायतों के विश्लेषण से पता चला है कि धोखाधड़ी करने वालों ने लगभग 117 करोड़ रु. की धनराशि हड़प ली। ये धनराशि, मुख्य रूप से दुबई एवं यूएई के अन्य स्थानों से निकाली गई। जांच में इन धोखाधड़ी वाले लेन-देन में संलिप्त 3,295 भारतीय बैंक खातों की पहचान की गई। इन खातों के जरिए भेजे गए पैसे का प्रयोग क्रिप्टोकरेंसी खरीदने में भी किया गया।

आज की गई तलाशी के दौरान, धोखाधड़ी में संलिप्त होने के संदेह में 10 व्यक्तियों के परिसरों से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं वित्तीय रिकॉर्ड सहित अपराध साबित करने वाले साक्ष्य जब्त किए गए।

सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान करने व अवैध धन के पूरे प्रवाह का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

सीबीआई, नागरिकों से डिजिटल प्लेटफॉर्म मिले प्रस्तावों के साथ जुड़ते समय सावधानी बरतने का आग्रह करती है, विशेषकर ऐसे प्रस्ताव जो त्वरित आय या आकर्षक निवेश का वादा करते हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दी जानी चाहिए।

## कायस्थ परिवार ने धूमधाम से मनाई देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती

छपरा सदर : मंगलवार को देर संध्या छपरा शहर के पार्टी क्लब में कायस्थ परिवार द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान कायस्थ परिवार के मुख्य संयोजक अभिजीत श्रीवास्तव ने संस्था के उद्देश्यों और विचारों को प्रकट करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। हैप्पी श्रीवास्तव, सोनम मिश्रा ग्रुप, पायल रानी ग्रुप, अदिति, नंदिनी, भारवी सौम्या , कृष्णा मेनन और अतुल श्रीवास्तव ने अपने गायन और प्रदर्शन से समां बांध दिया।इस कार्यक्रम में अभिजीत श्रीवास्तव और रेडियो मयूर के सीओओ अभिषेक अरुण के सहयोग से बिहार से भारत तक नामक सारण के महापुरुषों पर बन रही डॉक्यूमेंट्री फिल्म का पोस्टर भी लॉन्च किया गया। संस्था के सदस्य प्रिंस राज ने कहा कि वे हमेशा चित्रांशों की एकता के लिए अग्रणी रहे है ।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 100 बेड का मातृशिशु अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

प्रातः किरण, संवाददाता




छपरा। सूबे में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार संकल्पित है। इसी कड़ी में छपरा सदर अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के द्वारा आधुनिक सुविधाओं से लैस 21.26 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 100 बेड का मातृ शिशु अस्पताल, सदर अस्पताल में हीं 3.89 करोड़ की लागत से बने 42 बेड का प्री-फैब अस्पताल और जिले के अलग-अलग प्रखंडों में नवनिर्मित 7 उपस्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया गया। मंत्री ने कुल 70.34 करोड़ के योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वहीं सदर अस्पताल में नये मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नारेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि ग्राम पंचायत स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे उसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि आज यहां 100 बेड का मातृ-शिशु अस्पताल का शुभारंभ किया है। उन्होने कहा कि सारण में ऐसा कोई प्रखंड नहीं है जहां 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र न हो। लगभग सभी प्रखंडों में 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। उन्होने कहा था कि पहले लोगों ने कल्पना नहीं किया था कि सदर अस्पताल में सिटी स्कैन और डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। लेकिन मैने इस कल्पना को पूरा किया है। अब लोगों को यहां सिटी स्कैन और डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार देश में अग्रणी राज्यों शामिल हो रहा है। पीएम नारेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में टीकाकरण और दवा की उपलब्धता और सप्लाई में देश में पहले स्थान पर है। आम मरीजों को बेहतर सुविधा मिले यही हमारी प्राथमिकता है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस है एमसीएच

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मरीजों को बेहतर सेवा देने के उद्देश्य से मातृ-शिशु अस्पताल का निर्माण कराया गया है। यहां पर माँ और बच्चे का संपूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां पर सारी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। प्रसव पीड़िता को इस अस्पताल में एक बार भर्ती किए जाने के बाद प्रसव के उपरांत उसकी देखभाल एवं नवजात को किसी प्रकार की समस्या होने पर आईसीसी एवं एसएनसीयू से लेकर तमाम सुविधाएं इस बिल्डिंग में उपलब्ध है। ग्राउंड फ्लोर पर रजिस्ट्रेशन काउंटर, ऑपरेशन थियेटर, एलडीआर, इमरजेंसी थियेटर, स्टेराइल सप्लाई यूनिट, एचडीयू की सुविधा मिलेगी। वहीं प्रथम तल पर प्रसव कक्ष, आईसीयू, ओबीजी, एचडीयू, पीआईसीयू, एसएनसीयू, एमएनसीयू वार्ड बनाया गया है। दूसरे तल पर जेनरल आईसीयू, वार्ड, नर्सिंग स्टेशन बनाया गया है। तीसरे तल पर एनआरसी, इसीजी, डेंटल, साईक्लोजी रूम बनया गया है। चौथे तल पर आयुष वार्ड, कंसल्टेंट रूम, योगा रूम, न्यूरोपैथी, मेडिकल रिकार्ड रूम बनाया गया है। इस अस्पताल में के दोनों द्वार के समीप से सीढी बनाया गया है जो की चौथे माले तक जाएगा. इसके साथ ही दोनों गेट से सटे 2-2 लिफ्ट भी लगे हैं। डॉक्टर, अस्पताल कर्मी या मरीज एवं उनके परिजन भी इस लिफ्ट की सुविधा ले सकेंगे। इस जच्चा-बच्चा अस्पताल में प्रसव पीड़िताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैंप की भी व्यवस्था की गई है. इस भवन को रैंप से भी कनेक्ट किया गया है, ताकि एंबुलेंस से प्रसव पीड़िता को उतारने के तुरंत बाद उसे लेटे अवस्था में ही रैंप के माध्यम से ट्रॉली बेड से ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचाया जा सके अथवा चौथे माले के वार्ड से मरीज को ट्राली के माध्यम से भी नीचे लाया जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने भूमि पूजन कर मॉडल सदर अस्पताल की आधारशिला रखी। उन्होने कहा कि पूराने भवन को तोड़कर 39.20 करोड़ की लागत से 100 बेड का नया मॉडल सदर अस्पताल का निर्माण किया जायेगा। मंत्री ने आदेश दिया कि 15 दिसंबर तक नये एमसीएच भवन में सदर अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड को शिफ्ट कर निर्माण कार्य शुरू कराएं। ताकि मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। पुराने जर्जर बिल्डिंग में अस्पताल संचालित होने से कई तरह की कठिनाईयां होती थी जो अब दूर हो जायेगी। डेढ़ साल के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नये मॉडल अस्पताल में 24७७ आपातकालीन सेवा, ऑपरेशन थियेटर, लाँड्री, कीचन, सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ऑक्सीजन युक्त शैय्या, ब्लड बैंक इकाई, हाई डिपेंडेंसी इकाई, नर्सिंग स्टेशन, प्री-ओटी, पोस्ट-ओटी, जेनरल वार्ड, आईसीयू, लैब,एक्सरे की व्यवस्था होगी। यह अस्पताल चार मंजिला बनेगा। इस मौके पर छपरा विधायक डॉ. सीएन गुप्ता, एमएलसी सच्चिदानंद राय, पूर्व एमएलए ज्ञानचंद मांझी, जिलाधिकारी आदि थे।

# मीडिया कार्यशाला में विकसित भारत 2047 और वेब्स समिट पर हुई चर्चा

■ कार्यशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए जिले भर के पत्रकारों ने विकासात्मक रिपोर्टिंग पर की चर्चा

प्रात किरण संवाददाता



कैमूर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख मीडिया इकाई, प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी), पटना द्वारा कैमूर जिले के भभुआ में आज बुधवार (04 दिसंबर, 2024) को आयोजित एक दिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वातार्लाप का उद्घाटन जिले के उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश, पीआईबी, पटना के निदेशक आशीष के लकरा और सीबीसी पटना के प्रमुख उप-निदेशक संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। मौके पर कैमूर जिले के कई पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।

वातार्लाप को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश ने कहा कि सरकार जनता के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को बनाती और लागू करती है ताकि लोगों का विकास हो और जब जनता का विकास होगा तो राष्ट्र का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुँचाने की भूमिका मीडिया की भी है।

वहीं पर पीआईबी पटना के निदेशक आशीष लकड़ा ने वातार्लाप के उद्देश्य की चर्चा करते हुए कहा कि विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जन भागीदारी के साथ साथ मीडिया की भूमिका अहम है ताकि योजनाओं की जानकारी मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचे और मीडिया से मिले फीडबैक का प्रयोग बेहतरी के लिए किया जा सके।

वातार्लाप का संचालन करते हुए सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार ने परकारों के लिए पीआईबी द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।साथ ही कहा कि विकसित भारत @2047 का सपना जनता और मीडिया के सहयोग से पूरा होगा। उन्होंने केंद्र सरकार के वेव्स ओटीटी की चर्चा की।

वातार्लाप कार्यशाला में पीआईबी पटना के मीडिया एक्जिक्यूटिव संदीप कपूर ने वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले के मीडिया कर्मियों के समक्ष पीआईबी के कार्यकलापों, वेव्स समिट और वेव्स ओटीटी पर विस्तार से प्रकाश डाला।वातार्लाप को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर पांडेय ने कहा कि भारत विकास की गति को पकड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के तमाम योजनाओं को धरातल पर उतार कर देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है और इस दिशा में तेजी से प्रयास जारी है।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार प्रसून मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत के लिए जो भी योजनाएं चलायी जा रही है उसे धरातल पर उतारने के लिए अधिकारियों और पत्रकारों को आगे आना होगा। वहीं वरिष्ठ पत्रकार शब्बीर खान ने कहा कि विकासात्मक खबरों के लिए पत्रकार हमेशा तत्पर रहता है ताकि जन कल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुँच सके, लेकिन सही जानकारी और सूचना संबंधित अधिकारियों से नहीं मिल पाती है या वे देना नहीं चाहते,ऐसे में सरकार को आगे आना चाहिए ।कार्यशाला को मुख्यतः दो सत्रों में बांटा गया - उद्घाटन सत्र एवं तकनीकी सत्र। उद्घाटन सत्र और तकनीकी सत्र में जनकल्याण तथा इससे संबंधित योजनाओं की आमजन तक पहुंच बनाने में मीडिया की भूमिका और अपनी पत्रकारिता समस्याओं को लेकर भी कैमूर के पत्रकारों ने चर्चा की। कार्यशाला के बाद पत्रकारों ने फीडबैक फॉर्म भर अपनी बात रखी। कार्यशाला का धन्यवाद ज्ञापन सीबीसी के अधिकारी सर्वजीत सिंह ने किया।

## प्रखंड के 17 पैक्स में पांच परिणाम घोषित
### देर रात तक चलेगी मतगणना

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट प्रखंड क्षेत्र के 17 पैक्स की बुधवार सुबह आठ बजे से शुरू मतगणना में मात्र चार प्रत्याशियों का परिणाम घोषित हो पाया । वोटों की गिनती कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ । जहां बचे पैक्स क्षेत्रों की वोटो की गिनती देर रात तक चलने की उम्मीद जताई जा रही है । बुधवार की शाम चार बजे तक जितने वालो में अमरथा पैक्स से लाल मोहर सिंह को 987 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी नरेंद्र सिंह को 372 मत मिले, काराकाट से ओम प्रकाश सिंह को 759 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजेश कुमार सिंह को 315 मत प्राप्त हुए । किरहीं से विनोद कुमार सिंह को 626 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी रंजन कुमार को 559 मत मिले । गम्हरियां से नंदजीत सिंह को 775 मत जबकि उनके प्रतिद्वंदी मनोज कुमार सिंह को 775 मत हासिल हुए । वही सिकरियां पैक्स से संजय कुमार सिंह अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए है । पांचों प्रत्याशियों में से चार पुराने चेहरे व एक नए चेहरे को अध्यक्ष पद पर बने रहने का मौका मिला । वोटों की गिनती शुरू होते ही प्रत्याशियों व उनके समर्थकों का दिन भर मतगणना स्थल राम रूप पल्स टू उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडारी के बाहर जमावड़ा लगा रहा । दिन भर अपने प्रत्याशियों की परिणामों के इंतजार में समर्थक फूलमाला, गाजा बाजा के साथ मतगणना स्थल से बाहर जमे रहे । चार बजे परिणाम घोषित होते ही निर्वाचित प्रत्याशी व उनके समर्थकों का चेहरा खिल उठे । समर्थक अपने प्रत्याशियों को कंधों पर उठाकर रंग अबीर उड़ाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिला खुशियों का जश्न मनाया । मतगणना स्थल पर पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली । जहां सीओ डॉ रितेश कुमार ,थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी , एसआई रमन सिंह ,संजय कुमार ठाकुर ,संजय कुमार यादव,दया शंकर साह ,रविन्द्र कुमार यादव, भरथ साहनी ,महिला एसआई नूपुर कुमारी ,रफीक अंसारी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला पदाधिकारी भोजपुर द्वारा पीरों प्रखंड के कतर ग्राम का किया भ्रमण



प्रात किरण संवाददाता

आरा । जिला पदाधिकारी भोजपुर द्वारा पीरों प्रखंड के कतर ग्राम का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने नया आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का आदेश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने जीविका भवन के सामने स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण कराने और इसे जीविका समूह को सौंपने का निर्देश दिया, ताकि वहां बत्तख पालन और मछली पालन जैसी गतिविधियां संचालित की जा सकें ।जिला पदाधिकारी ने पशुपालन पदाधिकारी को पुराने भवन को तोड़कर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्लस्टर योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, पीरों को निर्देशित किया।

### हथियार के साथस तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



करहगर(रोहतास) । करगहर थाना क्षेत्र के बभन बरेहटा से डायल-112 ने दो पक्षों के बीच मारपीट व फायरिंग करने की सूचना पर डायल 112 ने पहुंच कर एक देशी राइफल, एक देशी लोडेड कट्टा, दो देशी कट्टा एवं तेरह जिंदा कारतूस के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । करगहर थानाध्यक्ष ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना पर डायल 112 पहुँची तो दोनों पक्ष पुलिस को देखकर भागने लगा। खदेड़कर तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया। आस-पास तलाशी लेने पर एक देशी रायफल, एक देशी लोडेड कट्टा तथा दो देशी कट्टा तथा 12 चक गोली बरामद हुआ। इस मामले दर्ज प्राथमिकी में मनोज कुमार राय उम्र करीब 47 वर्ष, धनंजय कुमार राय, उम्र करीब 44 वर्ष चंदन कुमार राय, उम्र करीब 34 वर्ष पवन कुमार राय, उम्र करीब 30 वर्ष चारों पिता स्व० रामचन्द्र राय जिसमें मनोज कुमार राय, धनंजय कुमार राय और चंदन कुमार राय को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### चौथी बार पैक्स अध्यक्ष बने संतोष सिंह, 266 मतों से हुए विजय

राजपुर (रोहतास) । रोहतास जिले के राजपुर प्रखण्ड के पडरिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद पर चौथी बार भी संतोष कुमार सिंह ने जीत दर्ज किए है। जिससे दर्शकों में उत्साह व्यक्त हो गया है। जहां चुनाव जीत के बाद पैक्स अध्यक्ष रथ से सुशोभित हो पंचायत पहुंचे। जानकारी के मुताबिक प्रखण्ड कार्यालय के सीडीपीओ हॉल में बुधवार को नौ बजे मतगणना कार्य शुरू हुआ। धीमी गति से चले मतगणना के कारण दो बजे दिन तक मात्र एक पंचायत का परिणाम जारी हो पाया। नीतीश सरकार में जब से पैक्स पदाधिकारियों का चुनाव शुरू हुआ है,तभी से पडरिया पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने इस अपना कब्जा जमा रखा है ।परिणाम की घोषणा करते हुए निर्वची पदाधिकारी सह बीडीओ रवि राज ने बताया कि पडरिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के लिए हुए मतगणना में संतोष कुमार सिंह को 1075 मत, जितेन्द्र कुमार को 39 मत, रमेनदर कुमार को 809 मत प्राप्त हुए।इस प्रकार संतोष कुमार सिंह को 266 मतों से विजयी घोषित किया गया ।पडरिया पंचायत के सदस्य पदों की मतगणना समाप्त करने में कर्मियों को तीन बज गए।

### प्रखंड-संझौली में तीन पर विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज

संझौली(रोहतास) । बिजली चोरी के खिलाफ चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत प्रखंड-संझौली मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर जुमार्ना लगाते हुए तीन लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की ग्राम-मसोना में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर कामेश्वर शर्मा पर 15030, रुन्दन कुमार पर 11667 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर से पहले एक अतिरिक्त तार खिंचकर मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी।

# राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर (सांस) की ई लांच सह उन्मुखीकरण का किया गया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर रअअठर (सांस) की एक ई लांच सह उन्मुखीकरण बैठक हुई। विदित हो कि 12 नवंबर 2024 से 28 फरबरी 2025 तक सांस अभियान 2024 /2025 का क्रियान्वयन हो रहा है। इस कार्यक्रम में 5 साल से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया रोकथाम ,रोकने एवं उसका इलाज करने हेतु अभियान चल रहा है।

इस कार्यक्रम में जिला मुख्य चिकित्सा पदाधिकारीडॉ के एन सिन्हा ,भोजपुर ने बताया कि बच्चों में निमोनिया से मृत्यु 17.5% हो रहा है। इसे रोकने के लिए बच्चों को जल्द एवं भरपूर मां का दूध, स्तनपान करना चाहिए। सर्दी खांसी होने पर उसका जल्द ही इलाज, दवा से करानी चाहिए और जिस बच्चों को बार-बार निमोनिया होता है, उसको निमोनिया की वैक्सीन,निमोकोकल कंजूगेट वैक्सीन (ढउश)तीन बार दी जाती है। 6 हफ्ते, 14 हफ्ते और बूस्टर 9 माह पर। बच्चों को धूल ,धुआ से दूर रखना है।

बच्चों में निमोनिया की रोकथाम एवं इलाज के बारे में विशेष रूप से पिरामल संस्था की मिस रॉहेल सुमित ने बताया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी विशेष ध्यान दें तथा जिला में जिला सामुदायिक उत्प्रेरक और मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी इसकी रिपोर्टिंग राज्य में करेंगे। इन्होंने कहा कि हर संस्था में निमोनिया के इलाज के लिए ऑक्सीजन और नेबुलाइजर ,दवा के साथ-साथ रहना जरूरी है। इस कार्यक्रम में पिरामल संस्था के सोमनाथ जी , जिला सामुदायिक उत्प्रेरक मोदी जी उपस्थित थे। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, हॉस्पिटल मैनेजर ,बीसीएम आदि स्वास्थ्य कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

## शास्त्रीय कला आइटम नही बल्कि आर्ट फॉर्म है :आदित्या

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । शास्त्रीय संगीत और नृत्य हजारों वर्ष की प्राचीन परंपरा है । यह कला आइटम नही बल्कि आर्ट फॉर्म है जिसे साधना और तपस्या से हासिल किया जाता है । भाग दौड़ के जीवन में सबकुछ फास्ट हो गया है लिहाजा सुर की जगह फास्ट फूड की तरह नुकसान करने वाला शोर चारो ओर व्याप्त है । जीवन में अगर सुकून और ठहराव चाहिए तो शास्त्रीय संगीत सुनना होगा जो हमारे मन मस्तिष्क को आनंद देने के साथ साथ एकाग्रता प्रदान करता है । उक्त बातें आरा की सुविख्यात कथक नृत्यांगना आदित्या श्रीवास्तव ने विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के मुख्य मंच से कही । अवसर था पर्यटन विभाग के मंच पर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सत्र का । इस अवसर पर नृत्यांगना आदित्या श्रीवास्तव ने कथक में परण जोड़ी आमद पर राधा कृष्ण के छेड़ छाड़ का प्रसंग, दो दर्जे की लायात्मक तिहाई पर सर्प की चाल, काली परण के माध्यम से रक्तबीज वध के प्रसंग को प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । वही बंदिश की ठुमरी ह्लगगरीया काहे फोड़ी बहिया मरोड़ीह्व पर अभिनय के माध्यम से राधा और कृष्ण के रास को दशार्या । विभिन्न लयकारी व बोल पढ़न्त के अंदाज ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। बोल- टुकड़ा, तिहाई व परणों पर भाव अभिनय के सामंजस्य को देख दर्शकों ने खूब तालियां बजाई । तबले पर गुरु बक्शी विकास ने व गायन एवं हारमोनियम पर हरिशंकर वर्मा ने संगत से रंग बिखेरा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के कई अधिकारीगण, संगीत शिक्षक व दर्शक उपस्थित थे।

## डीएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग के असैनिक निर्माण कार्यों का किया गया समीक्षा बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग के अंतर्गत चल रहे असैनिक निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय के कर्मी, जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक एक विद्यालय गोद लें और उसकी देखरेख करते हुए उसे एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करें ।समीक्षा के क्रम में भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, घेराबंदी, शौचालय निर्माण और अन्य निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी छोटे निर्माण कार्य, जो चल रहे हैं, उन्हें दिसंबर माह तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए।

अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य फरवरी 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया। सभी अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने आवंटित कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें ।इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं अन्य उपस्थित थे।

# द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स छठे स्थापना दिवस पर ट्रस्ट के रूप में निबंधन , राष्ट्रीय स्तर पर हुआ समिति का गठन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना । द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स संपूर्ण बिहार से सरकारी विद्यालयों के नवाचारी शिक्षकों का ऑनलाइन शिक्षण प्रदान करने वाला सबसे बड़ा मंच है। प्रत्येक वर्ष 4 दिसंबर को टीबीटी का स्थापना दिवस मनाया जाता है जो कि इस बार बेली रोड में मुख्यमंत्री आवास के निकट स्थित सभापति,बिहार विधान परिषद,अवधेश नारायण सिंह के सरकारी आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस छठे स्थापना दिवस के अवसर पर समूह को ट्रस्ट के रूप में निबंधित करने का बड़ा कदम उठाया गया। जिसमें सेटलर के रूप में डॉक्टर कुमार गौरव एवं दस ट्रस्टी को नामित किया गया वहीं पैट्रान अभिभावक सदस्य के रूप में ग्यारह बड़ी हस्तियां एवं शिक्षाविदों का आशीर्वाद लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन शिक्षा एवं सभी प्रकार के सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर इन शिक्षकों को तैयार किया जाएगा और इस कार्य में गतिशीलता लाने के लिए सर्वसम्मति एवं अभिभावक सदस्यों के निर्णय के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर एक आंतरिक समिति का भी गठन किया गया। इस समिति के संयोजक के रूप में डॉ.कुमार गौरव व राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में डॉ.कुमार मदन मोहन को निर्वाचित किया गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष क्रमशः मो. जियाउल होदा एवं रश्मि वाला वर्णवाल सचिव के रूप में रजनीश कुमार उपसचिव धर्मेंद्र कुमार,डॉ राम सज्जन सिंह एवं राजन कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार एवं मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता के रूप में डॉ.शिवकुमार प्रसाद एवं रीता कुमारी का निर्वाचन किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को अभिभावक सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया एवं अपने पद व दायित्व को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाया गया। अभिभावक सदस्यों में सभापति डॉ. अवधेश नारायण सिंह महान गणितज्ञ एवं पूर्व कुलपति,नालंदा खुला विश्वविद्यालय,पटना विश्वविद्यालय एवं मगध विश्वविद्यालय श्री के.सी. सिन्हा सर आर्यभट्ट विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डॉ. ज्ञानदेव मणी त्रिपाठी,पटना लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) प्रो वाणी भूषण सर समस्तीपुर ट्रेनिंग कॉलेज के पूर्व प्राचार्य तेज नारायण प्रसाद पूर्व विभागाध्यक्ष एससीईआरटी,पटना की वीर कुमारी कुजूर,पूर्व निदेशक एससीईआरटी, डॉ.एस ए मोईन सर, प्राध्यापक,कॉमर्स कॉलेज पटना प्रोफेसर संतोष कुमार व मैथमेटिकल सोसायटी के संयोजक विजय कुमार सर, बीके चौधरी निदेशक,सीआईडी,बिहार में से अधिकांश की उपस्थिति इस स्थापना दिवस समारोह में बनी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सभापति बिहार विधान परिषद अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि समाज के अग्रिम पंक्ति में खड़े ये शिक्षक अब और भी खुलकर समाज,संस्कृति और राष्ट्र के निर्माण में अपना अधिकतम योगदान कर सकेंगे ये समूह एक इतिहास बनाएगा जो सभी समाज एवं राज्यों के लिए अनुकरणीय होगा। अभिभावक सदस्यों के द्वारा नवनिर्वाचित समिति के पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

## विद्यालय में मनाई गई राजेन्द्र बाबू की जयंती

प्रातः किरण संवाददाता

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती सादगी के साथ मनाई गई। अध्यक्षता प्रधान शिक्षक मनोज कुमार तथा संचालन वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने की। उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात बच्चों को संबोधित करते हुए वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जीवनशैली और प्रतिभा अतुलनीय थी। देश की आजादी की लड़ाई में उनके योगदान तथा राष्ट्रपति के रूप में भारत को संवारने में उनकी महत्ती भूमिका अविस्मरणीय है ।विद्यालय के शिक्षक जितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष रहे तथा संविधान निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। शिक्षकों और बच्चों ने राजेन्द्र बाबू-अमर रहें के नारे बुलंद किए। कुछ बच्चों ने भी राजेन्द्र बाबू के संबंध में अपने शब्दों में मुख्य बातें बताई।

# जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा जगदीशपुर प्रखंड के ककिला गांव स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । जिला पदाधिकारी भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया द्वारा जगदीशपुर प्रखंड के ककिला गांव स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय कक्षों का जायजा लिया और अधिकारियों से कॉलेज में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, ककिला में एक खेल मैदान विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि छात्रों को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें।

इसके साथ ही जिला पदाधिकारी ने भवन निर्माण विभाग को कॉलेज के अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर को इस काम की सतत निगरानी करने हेतु निर्देशित किया।

जिला पदाधिकारी भोजपुर द्वारा पीरों प्रखंड के कतर ग्राम का भ्रमण किया गया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने नया आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का आदेश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने जीविका भवन के सामने स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण कराने और इसे जीविका समूह को सौंपने का निर्देश दिया, ताकि वहां बत्तख पालन और मछली पालन जैसी गतिविधियां संचालित की जा सकें।

जिला पदाधिकारी ने पशुपालन पदाधिकारी को पुराने भवन को तोड़कर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्लस्टर योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, पीरों को निर्देशित किया।

# बंगाल देश में हिन्दू अल्प संख्यकों पर हो रहे हमला के विरोध में धरना



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) । बंगला देश में हिंदू सिख जैन एवं बौद्धों पर हो रहे आक्रमण अत्याचार एवं जुल्म के खिलाफ आमलोगों ने अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता धनंजय सिंह एवं संचालन नवीन चंद्र शाह ने किया। धरना में उपस्थित लोगों ने बंगाल देश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद करने, इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कार्रवाई से मुक्त करने की मांग की। राजेंद्र सिंह ने धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बंगला देश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कटर पंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंता जनक है। धरना कार्यक्रम में बलिराम मिश्रा, रितेश रंजन, सुशील, नवनीत शाह, अखिलेश पांडेय पुष्पा पटेल, किशोर पासवान, नागेश्वर कुशवाहा, दुर्गेश कुमार, दशरथ मिश्रा, नंद जी, राकेश शर्मा, आनंद गुप्ता, अरुण, काशीनाथ पासवान, चुन्नू पांडेय, मिथिलेश तिवारी, सुरेश गुप्ता, भिखारी चंद्रवंशी, अरविंद मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, कुश पांडेय, देवेंद्र पांडेय, मुन्ना पांडेय, डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा, सुदर्शन प्रसाद वैश्य, रवि भास्कर, दिवाकर कुमार, काशीनाथ पासवान, गोपेश प्रसाद, शिवजी भारती सहित ब्राह्मण समाज सेवा संघ के नंदजी पांडेय, रजनीश पांडेय, रजनी कांत तिवारी कई लोग शामिल थे। धरना के अंत में इस विषय से संबंधित ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय को समर्पित किया गया। धरना स्थल पर मुखिया प्रतिनिधि चुन्नू पांडेय ,मिथिलेश तिवारी ,वरिष्ठ नागरिक सुरेश गुप्ता, भिखारी सिंह चंद्रवंशी ,अरविंद मिश्रा, अरुण कुमार सिंह ,कुश पांडेय ,देवेंद्र पांडेय ,मुन्ना पांडेय,डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा प्राचार्य डॉ नगेंद्र झा महिला कॉलेज, सुदर्शन प्रसाद वैश्य ,रवि भास्कर, दिवाकर कुमार ,काशीनाथ पासवान, गोपेश प्रसाद ,शिवजी भारती इत्यादि। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय वंदे मातरम उद्घोष के साथ संपन्न हुआ।

# रंगमंच अभिनेत्री के निधन पर अकस ने जताया शोक

प्रातः किरण संवाददाता

ऑन सोन(रोहतास) । रंगमंच कि अभिनेत्री और पद्मश्री श्याम शर्मा कि पत्नी नवनीत शर्मा के निधन पर अभिनव कला संगम सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है। बताते चले कि पटना निवासी रंगमंच अभिनेत्री नवनीत शर्मा का निधन इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में हुआ है। जिसकी जानकारी मिलते हीं स्टेशन रोड स्थित एक निजी होटल मे आयोजित शोक सभा मे संस्था के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा कि शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। संस्था अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि जिस जमाने मे महिलाएं चौखट के अंदर रहती थी, उस धारणा को तोड़कर अपनी दृढ़ विश्वास और कला से करीब छः दशक तक रंग मंच पर सक्रिय रहीं और उसके अलावे कई भोजपुरी फिल्मों मे भी काम किया, तथा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई अवार्ड भी उन्हें मिला। उनकी प्रेरणा से उनके पुत्र अभिषेक शर्मा वर्तमान मे थिएटर के कलाकार हैं। तत्पश्चात नाट्य प्रतियोगिता को लेकर संस्था सदस्यों ने बैठक की। सचिव विनय मिश्रा ने कहा कि 26 से 30 दिसंबर तक ऑल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। रात में नाट्य प्रतियोगिता तथा दिन में गायन, नृत्य, चित्रकला व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नाट्य प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, बंगाल उत्तर प्रदेश, बंगाल, महाराष्ट्र, जम्मू काश्मीर, मणिपुर, आसाम, उड़ीसा, दिल्ली, मुंबई समेत कई अन्य राज्यों की नाट्य टीमें भाग लेंगी। 30 दिसंबर को शहर में रंग कर्मियों की दिन में रंग यात्रा तथा शाम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण के साथ नाट्य प्रतियोगिता का समापन होगा। बैठक में महासचिव कौशलेंद्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता, निदेशक प्रोफेसर राणधीर सिंहा, उपाध्यक्ष सिमल सिंह, मुकुल मणि, विशाल सिंह, राहुल सिंह,आदि थे।

# धान अधिप्राप्ति में संलग्न शत प्रतिशत किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर कराए : जिलाधिकारी

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत पैक्स , व्यापारमंडलों द्वारा किये जा रहे धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा जिला टास्क फोर्स की बैठक में की गई है ।इस बैठक में समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत कुल 316 पैक्स, व्यापार मण्डल द्वारा धान अधिप्राप्ति का कार्य 15.11.2024 से शुरू किया गया है। अधिप्राप्ति में 298 पैक्स एवं 18 व्यापार मंडल शामिल है। अभी तक कुल 505 किसानों से 3805.920 मे0 टन धान की खरीद की गई है। जिला पदाधिकारी, गया द्वारा निदेश दिया गया कि प्रबंध निदेश, मगध सेंटल को० बैंक लिमिटेड, गया एवं सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी धान अधिप्राप्ति में संलग्न शत प्रतिशत किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर कराना सुनिश्चित करेंगे ।जिला पदाधिकारी, गया द्वारा



प्रतिवेदन के अवलोकनोंपरांत धान अधिप्राप्ति हेतु ऑन लाईन आवेदन करनेवाले किसानों के संबंध में नाराजगी व्यक्त की गई एवं निदेश दिया गया कि व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक किसानों का निबंधन कराना सुनिश्चित करेंगे। ज्ञातव्य हो कि गया जिलानांत धान अधिप्राप्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करनेवाले किसानों की कुल संख्या 34166 है जिसमें 14819 रैयत किसान एवं 19347 गैर रैयत किसान है। जिले में धान अधिप्राप्ति के लिए 138 समितियां को क्रियाशील बनाया गया है। 18 मिल को चयन किया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चयनित सभी समितियों को कैश क्रेडिट उपलब्ध कराया गया है जिससे धान अधिप्राप्ति का कार्य उन समितियों द्वारा किया जा रहा है। संबंधित समितियों द्वारा धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य की समीक्षा जिला पदाधिकारी के द्वारा की गई है। जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, गया द्वारा राईस मिल सत्यापन की जानकारी देते हुए बताया गया की 30 मिलों का सत्यापन किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी द्वारा राईस मिल एवं पैक्स की संबंद्धता के लिए निदेश दिया गया है।

डीएम ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि हर हाल में छोटे किसानों को प्राथमिकता पर धान क्रय किया जाए। डीएम ने कहा कि राज्य सरकार काफी गंभीर है, धान अधिप्राप्ति को लेकर। हर सप्ताह प्रगति संबंधित उच्च स्तरीय बैठक भी हो रही है। अधिप्राप्ति में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। अभी इनिशियल पीरियड है किसानों से धान खरीद का, उसे अच्छा से करवाये। पिछले वर्ष के अधिप्राप्ति में जो पैक्स या व्यापार मंडल डिफॉल्टर हुए हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें एवं पिछले वर्ष जो भी मिल गड़बड़ किए हैं उसे इस वर्ष नहीं जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि पैक्स गोदाम और सीएमआर गोदाम की अनुमंडल पदाधिकारी स्तर से नियमित जांच करवाया जाए। किसान जितना मात्रा में धान दे रहे हैं ।उसी वजन के अनुरूप किसानों को भुगतान करें, उस से कम भुगतान नही करे। उन्होंने सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि लगातार भ्रमणशील रहे जितने भी छोटे किसान हैं उनसे बातचीत करें एवं धान बेचने हेतु प्रेरित करें किसानों को पूरी मदद नहीं करने के कारण मजबूरन वह मार्केट में अपने धन को बेचते हैं अगर सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रुचि लेकर किसानों को मदद करेंगे तो हर हाल में विभाग द्वारा दिए गए टारगेट का अचीवमेंट पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि धान की वास्तविक खरीदारी का यही वर्तमान समय है ।इसमें हर हाल में तेजी लाएं। जिला पदाधिकारी ने अपर समाहर्त्ता विभागीय जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि स्वयं रैंडमली विभिन्न प्रखंड का धान खरीदारी संबंधित जांच करें ।जो भी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी की लापरवाही रहे उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। सभी सीएमआर गोदाम में ए जी एम अच्छे तरीके से कम करें, धान के क्वालिटी का भी नियमित जांच कराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को कहीं कोई ह्रास नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखें ।धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में जिला पदाधिकारी, गया, अपर समाहर्ता विभागीय जांच गया, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, गया, सहायक निबंधक, स०स०, शेरघाटी, प्रबंध निदेशक, मगध सेंटल को० बैंक लि० के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय एमएसएमई मंत्री के प्रयास से जल्द सभी उड़ाने गया से होंगी शुरू

प्रातः किरण संवाददाता



गया। गया के लिए हवाई यात्रा जल्द और सुगम होगी, जिससे लोगों को पटना से सड़क मार्ग के माध्यम से गया पहुंचने की दिक्कतों से निजात मिल जाएगी और इससे उनकी जेब में पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ भी खत्म हो जाएगा। जी हां, बुधवार को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से एक महत्वपूर्ण बैठक कर इस दिशा में सार्थक पहल की है। यह बैठक उद्योग भवन स्थित एमएसएमई मंत्रालय में हुई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री की पहल को जल्द धरातल पर उतारने का आश्वासन दिया है।

केंद्रीय मंत्री का कहना था कि गया के लिए केवल एक फ्लाइट है ।इसलिए लोगों की पटना पर निर्भरता बढ़ जाती है, जिससे उनकी जेब पर अतिरिक्त भार पड़ता है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के बीच इंडिगो फ्लाइट की कम से कम दो अप और डाउन किए जाने पर सहमति बनी है। अधिकारियों ने आगामी 10 से 15 दिनों के अंदर इसकी शुरूआत करने का आश्वासन दिया है ।दूसरी तरफ, हिंडन एयरपोर्ट पर गया से फ्लाइट्स के आने और जाने का लेकर भी चर्चा हुई है। इसके अलावा चेन्नई की तर्ज पर गया से डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों तरह की फ्लाइट्स का संचालन किए जाने पर भी चर्चा हुई, जिससे दोनों तरह के देशी और विदेशी यात्रियों को हवाई यात्रा में आसानी हो सके ।इस संबंध में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों का कहना था कि अगर, 20-25 एकड़ जमीन मिल जाएगी तो इंटनेशनल लेवल पर वहां कार्गो विमान उतारे जा सकेंगे, क्योंकि वर्तमान स्थिति के हिसाब से केवल एक टन ही सामान लाया और ले जाया जा सकता है। और जगह मिलने की स्थिति में 20 टन तक सामान लाने और ले जाने की सुविधा हो जाएगी। इस मुद्दे को लेकर भी केंद्रीय मंत्री और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के बीच सार्थक चर्चा हुई है। इस बात की जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई.नंदलाल मांझी दी है ।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गया धार्मिक रूप से भी काफी समृद्ध है बोधगया पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आवागमन से अतिरिक्त दबाव रहता है वह कम होगा गया वासी को इसका लाभ मिलेगा। मांझी का सार्थक पहल रंग लाया है।

# तीनों अनुमंडलो में भी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को अनुमंडल सदर गया में जिला पदाधिकारी महोदय डॉ त्याग राजन एस एम के निदेश के आलोक में गांधी मैदान,रेलवे स्टेशन एवं समाहरणालय के सामने बाल विवाह रोकने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया है ।आयोजन के समय प्रभारी सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई ,बाल संरक्षण पदाधिकारी , लेखपाल सह भंडार पाल एवं समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन गया मौजूद थे ।जिला पदाधिकारी द्वारा गया जिले के अन्य तीनों अनुमंडलो में भी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक बाल विवाह जैसे अभिशाप से मुक्त करने हेतु आयोजित करने हेतु सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई गया को निर्देशित किया गया एवं जिले के निवासियों से भी अपील की गई है कि बच्चों की शादी उनकी परिपक्वता से पहले न करें, यह एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो बच्चों के शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विकास को प्रभावित करता है।

# कुमारी दिव्या ने जज बनकर पूरे जिले का नाम किया रौशन

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पिछले दिनों बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा में जज पद पर चयन होने वाली कुमारी दिव्या को ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया ।जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष सह ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप नारायण सिंह के नेतृत्व में उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, संयोजक जगदीश सिंह, वरीय सदस्य राम प्रवेश सिंह, संजय कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश विकास, प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य सदस्यों ने कुमारी दिव्या को पुष्प गुच्छ एवं शब्दकोष देकर सम्मानित किया। उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह भी कहा कि जिस तरह से बेटियों ने जज बनकर औरंगाबाद का नाम रौशन किया है वह महिला सशक्तिकरण के दौर में एक मील का पत्थर साबित होगी। कुमारी दिव्या ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में कोई व्यक्ति अध्ययन एवं स्वाध्याय के बल पर बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकता है। विषम परिस्थितियों में भी इंसान अगर लक्ष्य को अंगीकृत कर ले तो वह उसे मुकाम को जरूर प्राप्त कर सकता है। दिव्या कुमारी के पिता विजय कुमार सिंह कोरोना काल में दिवंगत हो गए थे। वे एक सामाजिक व्यक्ति थे। शिक्षा के प्रति उनकी गहरी दिलचस्पी थी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर समकालीन जवाबदेही ने आक्रोश व्यक्त किया

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था समकालीन जवाबदेही परिवार के तत्वावधान में महाराणा प्रताप चौक के समीप अवस्थित शक्तिपीठ स्थल पर अवकाश प्राप्त डीएसपी उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। इस संबंध में उपस्थित लोगों ने कहा कि आज बांग्लादेश में जिस तरह से हिंदुओं को एक साजिश के तहत लक्ष्य बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है,अपमानित किया जा रहा है हिंदू धर्म स्थलों पर आततायिओं द्वारा निशाना बनाकर हमला किया जा रहा है। हम सभी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त करते हैं एवं भारत सरकार से मांग करते हैं कि इस संबंध में विशेष पहल कर बांग्लादेश के सरकार से वार्ता किया जाए। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर अविलंब रोक लगाई जाए। साथ-ही-साथ यह भी कहा कि संभव हो तो इस विषय पर वैश्विक स्तर पर पहल कर वहां के सरकार पर दबाव बनाया जाए। मौके पर समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,पूर्व आपूर्ति पदाधिकारी योगेंद्र सिंह, शिक्षक नेता राम भजन सिंह, बैंक प्रबंधक केडी पांडेय,अलखदेव सिंह, डॉ रामाधार सिंह,डॉ शिवपूजन सिंह,शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक,मिथिलेश बाबू रामविलास सिंह,इंजीनियर अर्जुन सिंह,प्रोफेसर रामविलास प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## धार्मिक पर्यटन स्थल में हवाई कनेक्टिविटी की सुविधा बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार :प्रवक्ता



गया ।आवागमन की सुविधा होगी बेहतर मांझी जी काम में विश्वास रखते हैं बहुत प्रसिद्ध बोधगया और धार्मिक नगरी गया जी के हवाई कनेक्टिविटी की सुविधा बढ़ाने की सकारात्मक हल की गई कार्गो विमान की लैंडिंग रण में का विस्तार अंतरराष्ट्रीय प्लेटो की संख्या बढ़ाने संबंधित कई महत्वपूर्ण बातों सकारात्मक चर्चा की गई है ,गयवासी की ओर से ढेर सारी बधाई दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विशेष आभार व्यक्त किया है ।गया से दिल्ली एकमात्र फ्लाइट है जिसके कारण पटना लोगों को जाना पड़ता है जब प्रतीत खर्च का भर के साथ-साथ समय भी लगता दिल्ली से गया अधिक से अधिक फ्लाइट की संख्या बढ़ने से लोगों को आवागमन सुविधा होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दुबारा शराब सेवन के मामले में एक साल की सजा

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में उत्पाद अनन्य कोर्ट द्वितीय नीतीश कुमार ने मधनिषेध थाना दाउदनगर उत्पाद वाद संख्या -58/23 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह व विधि परामर्शी शेखर कुमार ने बताया कि दुबारा शराब सेवन के मामले में दोषी करार दिए गए अभियुक्त धमेंद्र कुमार, तरारी दाउदनगर को बिहार मध निषेध उत्पाद संसोधित ऐक्ट 2022 की धारा -37 के अंतर्गत एक साल साधारण कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पु. अ. नि- उत्पाद अम्रपाली कुमारी ने 29/06/23 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि शराब के विरुद्ध चल रही छापेमारी के दौरान तरार ग्राम के पास पुलिस गाड़ी देखकर भागते अभियुक्त को पकड़ा और ब्रेथ एनालाइजर जांच के बाद अल्कोहल पीने का पुष्टि हुई तो अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना लाया तब थाना प्रभारी उत्पाद दाउदनगर दानी प्रसाद ने मुकदमा दर्ज किया। आपको मालूम कि उत्पाद कोर्ट द्वारा शराब सेवन के मामले में लगातार सजा सुनाई जा रही है।

### रेलवे ट्रेड यूनियनों की मान्यता हेतु रेलवे के 108 मतदान केन्द्रों पर तीन दिवसीय मतदान प्रारंभ

हाजीपुर । रेलवे में ट्रेड यूनियनों की मान्यता के लिए 4, 5 और 6 दिसंबर को गुप्त मतदान कराया जा रहा है। इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल के 108 मतदान केंद्रों पर आज सुबह 08.00 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मतदान दलों में 738 अधिकारी/कर्मचारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

ट्रेड यूनियनों की मान्यता हेतु कराये जा रहे मतदान में 78228 मतदाता भाग ले रहे हैं । इन मतदाताओं के लिए दानापुर मंडल में 17, डीडीयू मंडल में 19, धनबाद मंडल में 33, सोनपुर मंडल में 15 तथा समस्तीपुर मंडल में 17 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं । इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल मुख्यालय एवं निर्माण विभाग में 03 मतदान केन्द्र, प्लांट डिपो/डीडीयू में 02, वर्कर्सशॉप/समस्तीपुर तथा कैरेज रिपेयर वर्कर्सशॉप में 01-01 मतदान केन्द्र बनाएं गए हैं । इस चुनाव के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर जबकि वरिष्ठ उप महाप्रबंधक शैलेश वर्मा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग और एमिटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में कॉरपोरेट ग्रूमिंग पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।बुधवार को गया कॉलेज, गया के प्रबंधन विभाग और एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर ने मिलकर कॉरपोरेट ग्रूमिंग पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्रबंधन विभाग में किया है। यह कार्यक्रम प्रबंधन के विद्यार्थियों को कॉरपोरेट दुनिया में सफल करियर की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है ।इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर के शांतनु बनर्जी थे ।जिन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं और चुनौतियों से परिचित कराया है। उन्होंने ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत सत्र लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रभावी संचार कौशल, आत्मविश्वास और पेशेवर दृष्टिकोण को विकसित करने की तकनीकें सिखाई गईं हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष नारायण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को न केवल उनके व्यक्तित्व विकास में मदद करते हैं। बल्कि उन्हें कॉरपोरेट क्षेत्र की वास्तविकताओं के लिए तैयार भी करते हैं ।संगोष्ठी में प्रबंधन के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया है। छात्रों ने इस अवसर की सराहना करते हुए इसे अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है ।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने प्रबंधन विभाग के शिक्षकों का उत्साह-वर्धन करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रेरित किया है।

## अतिपिछड़ा वर्ग की भागीदारी सात दिसंबर के सम्मेलन में अधिक होगी: विनोद कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।जनता दल यू कार्यालय केन्दुई में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जंयती मनाया गया है ।अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के बैठक में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई है। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर को भूसूण्डा मैदान में अतिपिछड़ा वर्ग की भागीदारी अधिक होगी। प्रत्येक प्रखण्ड से अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के साथी सम्मेलन के तैयारी में जूटे हुए हैं। कुमार ने बताया कि नीतीश सरकार के लाभकारी व कल्याणकारी योजनाओं से अतिपिछड़ा वर्ग प्रभावित है। भारी संख्या में सम्मेलन में सम्मिलित हो कर अपनी भूमिका निभायेगा।

आज के बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद ने कहा कि साधन भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी चीज की कमी नहीं होने देंगे।

इस बैठक में शामिल होने बालों में राजेन्द्र शर्मा, रामविलास शर्मा, बबन चंद्रवंशी,रामाधार सिंह चंद्रवंशी, दयानंद विश्वकर्मा, हरेन्द्र दांगी,आवताव आलम, राजीव केवट, शम्भू शर्मा, सूरज चंद्रवंशी, अनुप चंद्रवंशी व अन्य है।

## लोक अदालत की तैयारी को लेकर एक बैठक सिविल कोर्ट गया के सभागार में आयोजित

गया। विगत 14 दिसंबर 2024,को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर एक बैठक सिविल कोर्ट गया के सभागार में आयोजित की गई है। जिसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया मदन किशोर कौशिक ने किया है। इस बैठक में प्राधिकार के अध्यक्ष के द्वारा चिन्हित मामलों में नोटिस निर्गत करने एवं ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। सभी न्यायिक पदाधिकारी को अपने कोर्ट के चिन्हित मामलों को चौकीदार एवं पी एल वी के माध्यम से नोटिस तामील करने का निर्देश दिया गया है । प्रधान न्यायाधीश ने बताया कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने विरुद्ध लंबित अपराधिक सुलहनीय वाद का निष्पादन कराए। इस मौके पर सचिव अरविंद कुमार दास, सीजीएम रोमी कुमारी एवं अन्य न्यायिक दंडाधिकारीगण उपस्थित थें।

## संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने किया करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अनपरा-अनपरा रोड रेलखंड का निरीक्षण



हाजीपुर। श्री सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा आज दिनांक 04.12.2024 को धनबाद मंडल के 32 किमी लंबे करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 4.8 किमी लंबे नव-दोहरीकृत अनपरा-अनपरा रोड रेलखंड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान अनपरा-अनपरा रोड रेलखंड के बीच नव दोहरीकृत लाइन का मोटर ट्रॉली निरीक्षण एवं सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया । इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा तथा निर्माण विभाग तथा धनबाद मंडल के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे । 32 किलोमीटर लंबे करैला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना के तहत लगभग 27 किमी का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका था । आज 4.8 किमी लंबे अनपरा-अनपरा रोड रेलखंड के सीआरएस निरीक्षण के साथ ही यह परियोजना पूर्ण गया है।

## बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ द्वारा मानपुर निर्मित अंगवस्त्र प्रदान कर गुरुजन का सम्मान प्रकट किया गया

गया स्वामी अमृत प्रकाश महाराज , आनंद धाम आश्रम , ऋषिकेश से चलकर गया की पावन भूमि पर वस्त्र उद्योग नगरी मानपुर पटवाटोली एवं सिद्धार्थपुरी कॉलोनी स्थित अपने शिष्यों के घरों में पधार कर सत्संग लाभ प्रदान किया। सत्संग में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए हैं। स्वामी ने कहा आज के परिवेश में बच्चों को रामचरित मानस पाठ की पढ़ाई की आवश्यकता बताते हुए कहा कि सभी स्कूल और कॉलेज में मानस पाठ्यक्रम को शामिल करना चाहिए। आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ-साथ भारत की प्राचीन एवं पारंपरिक शैक्षणिक पद्धति को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना विकसित एवं समृद्ध भारत के लिए अनिवार्य है। मानपुर बुनकर नगरी पधारने पर गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ द्वारा मानपुर निर्मित अंगवस्त्र प्रदान कर गुरुजन का सम्मान प्रकट किया गया है। इस मौके पर नंदलाल पोद्दार , प्रवीण कुमार पोद्दार , गोपाल पटवा , डॉ. अर्जुन भदानी , सुरेन्द्र कुमार द्य शेरू , अनील कुमार द्य डुडी , तारकेश्वर प्रसाद टोले , सोनू लाल पोद्दार , ध्रुव पोद्दार मेघा पोद्दार सुनीता पोद्दार स्वीटी पोद्दार सहित अन्य शामिल रहे हैं।



# बच्चों को मॉल और सामान की खरीदारी के बारे में जानकारी दी गयी



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।बीएन झा रोड नियर गोल बगीचा मुरारपुर,गया में स्थित सीनियर दिल्ली स्कूल के नर्सरी सेक्शन ए एवं नर्सरी सेक्शन बी के विद्यार्थियों ने गया शहर ए पी कॉलोनी स्थित ऑरेंज मार्ट एवं सर्किट हाउस स्थित रिलायंस का स्मार्ट बाजार में सीनियर दिल्ली स्कूल के शिक्षक गणों के द्वारा इन मालो में बच्चों को ले जाने का काम किया गया है ।इसी क्रम में ऑरेंज मार्ट के मैनेजर संजय एवं स्मार्ट बाजार रिलायंस के मैनेजर उमेश कुमार ने बच्चों को मॉल के बारे में और सामान की खरीदारी के बारे में बताया गया है, सीनियर दिल्ली स्कूल के डायरेक्टर आलोक राज ने कहा कि बच्चे दोनों मॉल विजिट करने से आपके बच्चे के धन प्रबंधन कौशल और वित्तीय साक्षरता को विकसित करने का एक शानदार तरीका है।

शॉपिंग की कला आपके बच्चे को पैसे, कीमत और बदलाव जैसी बुनियादी अवधारणाओं के साथ-साथ खरीदारी, शॉपिंग, बजट और बचत जैसी गतिविधियों से परिचित कराता है। यह आपके बच्चे को पैसे के मूल्य को समझने और जरूरतों और इच्छाओं के बीच अंतर बताने में मदद करता है ।साथ ही आपके बच्चे की सोच, अंकगणित और सामाजिक कौशल के लिए भी अच्छा हो सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा निः शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया गया जिसका नाम मेरी उड़ान गया जी मे खोला गया है जिसमें महिलाओं को सिलाई,कढाई, मेंहदी, सौंदर्य प्रसाधन ब्यूटीशियन ,योग्यायासन,आदी का निः शुल्क प्रशिक्षण किया जाएगा जिसमें आगे चलकर महिला आत्मनिर्भर बनें और अपने परिवार को भरण-पोषण कर सके इसकी जानकारी संयोजक मधु शर्मा ने बताया है ।इस मेरी उड़ान प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ पुजा पाठ और कुछ महिलाओं को सिखाने के साथ शुरू किया गया है ।यह बात सह संयोजक इदु प्रजापति ने कहा है।

## जीबीएम कॉलेज में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेव बाउरी के संरक्षण में यूको बैंक, गया की ओर से स्वास्थ्य जाँच-सह-कासा शिविर लगाया गया, जिसका लाभ कॉलेज की छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों ने बढ़चढ़कर उठाया। जीबीएम कॉलेज की पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य जाँचकताओं की टीम ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं का निःशुल्क शुगर लेवल टेस्ट, ब्लड प्रेशर टेस्ट एवं वजन आदि के आधार पर बीएमआई टेस्ट किया तथा रिपोर्ट भी दिया। डॉक्टरों की टीम ने छात्राओं की कुछेक स्वास्थ्य समस्याओं को सुनकर उनका निदान भी बतलाया। स्वास्थ्य जाँच शिविर का लाभ उठाने वालों में डॉ सहदेव बाउरी, प्रो. अफशां सुरैया, डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ जया चौधरी, डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ शुचि सिन्हा, प्रीति शेखर, हर्षिता मिश्रा, अनीषा, रिशु, श्रुति सहित अनेक छात्राएँ रहीं।

## अधिवक्ता दिवस न्याय के प्रति हमारे समर्पण और कानून की मयार्दा को सम्मानित करने का दिन है: राजेन्द्र प्रसाद



गया ।अधिवक्ता दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह गया बार एसोसिएशन के सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, अधिवक्ता दिवस न्याय के प्रति हमारे समर्पण और कानून की मयार्दा को सम्मानित करने का दिन है। यह दिन हमें हमारे संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। अधिवक्ता समाज के पथप्रदर्शक होते हैं, जो न्याय की राह दिखाते हैं और समाज में सद्भावना व कानून के प्रति विश्वास कायम करते हैं। अधिवक्ता का कार्य केवल न्यायालय में कानूनी बहस करना नहीं है, बल्कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने में मदद करना भी है ।सभी अधिवक्ताओं को न्याय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और समाज को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम सत्य, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने पेशे का सम्मान करेंगे और समाज में न्याय और समानता का संदेश फैलाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिवक्ताओं और न्याय क्षेत्र से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## रक्षा मंत्रालय के अधीन एनसीसी द्वारा शीतल शांडिल्या को सी सार्टिफिकेट



गया। भारत सरकार के राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा गया के टेकारी विधानसभा के कोंच की रहने वाली भाजपा के महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 शालिनी एवं शिक्षाविद श्रवण नारायण शांडिल्य के पुत्री को उड़ीसा मे भारत सरकार अधीन चल रहे 6(ङ्क)बटालियन, पुरी, उड़ीसा द्वारा सी सार्टिफिकेट से सम्मानित किया गया जिससे गर्व की बात है गया शहर और कोच प्रखंड के लिए। जिससे हर कोई मां-पिता को बधाई दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को गोली मारी, हुई मौत

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिले के पुरैनी थाना अंतर्गत करामा नहर के समीप बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को मंगलवार के रात 9 से 10 बजे के करीब गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त आलमनगर थाना क्षेत्र के बसनवाड़ा पंचायत अंतर्गत चक्रमी बासा वार्ड संख्या 9 निवासी मोहम्मद मुस्लिम के पुत्र मोहम्मद नशबुल के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुरैनी पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है और साथ ही घटनास्थल पर एफएसएल को भी बुलाया गया है, और इधर उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार भी घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे थे। मृतक के परिजन ने बताया की मोहम्मद नशबुल पुरैनी में दवाई दुकान चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था और हर दिन देर रात करीबन 9 या 10 बजे अपने घर आता था। इतने में मंगलवार की रात घात लगाए बैठे अपराधियों ने नशबुल की गोली मार हत्या कर दी। करामा समीप लगातार हो रहे घटना को देखकर सीडीपीओ अविनाश कुमार ने आश्वासन दिया है कि अस्थाई रूप से यूवीके कॉलेज परिसर में पुलिस कैंप का निर्माण किया जाएगा जिसमें की चार पुलिस कर्मी हमेशा तैनात रहेंगे।

### पानी में डूबने से महिला की मौत,यूडी केस दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव में पानी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। मृतिका उक्त गांव के हरेराम सिंह की 35 वर्षीया पत्नी सुधा देवी थी।इस संबंध में मृतका के पिता मढ़ौरा थाना के बाबू के असहिया गांव के रामाशीष सिंह ने पुलिस को ब्यान दिया कि उनकी पुत्री सुधा देवी की मौत मही नदी में पैर पिसलने से डूबकर हो गई। पुलिस इसी ब्यान पर यूडी केस दर्ज कर शव को पोटामार्टन में भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि घरेलू विवाद को लेकर महिला कि मौत कुंआ में डूबने से हो गई है।

# फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रोगी हितधारक प्लेटफार्म का हुआ गठन

## सीएचओ, आशा व जनप्रतिनिधि भी जागरूकता में निभाएंगे मुख्य भूमिका

प्रातः किरण संवाददात



बेतिया( घनश्याम )। चम्पारण जिले में पहली बार मधुबनी प्रखंड के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर भाप्सा में सीएचओ अजय प्रताप कुशवाहा के अध्यक्षता में पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफॉर्म का गठन किया गया। जिसमें इस पंचायत के मुखिया रमाशंकर राम, पंचायत विकास समिति सदस्य रीता देवी, राशन डीलर अशोक कुमार गुप्ता, प्रधान शिक्षक हीरालाल प्रसाद, बीसीएम हीरामन चौधरी और एएनएम की उपस्थिति में पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफॉर्म का गठन किया गया ताकि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी का उन्मूलन किया जा सके। सीएचओ अजय कुशवाहा ने कहा की अब हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लोगों को हाथी पाँव और हैड्रोसिल जैसे बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्हें दवा खाने से होने वाले फायदे के बारे में बताया जाएगा, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के चलाए जाने वाले कार्यक्रमो की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से फाइलेरिया मरीजों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। उन्हें एमएमडीपी किट उपलब्ध कराई जाएगी। सीएचओ के द्वारा पेशेंट स्टेक होल्डर के भूमिका के बारे मे कहा गया कि आने वाले एमडीए प्रोग्राम मे इनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आनंद कुमार, सीएचओ अजय कुशवाहा ने बताया की क्यूलेक्स मच्छड़ के काटने से फाइलेरिया रोग होता है जिसमें शरीर के हाथ पैर के साथ साथ अन्य स्थानों पर सूजन हो जाता है जो समय के साथ बढ़ते जाता है। इससे बचाव के लिए 02 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के लोगों को एमडीए कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा का सेवन कराया जाता है इससे फाइलेरिया रोग से बचाव होता है।

बैठक में सीएफएआर ऑर्गेनाईजेशन से डीसी विनोद कुमार श्रीवास्तव एण्ड परियोजना सहायक मारकंडेश्वर दुबे द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मौके पर सीएचसी मधुबनी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आनंद कुमार, अस्मिता कुमारी, आशा, राबड़ी देवी, निर्मला देवी, सुमित्रा कुमारी, सोनिया देवी, गायत्री देवी, पुष्पा देवी, इश्रावती देवी, सेविका सुभावती कुशवाहा व ग्रामीण चिकित्सक रविंद्र साह सहित राशन कोटेदार मोतीलाल राम, अशोक कुमार शामिल हुए।

# उदाकिशुनगंज प्रखंड के 9 पंचायतों में हुए पैक्स चुनावों में 6 पुराने व 3 नए चेहरों को मिली कामयाबी



प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिले के उदाकिशुनगंज प्रखंड की 9 पंचायत में हुए पैक्स चुनाव परिणाम के बाद देखने को मिला कि मतदाताओं ने पुराने चेहरों पर अधिक विश्वास जताया है। 9 पैक्स में से अध्यक्ष पद पर 6 पुराने पैक्स अध्यक्ष अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे हैं। जबकि 3 पैक्स अध्यक्ष को अपनी सीट गवानी पड़ी है। अर्थात 9 में से 6 पुराने पैक्स अध्यक्ष जीतकर घर वापसी किए है। एवं 3 पैक्स में नए चेहरे अध्यक्ष के रूप में चुने गए है। वहीं जीत हार के अंतर पर नजर डालें तो सर्वाधिक अंतर बीड़ी रणपाल पैक्स में रहा जहां रत्नेश कुमार यादव को 1102 मत मिले। जबकि उनके निकटतम प्रद्वंदी निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष चंद्र भूषण को 502 मत मिले। यहां जीत हार का अंतर 600 का रहा। जबकि जीत हार के सबसे कम अंतर नयानगर पैक्स में रहा, जहां अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में पिंकी देवी को 430 मत मिले। वही उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू शर्मा को 375 मत मिले। यहाँ जीत-हार का अंतर महज 55 वोट का रहा। वहीं दूसरी तरफ किशुनगंज से निर्वाचित अध्यक्ष मंटू कुमार यादव को 685 वोट मिले। जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुबोध मंडल को 282 मत मिले। मंटू कुमार यादव ने अपने निकटतम को 403 हराया। पीपड़ा करौती पंचायत में रंजन कुमार को 880 मत मिले हैं। जबकि उनके प्रतिद्वंदी निखिल कुमार को 323 मत मिले हैं। यहाँ जीत-हार का अंतर 557 मत का रहा। जोतैली पंचायत से सुरेंद्र मेहता को 921 मत मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मिथलेश मेहता को 485 मत मिले। बुधमा पैक्स से पूजा कुमारी को 324 मत मिले। जबकि उनके निकटतम प्रतिबंध रंजीत सिंह को 102 मत मिले। रहटा फनहन पैक्स से तुषार कुमार पोद्दार को 365 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी मो. मसूद आलम को 256 मत मिले।

शहजादपुर पंचायत से रमाशंकर सिंह को 872 मत मिले। जबकि ध्रुव झा को 427 मत मिले। वही रामपुर खोड़ा पैक्स से धीरेन्द्र यादव को 433 मत मिले। और वह पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव जीतकर निर्वाचित हुए हैं। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नीरज कुमार सिंह को 335 मत मिले। वही सभी नव निर्वाचित को शुभकामना संदेश देने वाले पूर्व प्रमुख विकास चंद्र यादव, उप प्रमुख राजेश कुमार रंजन, प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार, रंजीत कुमार राणा, नितीश राणा, मो शाकिब, रमन कुमार राणा अन्य थे।

# जमीन विवाद को ले घर में घुसकर किया मारपीट, विरोध में पीड़ित ने किया सड़क जाम

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। जिले के जोरगामा पंचायत के मीरगंज वार्ड 11 में बुधवार को करीब 12 बजे भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर लूटपाट मारपीट की घटना को अंजाम दिया। दिन दहारे घर में घुसकर घटना करने के विरोध में पीड़ित पक्ष के द्वारा मुख्य सड़क एनएच 107 को घंटो जामकर विरोध प्रदर्शन किया गया। सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते दोषियो पर उचित कानूनी कार्रवाई करने के आश्वाशन दिया। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने लगभग दो घंटे बाद सड़क जाम हटाया। पीड़ित अबोध ठाकुर ने बताया गया कि बुधवार के दिन करीब 12 बजे मीरगंज निवासी संजय साह उसके दोनों पुत्र मोहन कुमार व सोहन कुमार दर्जनो की संख्या में अन्य महिला व पुरुष के साथ दबिया, लोहे का रड, देशी कट्टा एवं अन्य जानलेवा हथियार लेकर मेरे घर पर आ धमका और लूटपाट व मारपीट करने लगा। उन्होंने बताया कि घर में घुसकर सारा सामान को निकाल कर फेंक दिया तथा परिजनों के साथ मारपीट किया। मारपीट के क्रम में नागेश्वर ठाकुर की पत्नी व दूसरे पक्ष से संजय साह घायल हो गए। पीड़ित नागेश्वर ठाकुर के पुत्र अबोध ठाकुर ने बताया कि घटना जमीनी विवाद में हुई है। पूर्व में संजय साह द्वारा फर्जी तरीके से मेरे दादा से जमीन लिखवा लिया था। जब हमलोगों को जानकारी हुई तो हमलोग दाखिल खारिज पर रोक लगवा दिए। लगभग डेढ़ साल से संजय साह हमलोगों के साथ विवाद करते आ रहा है। कई बार पुलिस को संज्ञान में भी दिया गया। अबोध ठाकुर ने बताया कि बुधवार को संजय साह दो दर्जन से अधिक महिला व पुरुष के साथ घर में घुसकर मारपीट एवं घर के सारा सामान को फेंक दिया तथा नगदी लूट लिया। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान मेरी मां के गर्दन पर लोहे के रड से मारकर उन्हें बेहोश कर दिया गया।

### क्या है मामला स्थानीय स्तर पर भी हुआ है पंचायत

स्थानीय लोगों ने कहा कि पंचायत के माध्यम से कई बार संजय साह को कहा गया कि उनका जमीन वापस कर दे। लेकिन संजय साह किसी का सुनने को तैयार नही हुआ। इतना हीं नहीं नागेश्वर ठाकुर के पिता भूमि ठाकुर से बास का आठ धुर जमीन लिखवाने के ऐवज में पैसा भी नहीं दिया गया है। और जबरन घर बने जमीन पर दखल के लिए संजय साह मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

### घंटों सड़क जाम रहने से राहगीरों को हुई परेशानी :

घटना के बाद आक्रोशित पीड़ित परिजनों ने घर सामने मुरलीगंज-मधेपुरा एनएच 107 को घंटो जामकर विरोध प्रदर्शन किया।

करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सड़क के दोनों तरफ तथा कुमारखंड रोड में वाहनों की लंबी कतार लगी रही। सूचना पर दल बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर जाम हटवाया। जाम हटने के बाद वाहनों का परिचालन सुचारू ढंग से शुरू हुआ।

मामले को लेकर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर पहुंच कर जाम हटवाया गया। पीड़ित पक्ष के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। आरोपी संजय साह को गिरफ्तार किया गया है। जांच कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

### खेतों में सूअर का तांडव जारी, लोगों ने जताया आक्रोश

प्रातः किरण । मधेपुरा। जिले के पुरैनी पंचायत अंतर्गत कुशवाहा टोला वार्ड 8 में खुले घूम रहे सुअर अभी से ही खेतों में तांडव दिखाना शुरू कर दिया हैं। वहीं पीड़ित किसान चमन लाल सिंह ने बताया आज से 5 दिन पूर्व महगें दर पर खरीद कर मकई का बीज अपने 10 कट्ठा खेतों में बोया था लेकिन आज बुधवार के सुबह करीबन 7 बजे आधा दर्जन सूअर मिलकर मेरे खेतो से मकई का बीज निकालकर खा गया। आसपास के सटे किसानों ने बताया जब मकई का पौधा थोड़ा सा तैयार होता है तो सूअर अपना तांडव दिखाने चालू कर देते हैं कई दफा इसका विरोध करने पर भी सूअर के मालिक पर इनका कोई असर नहीं होता है। स्थानीय किसान मंगल मेहता, सियाराम मेहता, सुनील मेहता, श्यामल शर्मा, गोपाल मेहता, गुरचरण सिंह, लालो राम, मंटू यादव, मनोज मेहता, मंटू मेहता, तारा देवी, नीरज यादव, मंजू देवी, गुंजा देवी, जयमाला देवी, बीना देवी, भोला देवी, नंदिनी देवी, निर्मला देवी, उषा देवी, सकुना देवी, चमकलाल सिंह, अवधेश राज कुशवाहा, शंकर सहनी ने मिलकर इसकी शिकायत पंचायत के मुखिया विनोद कामली निषाद की तो उन्होंने कहा की खेतों की जांच करते हुए सूअर मलिक की पहचान कर उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा।

### बाइक सवार बैग ले हुआ फरार

पटना सिटी (प्राकि)। दीदारगंज थाना क्षेत्र के दीदारगंज कुमार पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार अपराधियों ने एक व्यक्ति का बैक झपट कर भाग निकला। दरअसल ई-रिक्शा से उतर कर बाइक पर सवार हुए खुशरूपुर निवासी अरुण कुमार का बैग लेकर युवक फरार हो गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना में दर्ज कराई है। इसमें पुलिस को बताया है कि बैग में 50 हजार रुपया व कागजात थे। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की छानबीन कर अपराधियों का पता किया जा रहा है।

# ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के भोजपुर जिला अध्यक्ष बने सुशील कुमार सिन्हा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने सुशील कुमार सिन्हा को भोजपुर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उक्त जानकारी ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी।

उन्होंने बताया कि बिहार के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष बनाने का अभियान चलाया जा रहा है, उसी क्रम में भोजपुर निवासी सुशील कुमार सिन्हा को भोजपुर जिला का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को उन्हें अंगवस्त्र, मनोनयन प्रमाण पत्र और परिचय पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।उक्त अवसर पर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा, संस्थापिका -सह- महासचिव पूजा सिन्हा, उप संस्थापिका -सह- एससी एसटी विंग की महासचिव आशा देवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रश्मि सिंह, राष्ट्रीय सहायक सचिव किरण, राष्ट्रीय निगरानी सरिता देवी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिकित्सा अध्यक्ष डॉ अंजली सिंह, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष कुमार झा, वैशाली जिला अध्यक्ष ज्योति सिन्हा, सक्रिय सदस्य पूमन सिन्हा, राज किशोर सहित शाहपुर आंख गांव के मुखिया और थाना प्रबंधन उपस्थित थे।

उक्त अवसर पर ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने सामाजिक न्याय और उनके अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था बिना किसी पक्षपात के कानूनी न्याय दिलाने, असहाय लोगों को शिक्षा, चिकित्सा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अबतक संस्था द्वारा किए गए कार्यों के संदर्भ में संक्षिप्त जानकारी दी।कार्यक्रम में संस्थापिका -सह- महासचिव पूजा सिन्हा ने भोजपुर के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए निष्पक्ष रूप से समाज के विभिन्न समस्याओं के निदान करने और संस्था के विस्तार की बात कही।उप संस्थापिका -सह- एससी एसटी विंग की महासचिव आशा देवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समस्याओं का समाधान करने और कानूनी विधि व्यवस्था संगत कार्य करने पर जोड़ दी।

कार्यक्रम में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष कुमार झा ने मौलिक अधिकार और कानूनी अधिकार के संदर्भ में लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर इस दिशा में भी कारवाई करती है और लोगों को न्याय दिलाने की पहल करती है।

# जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को ले एससी के प्रदेश अध्यक्ष ने कई गांवों का किया दौरा

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा । सारण जिला जनता दल यूनाइटेड का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने जिला के नगरा पंचायत अंतर्गत ऑफर पंचायत के सैदपुर एवं रामपुर कला गांव का दौरा कर कार्यकताओं के साथ बैठक कर आगामी 8 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया ' बता दें कि आगामी 8 दिसंबर को जनता दल यूनाइटेड का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय डाकबगला रोड स्थित राम जयपाल कॉलेज के प्रांगण में होगा ' कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर जदयू के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी द्वारा लगातार कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठकें की जा रही है ' जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सारण जिला के कई प्रखंडों का दौरा किया ' उन्होंने गरखा प्रखंड अंतर्गत डुमरी पंचायत के गोपालपुर गांव में पंचायत अध्यक्ष सीमा देवी की अध्यक्षता में कार्यकताओं के साथ बैठक किया ' उन्होंने कार्यकताओं से 8 दिसंबर को एक दिवसीय जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर कार्यकताओं में जोश भरा ' प्रदेश अध्यक्ष के साथ सारण जिला जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शंभू माझी भी अपने टीम के साथ उपस्थित थे '

### निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में शुरू किया अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र

पटना। एशिया की सबसे बड़ी होम एलेवेटर ब्रांड, निबाव होम लिफ्ट्स ने चेन्नई में अपना पांचवां और सबसे बड़ा निर्माण संयंत्र शुरू किया है। इस रणनीतिक कदम के साथ, कंपनी अपनी कुल उत्पादन क्षमता को 7,500 यूनिट से बढ़ाकर 15,000 यूनिट प्रति वर्ष करने जा रही है। एसआईपीसीओटी, इरुंगट्टुकोट्टई में स्थित यह अत्याधुनिक संयंत्र 1,00,000 वर्ग फुट में फैला है और विशेष रूप से कंपनी की नई होम एलेवेटर रेंज, निबाव सीरीज-4 का उत्पादन करेगा। इस पहल के माध्यम से कंपनी क्षेत्र में विभिन्न विभागों में 450 रोजगार के अवसर भी उत्पन्न करेगी। नया संयंत्र उच्च दक्षता वाली निर्माण लाइनों और पैकेजिंग सुविधाओं से लैस है, जो अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ-साथ संसाधनों की बबार्दी को कम करता है। इस फैक्ट्री में एडवांस सुविधाएं भी मौजूद हैं, जिनमें लेटेस्ट लेजर कट मशीनें, सीएनसी मशीनें, पाउडर कोटिंग यूनिट्स, रोबोटिक मशीनरी और एक टेस्ट टावर शामिल हैं। इनोवेशन और क्वालिटी पर गहरी नजर रखते हुए, निबाव होम लिफ्ट्स ने इस नए संयंत्र में एक समर्पित रिसर्च और डेवलपमेंट लैब भी स्थापित की है, जो निबाव की एयर-ड्रिवन होम लिफ्ट्स के डिजाइन और तकनीक को और अधिक मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।इस अवसर पर निबाव होम लिफ्ट्स के सीईओ और फाउंडर श्री विमल बाबू ने कहा, हमें चेन्नई में अपने नए प्रमुख निर्माण संयंत्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो निबाव के सफर में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन है।

यह नया संयंत्र न केवल होम एलेवेटर इंडस्ट्री में अपनी तरह का सबसे बड़ा है, बल्कि आकार, दक्षता और इनोवेशन के मामले में एक नया बेंचमार्क भी स्थापित करता है। इस विस्तार के साथ, हम 12 से अधिक देशों में अपने उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं, साथ ही क्वालिटी और सर्विस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हमें यह कहते हुए भी खुशी हो रही है कि हम चेन्नई में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देगा और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग में स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देगा।

# ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल व इंडिया और पीपल फॉर एनिमल्स तैनात रहेंगी चेक प्वाइंट्स पर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। गढ़ीमाई उत्सव से पहले, ह्यूमेन सोसाइटी इंटरनेशनल/इंडिया और पीपल फॉर एनिमल्स ने भक्तों से अपील की है कि वे बलि के लिए जानवरों को न ले जाएँ। सशस्त्र सीमा बल के साथ मिलकर भारत-नेपाल सीमा पर अवैध रूप से जानवरों के परिवहन को रोकने के लिए टीमें तैनात की हैं। जब्त किए गए जानवरों को भारतीय कानून के अनुसार सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की व्यवस्था की जाएगी।

नेपाल के बारा जिले के बरियारपुर गांव में हर पांच साल में आयोजित गढ़ीमाई उत्सव को दुनिया का सबसे बड़ा पशु बलि आयोजन माना जाता है। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान में देवी गढ़ीमाई को प्रसन्न करने के लिए हजारों जानवर, जैसे भैंस, बकरी, कबूतर और अन्य प्राणियों की बलि दी जाती है। कपैसिटी बिल्डिंग डिपार्मन्द्र के सीनियर मैनेजर, अर्कप्रवा भर, जो सीमा पर कार्यों का नेतृत्व कर रहे हैं, ने कहाः सहयोगियों के साथ, हम सीमा के चेकपॉइंट्स पर तैनात हैं और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की मदद कर रहे हैं ताकि बलि के लिए लाए गए हर जानवर की रक्षा की जा सके। हमारा उद्देश्य केवल जानवरों के अवैध परिवहन को रोकना नहीं है, बल्कि हमारी परंपराओं में करुणा को बढ़ावा देना भी है। सीमा बलों के नेतृत्स में हम वाहनों की गहन जांच कर रहे हैं ताकि कोई भी जानवर तस्करी के जरिए सीमा पार न हो पाए। पिछले दो दिनों में हमने कई ट्रकों और वाहनों को रोका है, जिनमें भैंस, और बकरियां ले जाई जा रही थीं। अगर हम वहां न होते, तो इन जानवरों को उत्सव में बलि दी जाती। ये भाग्युशाली हैं जो इस भयावह अनुभव से बच गए। हम जितना हो सके उतने जानवरों की जान बचाएंगे और रक्त बलि को समाप्त करने का संदेश फैलाएंगे।सीमा पर अभियान शुरू करने से कुछ दिन पहले, टीमों ने भारत-नेपाल सीमा के पास 12 गांवों में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया और लगभग 3,500 स्थानीय भाषा के पैम्फलेट वितरित किए, जिनमें भक्तों से अपने जानवरों की बलि न देने की अपील की गई। गढ़ीमाई में जानवरों की बलि रोकने के लिए काम कर रहे हैं। उनके लगातार प्रयासों के चलते 2009 में जहां अनुमानित 5 लाख से ज्यादा जानवरों की बलि दी गई थी, वह संख्या 2014 और 2019 में घटकर लगभग 2.5 लाख रह गई, जिसमें लगभग 3,500 भैंसें भी शामिल हैं।

2014 में, भारत के सर्वोच्च न्झायालय ने गढ़ीमाई उत्सव में जानवरों की बलि पर लगाम लगाने के लिए एक अहम कदम उठाया। अदालत ने भारत सरकार को नेपाल सीमा पर जानवरों के अवैध परिवहन को रोकने का निर्देश दिया। साथ ही, और अन्म संगठनों से एक कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। इसके बाद, सितंबर 2019 में, नेपाल के सर्वोच्च न्झायालय ने गढ़ीमाई में जीवित जानवरों की बलि पर रोक लगाने का आदेश दिया ।

# भारत विकास परिषद के अन्नपूर्णा रसोई सेवा से जरूरतमंदों को मिल रही है राहत

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। शहर के पोस्ट ऑफिस के समीप भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में आज चार दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे से अन्नपूर्णा रसोई सेवा के तहत 450 से अधिक लोगों को निःशुल्क भरपेट भोजन कराया गया। सर्वप्रथम माँ अन्नपूर्णा का भोग लगाकर लोगों के बीच भोजन वितरित किया गया। इस मौके पर उपस्थित परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि अन्नदान सर्वश्रेष्ठ दान है।भूखे व्यक्ति को भोजन को कराने से बेहतर सेवा कार्य कोई नहीं है। आज सेवा सफर का अठाहरवां महीना है। द्वय उत्तरदायित्वधारियों ने इस बात को भी रेखांकित किया कि सेवा और समर्पण हर क्षण रक्सौल को अर्पण तथा सत्य अपने लिये रखना, प्रेम दूसरों के लिए और करूणा सबके लिए, यही जीवन का व्याकरण है, इसी भाव को आत्मसात कर रक्सौल शाखा के सदस्य बीते सत्रह महीनों से प्रत्येक महीने की चार तारीख को निःशुल्क अन्नपूर्णा रसोई सेवा के माध्यम से समाज के गरीब, असहाय ,बेबस ,लाचार ,वंचित वर्गों, भिक्षुओं, दिहाड़ी मजदूरों , रिक्शा, टेम्पू चालकों एवं जरुरतमंदो के बीच शुद्ध व गर्मागर्म भोजन वितरित कर उन्हें राहत पहुंचा रहे हैं।

परिषद के सुभाष अग्रवाल ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई सेवा परिषद के ऐच्छिक कोष एवं उदारमना लोगों के सहयोग से संपन्न होता है। उन्होंने लोगों से अपील की परिषद के इस मुहिम में सहयोग कर सेवा भाव दे सकते हैं। इन जरूरतमंदों के चेहरे की मुस्कान बन सकते हैं। परिषद के अजय कुमार ने कहा कि परिषद द्वारा वितरित प्रत्येक महीने के भोजन के मेनू में कुछ बदले कर भोजन परोसा जा रहा है, जिसमें आज गर्मागर्म चावल, दाल, आलू, गोभी एवं टमाटर की रसदार सब्जी एवं तिलौरी रही जिसे लोगों ने आत्मतृप्ति भाव से भोजन ग्रहण किय।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा देने वालों में नरेश मित्तल, ध्रुव सर्राफ, अजय मस्करा, विष्णु मस्करा, सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी, मनोज कुमार सिंह, अजय कुमार, सुभाष अग्रवाल, सुरेश धनोठिया, विनोद केशरीवाल, राम एकबाल प्रसाद समेत के कई सदस्यों का नाम उल्लेखनीय रहा। इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

# हरिहर क्षेत्र महोत्सव में डॉ रेखा की गायन से गूंजी महाकवि विद्यापति और मीराबाई की रचनाओं की गूंज

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। ऐतिहासिक हरिहर क्षेत्र महोत्सव का मंच महाकवि विद्यापति और मीराबाई की रचनाओं से गूंज उठा। महोत्सव में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आमंत्रित किया गया था बिहार की सुनामधन्य शास्त्रीय तथा सुगम संगीत कलाकार डॉ रेखा दास को। मिथिला की बेटी डॉ रेखा दास एक स्वनामधन्य गायिका तथा साहित्यकार हैं।

बिहार सरकार की कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा पंडित रामचतुर मल्लिक से अलंकृत डॉ रेखा ने गायन की आरंभिक शिक्षा अपने पिता, प्रो सी एल दास (सरोद वादक तथा संगीत इतिहासकार) तथा ध्रुपद धमार गायक, पद्मश्री पंडित रामचतुर मल्लिक से ली थी। बाद में इन्हे दिल्ली घराना के खलीफा, उस्ताद इकबाल अहमद खाँ और किराना घराने के इरशाद खाँ से भी शास्त्रीय गायन मे मार्गदर्शन मिला।सुरीली आवाज, क्रमबद्ध आलाप और राग विस्तार तथा मधुरता इनके गायन की विशेषता रही है।



पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में संगीत विभाग की व्याख्याता, डॉ रेखा ने बिहार के कई महोत्सवों में यथा- राजगीर महोत्सव, वैशाली महोत्सव, बिहार महोत्सव में अपने सुमधुर गायन से श्रोताओ को प्रभावित किया है। साथ ही, देश के कई राज्यो में कार्यक्रम कर बिहार के लिए प्रशंसा बटोरी है। इनके गायन से ही पटना स्थित आइ सी सी आर के रीजनल सेंटर का उद्घाटन हुआ था। दूरदर्शन और आकाशवाणी पटना पर कई बार इनका गायन और साक्षात्कार प्रसारित हुआ है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी, डॉ रेखा ने पटना विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में एम ए और पी एच डी किया है। उनकी पहली किताब, बिहार के लोक नाटकों की शैलियों का विवेचन रंगकर्मियो के बीच काफी चर्चित रही है। उन्होंने मैथिली भाषा की पहली गद्य रचना, ज्योतिरीश्वर कृत वर्ण रत्नाकर का हिन्दी अनुवाद भी किया है। डॉ रेखा द्वारा हाल ही में संपादित किताब, समय से परे स्वर छंदों की यात्रा को ह्यजयपुर साहित्य सम्मान से पुरस्कृत किया गया है।

कार्यक्रम की शुरूआत करने से पहले डॉ रेखा ने कहा कि वैसे तो पटना और देश के कई अन्य शहरों में कार्यक्रम किया है, लेकिन हरिहर क्षेत्र महोत्सव में आने की बड़ी इच्छा थी। मैं धन्यवाद देती हूँ बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग का जिसने मुझे इस कार्यक्रम में शामिल किया। डॉ रेखा ने कहा कि हरिहर क्षेत्र पवित्र स्थल है, जहाँ हम अपने ईष्ट को संगीत, राग और स्वर के माध्यम से याद करते हैं।

डॉ रेखा ने अपने गायन की शुरूआत गणेश वंदना से की जिसके बोल थे, जय गणेश जय गणेश जय गणेश ध्याये, एक दंत अति विशाल, शोभित सिंदूर भाल।

इनके कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति थी मीराबाई की एक रचना। गीत के बोल थे, ह्यहे नंदलाला तेरा मन है काला। श्री कृष्ण के बाल स्वरूप के नटखटपन पर आधारित इस गीत को इतने मोहक अंदाज मे डॉ रेखा ने प्रस्तुत किया कि सभी आनंदित हो उठे।इसके कलाकार ने महाकवि विद्यापति की एक रचना, मोर रे अंगनवा चंदन केर गछिया प्रस्तुत किया। विद्यापति ने अपने गीतों में मिथिला के आम जनजीवन को बखूबी समेटा था। प्रस्तुत गीत में भी नायिका अपने नायक की प्रतीक्षा करती हुई दिखती है और कागा के पुकारने पर उससे कई वादे करती है कि अगर नायक आ जाए तो वो उसकी चोंच को सोने से मढा देगी। इस भाव को सुन्दर तरीके से डॉ रेखा ने प्रस्तुत किया कि श्रोता भाव विभोर हो उठे। अपने कार्यक्रम का समापन डॉ रेखा दास ने वरिष्ठ कत्थक कलाकार, डॉ रमा दास द्वारा रचित एक रचना, ह्यराणा जी मैं गिरधर के घर जाऊं.. के साथ किया।

इनके साथ तबला पर थे विभास कुमार, पखावज पर राजशेखर, हारमोनियम पर सत्यम कुमार और गायन सहयोगी थीं डॉ रीता।

## सचिन ने पहले जूते निकाले, फिर किया कोच आचरेकर के स्मारक का अनावरण



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में कोच रमाकांत आचरेकर के स्मारक के अनावरण पर पहुंचे दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने एक कार्य से फैंस का दिल जीत लिया। तेंदुलकर ने कभी इस बात से इंकार नहीं किया है उनके सफल क्रिकेट करियर में कोच आचरेकर का योगदन नहीं था। हर साल गुरु पूर्णिमा पर सचिन अपने दिवंगत कोच को श्रद्धासुमन अर्पित करना नहीं भूलते। इस बार शिवाजी पार्क जिमखाना में जब कोच आचरेकर के स्माकर का अनावरण करने की बारी आई तो वह यह कार्य करने से पहले अपने जूते उतारना नहीं भूले। कोच के सम्मान में सचिन ने पहले जूते उतारे और बाद में स्मारक का अनावरण किया। तेंदुलकर ने कहा कि सर ने ऐसा मौका नहीं लिया। मैच के बाद वह कभी-कभी मुझे वड़ा पाव लेने के लिए पैसे देते थे, इस तरह मुझे लगता था कि मैंने कुछ अच्छा किया होगा। हमेशा ऐसा ही स्नेह होता था। उन्होंने कहा कि हम उनके घर जाते थे। उनकी पत्नी और वो हमें आमंत्रित करते और हमारा पसंदीदा भोजन मटन करी, पाव, नींबू और प्याज था। भारत के कई खिलाड़ियों को कोचिंग देने वाले आचरेकर का जनवरी 2019 में निधन हो गया।

1990 में आचरेकर को प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 2010 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। तेंदुलकर ने कहा कि सर एक 'जनरल स्टोर' थे, उनके पास सब कुछ होता था। वह बहुत ख्याल रखते थे। जब हम डॉक्टर के पास जाते थे, तब भी वह स्थितियों को नियंत्रित करते थे। वह एक ऑलराउंडर थे।

## 'मैं एमएस धोनी से बात नहीं करता, 10 साल हो गए हैं'

● हरभजन सिंह के दावों ने दोनों में दरार की पुष्टि की




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम को कई मैच जीतने वाली जोड़ी हरभजन सिंह और एमएस धोनी अलग हो गए हैं। हरभजन का दावा है कि उन्होंने 10 साल से अधिक समय से एक-दूसरे से बात नहीं की है। आखिरी बार हरभजन और धोनी ने एक साथ भारत का प्रतिनिधित्व 2015 में किया था जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था। वे तीन साल बाद फिर से साथ आए, आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए कुछ सीजन खेले। लेकिन मैदान पर उनकी चर्चाओं को छोड़कर, हरभजन ने एक दशक से अधिक समय से धोनी से बात नहीं की है।

हरभजन ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा, नहीं, मैं धोनी से बात नहीं करता। जब मैं सीएसके में खेल रहा था, तब हमने बात की थी, लेकिन इसके अलावा, हमने बात नहीं की। 10 साल से ज़्यादा हो गए हैं। मेरे पास कोई कारण नहीं है; शायद वह करता हो। मुझे नहीं पता कि क्या कारण हैं। जब हम सीएसके में आईपीएल में खेल रहे थे, तब हम बात करते थे, और वह भी मैदान तक ही सीमित थी। उसके बाद वह मेरे कमरे में नहीं आया, न ही मैं उसके कमरे में गया। हरभजन ने युवराज और आशीष नेहरा का नाम लिया जिनसे वह नियमित रूप से संपर्क में रहते हैं। लेकिन जब धोनी की बात आती है, तो हरभजन पीछे हट जाते हैं। उन्होंने कहा, मेरे मन में उनके खिलाफ कुछ नहीं है। अगर उन्हें कुछ कहना है, तो वे मुझे बता सकते हैं। लेकिन अगर उन्होंने कहा होता, तो वे अब तक मुझे बता चुके होते।

# भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती




**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।

वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगाा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं।

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वत~ जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है। भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।

वहीं खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा को टीम में जगह नहीं मिल सकी है जिन्होंने अक्टूबर में यूएई में हुए टी टवेंटी विश्व कप में चार पारियों में सिर्फ 97 रन बनाए। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए तीन मैचों में भी वह 33, 11, 12 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली वनडे श्रृंखला में तीनों मैचों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सकी थी। उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब देने का उनके पास यह सुनहरा मौका है।

विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की टीम में वापसी हुई है जो परीक्षा के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। वहीं हरलीन देयोल, टिटास साधू और मिन्नू मनी ने भी टीम में वापसी की है। अनुभवी गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद वापसी का मौका नहीं मिला है। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 3.6 की इकॉनॉमी रेट से गेंदबाजी की और वह इस प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली आक्रामक तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने को बेताब होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने मार्च के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है जब उसने ढाका में बांग्लादेश को तीनों मैचों में हराकर श्रृंखला जीती थी। पहली बार पूरी श्रृंखला के लिए टीम की कमान संभाल रही मैकग्रा ने कहा, 'यह पहली बार है जब मैं कप्तान के रूप में एक पूरी श्रृंखला खेलूंगी। इससे पहले मैंने किसी श्रृंखला या टूर्नामेंट के कुछ मैचों में इस भूमिका को निभाई है। मैं अपने तरीके से चीजों को चलना चाहूंगी।

आस्ट्रेलिया ने पिछली बार जनवरी में मुंबई में खेली गई श्रृंखला में तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया था। सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड ने उस श्रृंखला में एक शतक समेत 260 रन बनाए थे। वहीं अनुभवी एलिसे पैरी 4000 वनडे रन पूरे करने से सिर्फ 42 रन दूर है। ब्रिसबेन में मौसम गर्म और उमसभरा रहने की उम्मीद है और बारिश की भी संभावना है। दूसरा मैच आठ दिसंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा जबकि आखिरी मैच पर्थ में ग्यारह दिसंबर को होगा।

### टीमें

**भारत** – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, हरलीन देयोल, रिचा घोष, तेजल हसाबनिस, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, प्रिया पूनिया, अरूंधति रेड्डी, जेमिमा रौड्रिग्स, टिटास साधू, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकौर, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया** – ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर, डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**समय** – सुबह 08.50 बजे से।

# आखिरी लीग मैच में यूएई को रौंद सेमीफाइनल में भारत

## युद्धजीत ने 3 विकेट झटके, तो वैभव ने 76* और आयुष ने 67* रन की पारी खेली




**शारजाह (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर क्रिकेट टीम अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। उसने अपने आखिरी लीग मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 10 विकेटों के बड़े अंतर से हराया। टीम इंडिया के लिए युद्धजीत ने 3 विकेट झटके, तो वैभव ने 76* और आयुष ने 67* रन की पारी खेली।

भारतीय जूनियर टीम ने भौकाल दिखाते हुए अंडर-19 एशिया कप के आखिरी लीग मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 10 विकेटों के बड़े अंतर से रौंदते हुए न केवल जीत हासिल की, बल्कि उसने सेमीफाइनल में भी जगह बना ली है। टीम इंडिया ने पहले बॉलिंग करते हुए यूएई को 44 ओवरों में 137 रनों पर समेट दिया। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे की विध्वंसक बैटिंग के दम पर 16.1 ओवरों में ही 143 रन बनाते हुए यूएई को 10 विकेट से हरा दिया।

वैभव ने 46 गेंदों में 3 चौके और 6 छक्के के दम पर नाबाद 76 रन की पारी खेली, जबकि प्लेयर ऑफ द मैच आयुष ने 51 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्के उड़ाए। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला 6 दिसंबर को श्रीलंका से है। इससे पहले भारत को पाकिस्तान से हार मिली थी, जबकि उसने जापान को हराया था।

मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी संयुक्त अरब अमीरात की टीम को पहला झटका युद्धजीत गुहा ने दिया। उन्होंने आर्यन सक्सेना को 9 रनों के निजी स्कोर पर बोल्ड किया। इसके बाद तो एक-एक करके उसके बल्लेबाज आते रहे और आउट होकर पवेलियन लोटते रहे। देखते ही देखते उसके 5 विकेट 72 तो 137 रनों पर पूरी टीम ढेर हो गई।

उसके लिए सबसे अधिक अयान खान ने 35 रनों की पारी खेली, जबकि भारत के लिए युद्धजीत ने 3 विकेट लिए। चेतन शर्मा और हार्दिक राज के नाम 2-2 विकेट रहे। इस तरह से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को 138 रनों का आसान लक्ष्य मिला।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 16.1 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। यूएई के गेंदबाज एक भी विकेट नहीं झटक सके। आयुष ने शुरुआत संभलकर की तो शुरुआती दो मैचों में फेल रहने वाले बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी ने आक्रामक तेवर दिखाए। दोनों ने हाफ सेंचुरी जड़ी और भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।



## लंदन में पढ़ी सारा तेंदुलकर को बनाया डायरेक्टर

### सचिन तेंदुलकर ने खुद किया बेटी की सफलता का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट के विश्व लेवल पर अघोषित ब्रांड एम्बेसडर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर अब नई भूमिका में नजर आएंगी। उन्हें सीधे सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन में डायरेक्टर बनाया गया है। लंदन में पढ़ाई कर चुकी सारा को लेकर पहले खबरें आई थीं कि वह मॉडलिंग और एक्टिंग करेंगी, लेकिन बाद में सचिन ने साफ कर दिया था कि बेटी ऐसा कुछ नहीं करने जा रही। अब उन्होंने खुद ऐलान किया है कि समाज में संघर्ष कर रहे बच्चों को खेल, शिक्षा और स्वास्थ्य में आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगी। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले महान सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा- मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा तेंदुलकर एसटीएफ इंडिया (सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन, इंडिया) में डायरेक्टर के रूप में शामिल हो गई हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल और पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने साथ ही बेटी सारा का एक लक्ष्य भी बताया। उन्होंने लिखा- जब वह खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने की इस यात्रा पर निकल पड़ीं तो यह इस बात की याद दिलाता है कि ग्लोबल लर्निंग कैसे हर किसी को मिल सकती है। बता दें कि सारा तेंदुलकर मां अंजलि और पिता सचिन के साथ अक्सर फाउंडेशन के लिए काम करती दिखाई देती हैं। वह मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कई दौरों पर भी जाती रहती हैं, जहां फाउंडेशन काम कर रहा है। यहां बताना जरूरी है कि सचिन तेंदुलकर एक बार की घटना बताते हुए भावुक हो गए थे कि किस तरह सारा को समाज सेवा से प्यार है और इसकी झलक उन्हें बचपन में ही दिख गई थी।

# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीकी टीम की घोषणा, हेनरिक क्लासेन को मिली कप्तानी




**जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 10 दिसंबर से पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे जबकि नियमित कप्तान एडेन मार्कराम श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में व्यस्त हैं। मार्कराम के अलावा, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और ट्रिस्टन स्टब्स भी टी20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वे भी मौजूदा टेस्ट सीरीज में शामिल हैं।

मुख्य खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टी20 टीम में काफी दमदार खिलाड़ी हैं, जिसमें आईसीसी के अनुसार एनरिक नॉर्टजे और तबरेज शम्सी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के बाद पहली बार वापसी कर रहे हैं। ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे भी तीन साल के अंतराल के बाद टी20आई टीम में वापस आ गए हैं, उन्होंने आखिरी बार 2021 में खेला था। लिंडे छ्र्र झ20 चैलेंज के दौरान बेहतरीन फॉर्म में थे, उन्होंने 178.12 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए और 18.33 की शानदार औसत से नौ विकेट लिए।

आईसीसी के हवाले से दक्षिण अफ्रीका के व्हाइट-बॉल हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, सभी 15 खिलाड़ी कैप्ड हैं, और हम समूह के भीतर अनुभव का निर्माण करना चाहते हैं क्योंकि हम एक इकाई के रूप में आगे बढ़ना जारी रखते हैं। एडेन की अनुपस्थिति में हेनरिक टीम का नेतृत्व करेंगे। वह एक बहुत अनुभवी खिलाड़ी है जो खेल को अच्छी तरह समझता है और पढ़ता है। हम 2021 में उनके पिछले अनुभवों के बाद उन्हें इस भूमिका में उपयोग करने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, हमने जॉर्ज को फिर से मौका दिया है। उन्होंने वास्तव में एक मजबूत घरेलू अभियान के दम पर अपनी जगह बनाई है और स्पिनिंग ऑलराउंडर के रूप में उनके कौशल ने टीम में महत्वपूर्ण संतुलन जोड़ा है। हमें एनरिक और तबरेज को टीम में वापस पाकर खुशी हो रही है। उनके अनुभव और कौशल की भरमार हमारी गेंदबाजी इकाई को काफी मजबूत करती है जिससे हमारी गति और स्पिन दोनों विभाग बेहतर होते हैं, जो एक मजबूत पाकिस्तान टीम के खिलाफ महत्वपूर्ण होगा।

### पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम

हेनरिक क्लासेन (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, डोनोवन फेरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, एंडिले सिमेलाने और रस्सी वैन डेर डुसेन।

### टी20 सीरीज का कार्यक्रम

पहला टी20, 10 दिसंबर, डरबन
दूसरा टी20, 13 दिसंबर, सेंचुरियन
तीसरा टी20 मैच, 14 दिसंबर, जोहान्सबर्ग।

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप

# 15 मैच बाकी, अभी तक एक भी टीम फाइनल में नहीं, कड़ी है चुनौती



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं।इन दिनों ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड, श्रीलंकाई बनाम साउथ अफ्रीका सीरीज चल रही हैं। इन सभी टीमों के मैचों के नतीजे डब्ल्यूटीसी अंक तालिका पर असर डाल रहे हैं। मौजूदा साइकल में अभी 15 टेस्ट बाकी हैं और कोई भी टीम फाइनल में नहीं पहुंची है। रविवार को समाप्त हुए इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट तक के अंकों के आधार पर अंतिम दो स्थानों के लिए अभी भी 6 टीमें रेस में बनी हुई हैं। हालांकि टूर्नामेंट के दौरान अंकों पर टीमों की संभावना को नुकसान भी पहुंचा सकती है। चैम्पियनशिप की शुरुआत टीमों के साथ हुई थी, जिनमें से बांग्लादेश, विंडीज और इंग्लैंड बाहर हो चुके हैं। इन दिनों विंडीज और बांग्लादेश के बीच आपसी श्रृंखला खेली जा रही है, लेकिन उसके नतीजे का असर वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की अंक तालिका पर नहीं पड़ेगा।

**भारत 61.11 प्रतिशत** – ऑस्ट्रेलिया से तीन मैच जीतकर टीम इंडिया का जीत प्रतिशत 62.28 हो जाएगा और सिर्फ साउथ अफ्रीका आगे निकलने की स्थिति में रहेगा। यदि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारती भी है, तो भी लगातार तीसरे फाइनल का मौका बन सकता है। इसके लिए उसे न्यूजीलैंड-इंग्लैंड, अफ्रीका-श्रीलंका और अफ्रीका-पाक सीरीज 1-1 से ड्रॉ होनी चाहिए तथा दुआ करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका के बीच दो मैचों की सीरीज 0-0 पर खत्म हो।

**अफ्रीका 59.26प्रतिशत** – श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज के पहले मैच में मिली जीत से अफ्रीका ने फाइनल की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। अफ्रीकी टीम के तीन मैच बचे हैं। इन सभी को जीतकर टीम निश्चित रूप से फाइनल में होगी। वहीं अफ्रीकी टीम अगर एक मैच भी हार जाती है तो 61.11त्न अंक तक पहुंच सकेगी और फाइनल के लिए अन्य टीमों पर निर्भर हो जाएगी। इतने अंकों पर ऑस्ट्रेलिया, भारत और श्रीलंका के पास उससे आगे निकलने का मौका रहेगा।

**ऑस्ट्रेलिया 57.69प्रतिशत** – ऑस्ट्रेलिया को अपने दम पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे 6 मैचों में कम से कम 4 जीत और 1 ड्रॉ चाहिए। ऐसा होने पर सिर्फ साउथ अफ्रीका उससे आगे जा सकता है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया अगर भारत के खिलाफ 2-3 से हारता भी है, तो श्रीलंका को 2-0 से स्वीप कर फाइनल में पहुंच सकता है। इस स्थिति में ऑस्ट्रेलिया भारत के 58.77 अंक से आगे 60.53 पर फिनिश करेगा। यहां से सिर्फ साउथ अफ्रीका उसे पछाड़ सकेगा।

**न्यूजीलैंड 47.92प्रतिशत** – इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की घरेलू सीरीज के पहले मैच में हार से कीवी टीम को झटका लगा है और बचे दो मैच जीतकर भी वह 55.36 अंक तक पहुंच सकती है। उसे कई परिणामों पर निर्भर रहना होगा। भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज व अफ्रीका-श्रीलंका की मौजूदा और आगामी सीरीज ड्रॉ रहने पर ही चांस बनेगा।

**श्रीलंका 50प्रतिशत** – श्रीलंका भी दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थिति में है। उसके तीन मैच बचे हैं और ये सभी जीतकर टीम 61.54त्न अंकों के साथ फाइनल में पहुंच सकती है। इस स्टेज पर भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक ही उससे आगे निकलने की स्थिति में होगा। वहीं एक मैच भी हारे तो चार अन्य टीम आगे निकल सकेंगी।

**पाकिस्तान 33.33प्रतिशत** – पकिस्तान बच्चे सभी 4 मैच जीत लेता है तो 52.28प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इसके बाद टीम फाइनल में पहुंच सकती है अगर- श्रीलंकाई टीम अफ्रीका से 0-1 से हारे और ऑस्ट्रेलिया से 1-1 से ड्रॉ खेले। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत से 2-1 से जीते और न्यूजीलैंड टीम इंग्लैंड से 1-2 से हारे। ऐसे में पाक टीम दूसरे स्थान पर रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ढाका में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने खालिदा जिया से की मुलाकात

ढाका। पाकिस्तान के उच्चायुक्त सैयद अहमद मारूफ ने मंगलवार रात बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया से उनके गुलशन स्थित आवास पर मुलाकात की। उनके साथ उनकी पत्नी भी मौजूद थीं। यह मुलाकात रात 8:30 बजे शुरू हुई और लगभग डेढ़ घंटे तक चली। इस दौरान बीएनपी के स्थायी समिति सदस्य प्रोफेसर डॉ. एजेएम जाहिद हुसैन और संगठन सचिव शमा ओबैद भी उपस्थित थे। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य शैरुल कबीर खान ने जानकारी दी कि उच्चायुक्त रात 8:30 बजे खालिदा जिया के आवास पहुंचे और रात 10 बजे वहां से रवाना हुए। बैठक के बाद प्रोफेसर डॉ. एजेएम जाहिद हुसैन ने संवाददाताओं को बताया कि उच्चायुक्त ने बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बांग्लादेश की स्थापना में जियाउर रहमान के योगदान को रेखांकित किया और बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान के संबंधों को नए स्तर पर ले जाने की इच्छा व्यक्त की। उच्चायुक्त ने खालिदा जिया के स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और पाकिस्तान के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की ओर से शुभकामनाएं दीं। खालिदा जिया ने भी उनके संदेशों का आभार व्यक्त किया और अपनी शुभकामनाएं भेजीं। उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में खालिदा जिया से कई विदेशी राजनयिक मुलाकात कर चुके हैं। अगस्त में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना सरकार के पतन के अगले ही दिन खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया था।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में घर से पांच शव बरामद

बहावलपुर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर शहर के मॉडल एवेन्यू इलाके में एक घर से पति, पत्नी और उनके तीन बेटों के शव मिले हैं। काशिफ बलूच और उसके परिवार के सदस्यों ने आत्महत्या की है, या इन सबकी हत्या की गई है, पुलिस इसका पता लगाने के लिए जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि स्थिति स्पष्ट करने के लिए कमरे में मिली पिस्टल की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। एआरवाई न्यूज चैनल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह घटना मंगलवार की है। परिवार की सबसे छोटी बेटी बेहोश मिली है। उसे चिकित्सा देखभाल के लिए अस्पताल ले जाया गया है। बलूच के भाई ने कहा कि उसे विश्वास नहीं हो रहा है कि उनका बड़ा भाई आत्महत्या कर लेगा। पुलिस का कहना है कि मौके पर मिले खून के धब्बों से रहस्य गहरा गया है। मौके पर मिले साक्ष्य जांच का रुख हत्याकांड की तरफ मोड़ रहे हैं। इस घटना से कुछ देर पहले लासबेला ब्रिज के पास दो प्लास्टिक बैग में मानव अवशेष मिले थे। पुलिस इस केस की जांच में जुटी थी कि उसे एक घर में पांच शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस का कहना है कि बैग में मानव अवशेष मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। अवशेष से शरीर का सिर गायब है।

### भारत को प्रयोगशाला बताने पर घिरे गेट्स, हो रही चौतरफा बयानबाजी

वाशिंगटन। माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। विशेष कर भारतीय टिप्पणीकार उन पर भड़के हुए हैं। हाल ही में इंटरनेट उद्यमी, पूंजीपति और पॉडकास्टर रीड हॉफमैन के पॉडकास्ट में प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज गेट्स ने यह कहकर चौंका दिया था कि ह्यभारत कुछ भी आजमाने के लिए प्रयोगशालाह्व है। अपनी टिप्पणियों से गेट्स का इरादा दरअसल वैश्विक विकास यात्रा में भारत की भूमिका को रेखांकित करना था, लेकिन इन्होंने सोशल मीडिया पर बवंडर खड़ा कर दिया और लोगों ने उन्हें शब्दों के चयन को लेकर आड़े हाथ लिया। पॉडकास्ट के दौरान बिल गेट्स ने कहा, ह्यभारत एक ऐसा उदाहरण है, जहां कई चीजें बहुत मुश्किल होती हैं। स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हो रहा है।

### नेपाली सेना प्रमुख जनरल सिग्देल 11 दिसंबर से भारत के चार दिवसीय दौरे पर

काठमांडू। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के निमंत्रण पर नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल अशोक राज सिग्देल 11 दिसंबर को चार दिवसीय भारत यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के दौरान जनरल सिग्देल को भारतीय सेना के जनरल के मानद रैंक से सम्मानित किया जाएगा, जो दोनों देशों के बीच एक पुरानी परंपरा है। नेपाल के रक्षा मंत्रालय ने प्रधान सेनापति जनरल सिग्देल के भारत भ्रमण के निमंत्रण को औपचारिक स्वीकृति के लिए कैबिनेट में भेज दिया है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के चीन भ्रमण से लौटने के बाद होने वाली कैबिनेट बैठक से इस यात्रा को औपचारिक स्वीकृति दी जाएगी।

# दक्षिण कोरिया में 6 घंटे तक रहा मार्शल लॉ, मुख्य विपक्षी पार्टी ने उठाई मांग- इस्तीफा दें राष्ट्रपति यून

प्रात: किरण/ एजेंसी





सोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने मंगलवार को देर रात टेलीविजन संबोधन में देश में मार्शल लॉ घोषित कर दिया लेकिन संसद ने सैनिकों के विधानमंडल में घुसने के बावजूद सर्वसम्मति से इस निर्णय को रद्द करने के लिए मतदान किया। योनहाप समाचार एजेंसी (वाईएनए) ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा मार्शल लॉ की घोषणा के साथ गठित सैन्य कमान ने एक आदेश जारी कर सभी राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया जिसमें नेशनल असेंबली (संसद) से संबंधित गतिविधियां भी शामिल हैं साथ ही राजनीतिक दलों द्वारा विरोध प्रदर्शन और गतिविधियां भी शामिल हैं। यह आदेश सेना प्रमुख जनरल पार्क अन-सू द्वारा जारी किया गया। उन्हें कमान का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया है। श्री पार्क ने कहा, नेशनल असेंबली, क्षेत्रीय विधानसभाओं, राजनीतिक दलों, राजनीतिक संगठनों के गठन, रैलियों और विरोध प्रदर्शनों से संबंधित सभी राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वाईएनए की रिपोर्ट के अनुसार देश के रक्षा मंत्रालय ने प्रमुख कमांडरों की बैठक का आदेश दिया है और सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया है। श्री यून ने टेलीविजन संबोधन में कहा, मार्शल लॉ का उद्देश्य उत्तर कोरिया समर्थक ताकतों को खत्म करना और स्वतंत्रता के संवैधानिक आदेश की रक्षा करना है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा संसदीय बजट समिति में कम बजट वाले बिल को आगे बढ़ाने और राज्य के लेखा परीक्षक और मुख्य अभियोजक के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद यह निर्णय लिया गया। श्री यून ने यह नहीं बताया कि क्या विशिष्ट उपाय किए जाएंगे। उन्होंने संसद में डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शीर्ष अभियोजकों पर महाभियोग चलाने और बजट प्रस्ताव को अस्वीकार करने के प्रस्ताव का हवाला दिया। उन्होंने विपक्ष की कार्रवाइयों को विद्रोह भड़काने के उद्देश्य से स्पष्ट रूप से राज्य विरोधी व्यवहार करार दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि इन कृत्यों ने ह्यराज्य के मामलों को पंगु बना दिया है और नेशनल असेंबली को अपराधियों का अड्डा बना दिया है। उन्होंने मार्शल लॉ को इन बेशर्म उत्तर समर्थक राज्य विरोधी ताकतों को खत्म करने के लिए एक आवश्यक उपाय बताया और लोगों की स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करने, देश की स्थिरता सुनिश्चित करने और भविष्य की पीढ़ियों को एक स्थिर राष्ट्र सौंपने के लिए आवश्यक बताया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार श्री यून की घोषणा के कुछ घंटों बाद सांसदों ने राष्ट्रपति के कदम को रोकने के लिए मतदान किया। सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष दोनों ने घोषणा को बाधित करने की कसम खाई थी जबकि सेना संसद भवन में घुस गई थी जबकि कुछ सैन्य वाहन बाहर खड़े थे।

संसद के 300 सदस्यों में से 190 मौजूद थे और सभी 190 सदस्यों ने मार्शल लॉ हटाने की मांग करने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। संसदीय अध्यक्ष के कार्यालय के अनुसार प्रस्ताव के पारित होने के साथ ही मार्शल लॉ की घोषणा अमान्य हो गई है।संविधान के अनुसार संसदीय बहुमत द्वारा मांग किए जाने पर मार्शल लॉ को हटाया जाना चाहिए। संसद के मुख्य द्वार पर सेना और पुलिस का सामना कर लोग सदन द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने की खबर फैलते ही खुशी से झूम उठे और जश्न मनाने लगे। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के प्रमुख हान डोंग-हून ने राष्ट्रपति की मार्शल लॉ की घोषणा को गलत बताया और कहा कि वह लोगों के साथ मिलकर इसे रोकेंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी ने श्री यून की घोषणा को असंवैधानिक, जनविरोधी करार दिया।

## अमेरिका महसूस कर रहा है राहत

# दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ हटने पर व्हाइट हाउस ने दी अपनी प्रतिक्रिया

**योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम राहत महसूस कर रहे हैं कि राष्ट्रपति यून ने मार्शल लॉ की अपनी चिंताजनक घोषणा पर अपना रुख बदला है और इसे समाप्त करने के लिए दक्षिण कोरियाई राष्ट्रीय असेंबली के वोट का सम्मान किया है।अधिकारी ने कहा, लोकतंत्र अमेरिका-दक्षिण कोरिया गठबंधन का आधार है और हम स्थिति पर नजर रखना जारी रखेंगे। मार्शल लॉ हटाए जाने से पहले, प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका गंभीर रूप से चिंतित है। जबकि उन्होंने यह भी कहा कि वाशिंगटन को यून की आपातकालीन घोषणा के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था।**

प्रात: किरण/ एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका ने दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ हटने के बाद राहत की सांस ली है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन इस बात से राहत महसूस कर रहा है कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने मार्शल लॉ संबंधी घोषणा पर अपना रुख बदला है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम राहत महसूस कर रहे हैं कि राष्ट्रपति यून ने मार्शल लॉ की अपनी चिंताजनक घोषणा पर अपना रुख बदला है और इसे समाप्त करने के लिए दक्षिण कोरियाई राष्ट्रीय असेंबली के वोट का सम्मान किया है।अधिकारी ने कहा, लोकतंत्र अमेरिका-दक्षिण कोरिया गठबंधन का आधार है और हम स्थिति पर नजर रखना जारी रखेंगे। मार्शल लॉ हटाए जाने से पहले, प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका ह्यगंभीर रूप से चिंतित है। जबकि उन्होंने यह भी कहा कि वाशिंगटन को यून की आपातकालीन घोषणा के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था। बता दें राष्ट्रपति यून सुक-योल ने देश में मंगलवार रात मॉर्शल लॉ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बुधवार सुबह उन्हें अपना फैसला पलटना पड़ा। मार्शल लॉ करीब छह घंटे तक लागू रहा। राष्ट्रपति यून ने एक टीवी संबोधन में मार्शल लॉ लागू करने की वजहों को जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश की उदारवादी संवैधानिक व्यवस्था को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्शल लॉ की उनकी घोषणा का उद्देश्य राज्य विरोधी ताकतों को खत्म करना है। उन्होंने विपक्ष पर सार्वजनिक अधिकारियों के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाकर सरकार को पंगु करने और प्रस्तावित राष्ट्रीय बजट को कम करने का आरोप लगाया।यून की मार्शल लॉ की घोषणा का न सिर्फ विपक्षी पार्टियों ने बल्कि उनकी अपनी सत्ताधारी दल पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) ने भी विरोध किया।पीपीपी अध्यक्ष हान दोंग-हून ने ने राष्ट्रपति यून सूक योल से अपील की कि वे अपने उस फैसले की व्याख्या करें, जिसमें उन्होंने आपातकालीन मार्शल लॉ घोषित किया था।हान ने नेशनल असेंबली में कहा, राष्ट्रपति यून को इस विनाशकारी स्थिति के बारे में सीधे तौर पर बताना चाहिए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी जवाबदेही देनी चाहिए, जिसमें मार्शल लॉ का प्रस्ताव देने वाले रक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त करना भी शामिल है। मीडिया रिपोट्स के मुताबिक राष्ट्रपति यून सुक-योल पीपुल्स पावर की लोकप्रियता रेटिंग लगातार कम हो रही है। उनकी पत्नी भी कुछ कथित घोटालों और विवादों से जुड़ी रही हैं।

# बीआरआई पर चीन ने नेपाल के प्रस्ताव को किया खारिज

**प्रधानमंत्री का चीन भ्रमण पूरी तरीके से बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर और पोखरा विमानस्थल के निर्माण में लिए गए ऋण की माफी पर टिकी हुई थी। लेकिन दोनों में से एक पर भी चीन के राजी नहीं होने से फिलहाल मामला लटक गया है। नेपाल की मीडिया में इसे प्रधानमंत्री ओली और विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा की कूटनीतिक विफलता बताया जा रहा है।**



प्रात: किरण/ एजेंसी

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के चीन भ्रमण के बाद दोनों देशों ने एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इस वक्तव्य में बहुचर्चित बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव फ्रेमवर्क एग्रीमेंट को यथाशीघ्र करने की बात लिखी गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रधानमंत्री ओली के इस भ्रमण में बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना तत्काल के लिए समाप्त हो गई है।

प्रधानमंत्री का चीन भ्रमण पूरी तरीके से बीआरआई के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर और पोखरा विमानस्थल के निर्माण में लिए गए ऋण की माफी पर टिकी हुई थी। लेकिन दोनों में से एक पर भी चीन के राजी नहीं होने से फिलहाल मामला लटक गया है। नेपाल की मीडिया में इसे प्रधानमंत्री ओली और विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा की कूटनीतिक विफलता बताया जा रहा है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात और प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान तो इन मुद्दों की कोई चर्चा नहीं हुई। इन दोनों ही मुलाकातों के बाद दोनों पक्ष के तरफ से जारी अलग-अलग बयान में कहीं भी बीआरआई और पोखरा एयरपोर्ट को लेकर कोई भी जिक्र नहीं किया गया है। मंगलवार को देर रात दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के तरफ से जारी संयुक्त वकतव्य में बीआरआई के फ्रेमवर्क पर प्रतिबद्धता जताते हुए यथाशीघ्र हस्ताक्षर करने की बात कही गई है। इसके अलावा नेपाल के तरफ से प्रस्तावित अन्य परियोजनाओं को भी संयुक्त वकतव्य में स्थान तो दिया गया है लेकिन उनके एक भी नया कुछ नहीं है। जिन परियोजनाओं का जिक्र संयुक्त वकतव्य में रखा गया है वो 2017 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेपाल दौरे के समय भी रखा गया था। चीन के तरफ से नेपाल को 9 अरब रुपये का अनुदान देने की घोषणा फिर से की है। लेकिन नेपाल में यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के नेपाल भ्रमण के दौरान घोषणा किए गए 56 अरब रुपये का अब तक कोई खोज खबर नहीं है। ऐसे में एक बार फिर से घोषणा किए गए 9 अरब रुपये की घोषणा के कोई मायने नहीं है।

# गाजा युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता कोशिशें क्यों हैं स्थगित? कतर ने बताई वजह

प्रात: किरण/ एजेंसी

दोहा। कतर ने कहा कि हमास और इजरायल के बीच युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता के प्रयास फिलहाल स्थगित रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद बिन मोहम्मद अल अंसारी ने यह जानकारी दी। अंसारी ने मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, कतर ने दोनों पक्षों के वार्ता की मेज पर लौटने के लिए गंभीरता दिखाने तक मध्यस्थता प्रयासों को स्थगित रखा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अंसारी ने कहा कि निलंबन ह्यकेवल मध्यस्थता प्रक्रिया पर ही लागू होता है, जबकि क्षेत्रीय संचार और सहयोग निरंतर जारी है। मध्यस्थता के निलंबन के बावजूद, अल अंसारी ने गाजा के लिए तनाव कम करने और मानवीय सहायता के लिए कतर की निरंतर प्रतिबद्धता जोर दिया। उन्होंने कहा, अधिकारी अपने समकक्षों के साथ दैनिक संचार में लगे हुए हैंगाजा में जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाने और लेबनान में चल रहे तनाव कम करने में सहायता करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इजरायल-हमास युद्ध को शुरू हुए एक साल से भी अधिक समय हो चुका है।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले के बीच अमेरिका ने मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान का आह्वान किया

वाशिंगटन,एजेंसी। अमेरिका ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमलों के बीच धार्मिक और आधारभूत मानवाधिकारों सहित मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान का आह्वान किया।बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत लगातार चिंता व्यक्त कर रहा है। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने संवाददाताओं से कहा, हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि मौलिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए।पटेल ने कहा, सरकारों को कानून के शासन का सम्मान करने की आवश्यकता है, उन्हें आधारभूत मानवाधिकारों का सम्मान करने की आवश्यकता है। हम इस बात पर हमेशा जोर देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का विरोध शांतिपूर्ण होना चाहिए।पटेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम इस बात पर बल देते हैं कि हिरासत में लिए गए लोगों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए और उनसे अधारभूत मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के अनुरूप व्यवहार किया जाना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी सांसद ब्रैड शरमन ने एक बयान में कहा, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का यह पूर्ण दायित्व है कि वह हिंदू अल्पसंख्यकों की रक्षा करे और हाल में हुए हमलों तथा उत्पीड़न के कारण हजारों अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरोध प्रदर्शनों का सार्थक रूप से समाधान करे।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129